


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 जहां 10,000 आबादी, वहां जाकर पीएम ले रहे समान

कतर में अमेरिकी बेस पर गिरी थी ईरान की मिसाइल : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय...... 12



वर्ष : 13 | अंक : 93 | पटना, रविवार, 13 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# नासा की घोषणा : एक्सियम मिशन-4 के प्रस्थान और पृथ्वी पर वापसी का होगा सीधा प्रसारण

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। नासा ने घोषणा की है कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से एक्सियम मिशन-4 के प्रस्थान और पृथ्वी पर वापसी का सीधा प्रसारण करेगा। यह मिशन एक निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन है, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला समेत 4 अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। प्रस्थान 14 जुलाई, सोमवार को सुबह 7:05 बजे (ईस्टर्न डेलाइट टाइम) अंतरिक्ष स्टेशन के हॉर्मनी मॉड्यूल के स्पेस-फेसिंग पोर्ट से स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए होने की संभावना है। पृथ्वी वापसी के बाद यह यान कैलिफोर्निया तट के पास सागर में लैंड करेगा।

नासा की कवरेज सुबह 4:30 बजे हैच क्लोजिंग के साथ शुरू होगी और इसे नासा+ सहित कई सोशल मीडिया और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर देखा जा सकेगा। 4:55 बजे चालक दल ड्रैगन यान में प्रवेश करेगा और हैच बंद की जाएगी। इसके बाद 6:45 बजे अंडॉकिंग कवरेज शुरू होगी और 7:05 बजे यान अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होगा। प्रसारण यान के अलग होने के 30 मिनट बाद तक जारी रहेगी, जिसके बाद एक्सिओम स्पेस अपने प्लेटफॉर्म पर ड्रैगन की पृथ्वी वापसी और स्प्लैशडाउन का प्रसारण करेगा। इस मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्रियों में पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पेगी व्हिटसन, इसरो के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, पोलैंड के ईएसए (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी) प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावोस उजनांस्की-विसनेव्स्की और हंगरी के हुनोर अंतरिक्ष कार्यक्रम से टिबोर कपू शामिल हैं। ये सभी अंतरिक्ष यात्री



अंतरिक्ष में करीब दो सप्ताह बिता चुके हैं और अब यह मिशन अपनी समाप्ति की ओर है। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए अंतरिक्ष से 580 पाउंड से अधिक वजन का वैज्ञानिक उपकरण और डेटा वापस लाया जाएगा, जिसमें नासा के हार्डवेयर के अलावा 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों से जुड़े डेटा शामिल हैं। इस मिशन की एक बड़ी विशेषता यह है कि यह नासा और इसरो के बीच सहयोग का हिस्सा है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई उस घोषणा का क्रियान्वयन है जिसमें यह वादा किया गया था कि एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक भेजा जाएगा। इस अभियान के तहत दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों ने पांच संयुक्त वैज्ञानिक प्रयोग और दो इन-ऑर्बिट एसटीईएम (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित) प्रदर्शन किए हैं। इसके साथ ही, एक्सियम मिशन-4 ने पोलैंड और हंगरी के पहले अंतरिक्ष यात्रियों को भी आईएसएस पर भेजने का रिकॉर्ड बनाया है, जिससे यह मिशन वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग का एक ऐतिहासिक उदाहरण बन गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नहर में गिरी कार, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

पटना। बिहार के पटना के रानी तालाब इलाके में शनिवार को एक बेकाबू कार नहर में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा रानी तालाब थाने के सरैया गांव में हुआ, जहां एक बेकाबू कार सोन नहर में गिर गई। कार में पांच लोग सवाल थे, जिसमें से तीन लोगों की मौत हो गई। रानी तालाब थाना के अधिकारी ने बताया कि रैया गांव के पास एक वाहन के नहर में गिर जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गांव वालों की मदद से सभी पांच लोगों को नहर से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो घायल लोगों का इलाज अभी अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान निर्मला देवी, नीतू सिंह और अस्तित्व सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, वैशाली जिले के नंदन सिंह अपने परिवार के साथ कार से छत्तीसगढ़ से अपने गांव वापस लौट रहे थे। माना जा रहा है कि ड्राइव करते समय नंदन सिंह को नींद आ गई, जिससे कार का नियंत्रण खो गया और कार नहर में गिर गई। इस हादसे में नंदन सिंह की मां, पत्नी और बेटे की मौत हो गई, जबकि नंदन सिंह और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हैं।

# पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

## निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सरकार का जोर: मोदी



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा, आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है। उन्होंने कहा, भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एक नई स्कीम रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। लोकतंत्र और युवा आबादी को भारत की असीमित शक्ति बताते हुए श्री मोदी ने कहा, आज 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। अब ये नौजवान...राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं ।आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियाँ हैं। एक डेमोग्राफी, दूसरी डेमोक्रेसी। यानि सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और अनुसंधान का एक सिस्टम मिलकर युवाओं का सशक्तिकरण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्टार्ट अप्स, इनोवेशन और रिसर्च का जो इकोसिस्टम आज देश में बन रहा है... वो देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत को सबसे अधिक समानता वाले देश की श्रेणी में रखा गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है... बीते दशक में भारत के 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को वेलफेयर स्कीम्स के दायरे में लाया गया है ।आज वर्ल्ड बैंक जैसी बड़ी वैश्विक संस्थाएं भारत की प्रशंसा कर रही हैं। भारत को दुनिया के सबसे अधिक समानता वाले शीर्ष के देशों में रखा जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि है इस तरह के रोजगार मेले युवा शक्ति को सशक्त बनाने तथा विकसित भारत का माध्यम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं ।

मुख्यमंत्री ने आपदा मोचन बल मुख्यालय और बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का किया निरीक्षण

# बचे हुए निर्माण कार्यों को जल्द करें पूरा : नीतीश



प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहटा में राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय परिसर का निरीक्षण कर निमार्णाधीन भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन के प्रथम तल एवं तृतीय तल का निरीक्षण कर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल पर जाकर मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ मुख्यालय प्रांगण में नवनिर्मित एवं निमाणार्धीन भवनों तथा आसपास के इलाकों का मुआयना कर अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य आपदा मोचन बल के मुख्यालय परिसर में बचे हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाकर इसे जल्द पूर्ण करायें। इस मुख्यालय परिसर तक सुगमतापूर्वक आवागमन हो सके, इसका ख्याल रखें। राज्य आपदा मोचन बल के मुख्यालय परिसर के नवनिर्मित भवनों पर सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित कराएं, इससे बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सभी सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया है और इस दिशा में काम पहले से हो रहा है। इससे पहले भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को राज्य आपदा मोचन बल, मुख्यालय के प्रस्तावित मॉडल के माध्यम से निमाणार्धीन कैंपस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल के मुख्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम, प्रशिक्षण केंद्र, क्वार्टर मास्टर स्टोर, बाढ़ राहत के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासन, जवानों के लिए बैरक, चिकित्सकों के लिए आवासन, खेलखूद की व्यवस्था जैसी हर जरुरी सुविधाएं विकसित की जा रही है। अधिकांश भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ।

## बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क से यातायात होगा सुगम : सीएम

मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह निमार्णाधीन एलिवेटेड पथ फोरलेन होगा, जिसमें चार बाईपास (नेऊरागंज, पैनाल, कन्हौली और विशुनपुरा) होंगे। यह पटना-बक्सर फोरलेन सड़क का अहम हिस्सा है। ज्ञातव्य है कि बिहटा-दानापुर एलिवेटेड परियोजना की लंबाई 25.081 किलोमीटर है जो दानापुर रेलवे स्टेशन से शुरू होकर कोईलवर ब्रिज को संपर्कता प्रदान करेगी। इस परियोजना की लागत 1969.39 करोड़ रुपये है, जिसका निर्माण सीईगल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना की प्रारंभ तिथि 11 मार्च 2024 है, जबकि समापन तिथि 06 सितबर 2026 निर्धारित की गयी है। बिहटा दानापुर एलिवेटेड परियोजना का पहला पड़ाव निर्धारित समय से 2 महीने पहले ही पूर्ण हो चुका है और वर्तमान प्रगति 30.07 प्रतिशत है। इस फोरलेन एलिवेटेड पथ में कुल 387 पिलर है, जिनमें से 289 का कार्य प्रगति पर है। इसमें 4 बड़े पुल,10 छोटे पुल, 37 पुलिया और 1अंडरपास है, जिसका कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के पूर्ण होने से कोईलवर से दानापुर तक यातायात सुगम होगा और सुचारु रूप से वाहनों का परिचालन होने से ईंधन तथा समय की भी बचत होगी। यह परियोजना बिहटा हवाई अड्डे को विशेष कनेक्टिविटी प्रदान करेगी,साथ ही पटना की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस अवसर पर विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकलकट्टी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एयर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा, उड़ान के बाद दोनों इंजन हुए थे बंद

- एक पायलट ने पूछा, आपने कट क्यों किया? दूसरे ने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान के इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच टेकऑफ के तीन सेकंड बाद रन से कटऑफ की स्थिति में चले गए, जिसके कारण विमान उड़ान भरने के 34 सेकंड बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शनिवार को विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की शुरूआती जांच रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। एयर इंडिया फ्लाइट 171 के इंजनों को ईंधन आपूर्ति करने वाले दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच एक के बाद एक रन से कटऑफ पोजिशन में चले गए, जिससे दोनों इंजन बंद हो गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर में एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया कि उसने ईंधन बंद क्यों किया, जिसके जवाब में दूसरा पायलट कहता है कि उसने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट के अनुसार, इंजन 1 और 2 के ईंधन स्विच कुछ ही सेकंड में रन स्थिति में आ गए। दोनों इंजनों के ईजीटी बढ़ गए, जो बताता है कि पुनः रिलाइट प्रक्रिया शुरू हो गई। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चलता है कि पायलटों में भ्रम की स्थिति थी। एक पायलट ने पूछा, आपने कट क्यों किया? दूसरे ने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया, जिससे संभवतः गलतफहमी का संकेत मिलता है। इस उड़ान में सह-पायलट क्लाइव कुंदर विमान उड़ा रहे थे, जबकि मुख्य पायलट सुमीत सभरवाल उड़ान की निगरानी कर रहे थे। सभरवाल के पास बोइंग 787 पर करीब 8,600 घंटे का अनुभव था, जबकि कुंदर के पास 1,100 घंटे से अधिक का अनुभव था। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पायलटों को उड़ान से पहले पर्याप्त आराम मिला था। 15 पेज की रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान शुरू होने से लेकर दुर्घटना तक लगभग 30 सेकंड तक चली। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलहाल जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला है जिसके आधार पर बोइंग 787-8 विमान और जीई जेनएक्स-1बी इंजन बनाने वाली कंपनी के लिए कोई चेतावनी जारी करनी पड़े। प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने 2018 में एक विशेष सूचना बुलेटिन (एसएआईबी) जारी किया था, जिसमें ईंधन नियंत्रण स्विच की लॉकिंग सुविधा के अलग होने की संभावना के बारे में चेतावनी दी गई थी। हालांकि, एयर इंडिया ने इसकी जांच नहीं की, क्योंकि यह बुलेटिन केवल सलाहकारी था, न कि अनिवार्य। रिपोर्ट के अनुसार, विमान और इसके इंजनों पर सभी जरूरी हवाई योग्यता निर्देश और अलर्ट सेवा बुलेटिन का पालन किया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि उड़ान के दौरान मौसम से संबंधित कोई समस्या नहीं थी और विमान का टेक-ऑफ वजन निर्धारित सीमाओं के भीतर था। फिलहाल जांच जारी है और जांच टीम हितधारकों से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त साक्ष्य, रिकॉर्ड और जानकारी की समीक्षा करेगी। रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में एयर इंडिया ने कहा, हम इस नुकसान पर शोक व्यक्त करते हैं और इस कठिन समय में सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। एयर इंडिया नियामकों सहित हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# पूर्व जज जस्टिस वर्मा का हटना तय.. महाभियोग प्रस्ताव ला रही सरकार

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए मोदी सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू की है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कई सांसदों से महाभियोग के प्रस्ताव पर दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे साफ हैं कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरुरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही बता चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लगी थी। यहां से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर किया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है। कैश केस की जांच कर रहे सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या सक्रिय कंट्रोल था। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में बताया गया कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए पैनल इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं।

बिहार में बुलेट ट्रेन के सर्वेक्षण का कार्य पूरा, रिपोर्ट सौंपी.........................

# पटना से दिल्ली का सफर 4 घंटे और हावड़ा जाने में लगेंगे मात्र दो घंटे

प्रात: किरण

पटना। बिहार में 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली बुलेट ट्रेन के लिए सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है और रिपोर्ट रेल मंत्रालय को सौंप दी गई है। दिल्ली-हावड़ा (कोलकाता) बुलेट ट्रेन केवल 6.5 घंटे में 1,669 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। पटना से दिल्ली की 1,000 किलोमीटर की यात्रा में वर्तमान 13-14 घंटों की तुलना में मात्र 4 घंटे ही लगेंगे। पटना से कोलकाता की 578 किलोमीटर की यात्रा में 2 घंटे से अधिक समय लगेगा, जिससे वर्तमान 6 घंटे की यात्रा का समय बहुत ही कम हो जाएगा। करीब 5 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना दो चरणों में पूरी होगी। पहला



चरण, दिल्ली से वाराणसी (लखनऊ और अयोध्या के रास्ते) 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है। दूसरा चरण वाराणसी से हावड़ा (पटना के रास्ते) तक है। बिहार में बुलेट ट्रेन मौजूदा पटरियों के साथ-साथ चलेगी। बुलेट ट्रेन बनारस से मुगलसराय, बक्सर, पटना, किऊल, आसनसोल होते हुए हावड़ा जाएगी। पटना बिहार का एकमात्र स्टॉप होगा। इसके बाद अगला स्टॉप पश्चिम बंगाल का आसनसोल होगा। रेलवे ने जानकारी दी है कि बुलेट ट्रेन के लिए बिहार में अलग से कॉरिडोर नहीं बनाया जाएगा। मौजूदा रेल ट्रैक के समानांतर दो और हाई स्पीड ट्रैक बिछाए जाएंगे, जिस पर बुलेट ट्रेन चलेगी। यह ट्रैक पूरी तरह से अलग और विशेष रहेगा। इन ट्रैकों पर सामान्य गाड़ियां नहीं चलेंगी। फिलहाल जमीन अधिग्रहण की योजना नहीं है, लेकिन जरूरत पड़ने पर किसानों से जमीन ली जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बिहार में पहले से ही तीन लाइन गुजर रही हैं। चौथे रूट पर खर्च करना उचित नहीं होगा। जमीन अधिग्रहण और अन्य खर्चों को कम करने के लिए मौजूदा रेल क्षेत्र का विस्तार करते हुए हाई स्पीड ट्रैक बनाए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बिहार में बुलेट ट्रेन का सिर्फ एक स्टॉपेज होगा, जो फुलवारी शरीफ के पास बनेगा। इसके लिए स्पेशल स्टेशन बनाया जाएगा। बुलेट ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को इस अलग स्टेशन पर पहुंचना होगा। पटना से रवाना होने के बाद अगला स्टॉप बंगाल के आसनसोल में होगा। इस प्रोजेक्ट से बिहार से दिल्ली और कोलकाता जाने वाले यात्रियों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी। बुलेट ट्रेन की शुरूआत के बाद पटना से दिल्ली का सफर सिर्फ 4 घंटे और पटना से कोलकाता का सफर 2 घंटे में पूरा होने में लगेगा। रेल मंत्रालय और रेलवे की टीमें इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए काम कर रही हैं।

# एलडीएफ-यूडीएफ ने केरल को राष्ट्र विरोधी ताकतों का पनाहगार बनाया : शाह

प्रात: किरण

तिरुवनंतपुरम/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सत्तारूढ़ माकपा नीत एलडीएफ और विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ पर जमकर हमला बोला। तिरुवनंतपुरम में उन्होंने कहा कि दोनों ने केरल को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बना दिया। पार्टी कार्यकताओं से शाह ने कहा कि केवल भाजपा नीत एनडीए ही राज्य में विकास ला सकता है, न कि एलडीएफ या यूडीएफ। उन्होंने कहा कि मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। विकसित भारत का रास्ता केवल विकसित केरलम से होकर जाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा। शाह ने कहा कि भाजपा के लिए यह सुनिश्चित करना ज्यादा जरूरी है कि उसका राज्य कार्यालय यहां एक मुख्यमंत्री होने से ज्यादा विकसित केरलम का केंद्र बने। उन्होंने पार्टी के विकसित केरलम मिशन का लोगो भी जारी किया। केंद्र ने पीएफआई पर लगाया प्रतिबंध केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केरल सरकार के पास पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने के सभी अधिकार हैं, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जब यह संगठन देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गया तो वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। साथ ही यह सुनिश्चित किया कि इसके शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया जाए। भाजपा विकास के लिए काम कर रही अमित शाह ने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर-आधारित पार्टियां हैं, लेकिन दोनों बीच एक बड़ा अंतर यह है ।

# राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस भव्य आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार के मत्स्य प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस 2025 के अवसर पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग रेणु देवी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने की। इस अवसर पर विभाग के सचिव मनीष कुमार एवं डॉ0 इन्द्रजीत सिंह, कुलपति, बिहार पषु विज्ञान विष्वविद्यालय, पटना भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण श्री अभिषेक रंजन, निदेशक मत्स्य तथा संबोधन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य क्रमषः ललन कुमार, अजीत चैधरी, श्री अरविन्द सिंह, रेणु सिंह एवं राजकुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मत्स्य कृषक, विभागीय अधिकारी, वैज्ञानिक, नीति निमार्ता और अन्य हितधारक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 10 जुलाई को पूरे भारत में राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1957 में उड़ीसा के अंगुल में प्रोफेसर डॉ. हीरालाल चैधरी और उनके सहयोगी डॉ. अलीकुन्ही द्वारा मेजर कार्प प्रजातियों में प्रेरित प्रजनन की ऐतिहासिक सफलता की स्मृति में मनाया जाता है। इस तकनीक को हाइपोफिजेशन कहा जाता है, जो भारतीय मत्स्य पालन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन का प्रतीक बनी। इसी उपलब्धि की याद में प्रतिवर्ष यह दिवस मत्स्यपालकों और मछुआरों के योगदान को सम्मानित करने, जल संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने तथा जागरूकता फैलाने हेतु मनाया जाता है। बिहार में इसे विशेष मछुआरा दिवस के रूप में मनाया जाता है।बिहार राज्य जल संसाधनों से समृद्ध है। यहां 1.25 लाख हेक्टेयर तालाब, 13,804 हेक्टेयर ऑक्स - बो लेक, 9.41 लाख हेक्टेयर आर्द्रभूमि, 56,565 हेक्टेयर जलाशय, 18,154 किलोमीटर लंबी नहरें तथा 3200 किलोमीटर लंबी नदियाँ उपलब्ध हैं, जो मात्स्यिकी विकास की असीम संभावनाएँ प्रदान करती हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में कुल 8.73 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ था, जो 2024-25 में बढ़कर 9.59 लाख मीट्रिक टन हो गया। वर्तमान में बिहार देश में आंतरिक मत्स्य उत्पादन में चैथे स्थान पर है। राज्य से 39.07 हजार टन मछली नेपाल, लुधियाना, अमृतसर, सिल्लीगुड़ी, बनारस, गोरखपुर, राँची आदि शहरों को भेजी जा रही है, जो इसके निर्यात क्षमताओं को दशार्ता है।राज्य सरकार द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र में अब तक 232 मत्स्य बीज हैचरियों की स्थापना की गई है, जिनमें से 167 हैचरियाँ क्रियाशील हैं। वर्ष 2024-25 में 2100 मिलियन मत्स्य बीज उत्पादन के लक्ष्य के विरुद्ध 2044.29 मिलियन बीजों का उत्पादन सफलतापूर्वक किया गया है। मत्स्यपालकों के कौशल विकास के लिए अब तक राज्य में कुल 62,416 मत्स्य कृषकों को विभाग द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिनमें से 16,999 कृषकों को प्ब्।त संस्थानों में और 45,417 को राज्य के अंदर प्रशिक्षित किया गया है।

मत्स्य विकास को और अधिक वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनाने हेतु बिहार सरकार द्वारा बिहार राज्य जलाशय मात्स्यिकी नीति को स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत राज्य के जलाशयों में केज एवं पेन आधारित मत्स्यपालन को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

इस अवसर पर विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य कर रहे पदाधिकारियों एवं उत्कृष्ट मत्स्य कृषक को बेहतर क्रियान्वयन एवं कुशल प्रबंधन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए पदाधिकारियों में श्री प्रमोद भगत, सहायक मत्स्य निदेशक (योजना) एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी शेखपुरा, लखीसराय, समस्तीपुर श्री आशीष कुमार, श्री रंजीत कुमार, मो० नियाजउद्दीन एवं श्री षिवप्रकाष सहनी, सिवान क्रमशः शामिल रहें।

## हज से लौटे तीन अलीग के सम्मान में दुआईयां महफिल का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। एएमयू ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर, पटना द्वारा शनिवार को पटना स्थित नये कार्यालय में एक दुआईया महफि ल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हज से लौटे तीन प्रतिष्ठित अलीग, अलहाज एडवोकेट मोहम्मद नसरुल हुदा खान,अलहाज इंजीनियर जकी अहमद खान और अलहाज एडवोकेट अशहर मुस्तफा के सम्मान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर 25 से अधिक अलीग्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत संबोधन से हुआ और हज यात्रा पर आधारित विचारों से सभी भावविभोर हो उठे। जनाब कसीम रजा साहब (सेक्रेटरी, मुस्लिम हाई स्कूल) ने एएमयूओबीए के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और सर सैयद शिक्षा स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने ऑफिस रिनोवेशन फंड में सहयोग की अपील की।इंजीनियर कमर आलम साहब ने संस्था के वरिष्ठ अलीग्स के योगदान का उल्लेख किया और आगे की योजना साझा की। अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज साहब ने सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। प्रो. रिजवानुल हक, इरफान सफदरी, अशरफ, आजाद कमाल, डॉ. अरशद हक, डॉ. अमजद अली, अली इमाम, एडवोकेट अनवर हुसैन, एडवोकेट सफि यान, एडवोकेट इकबाल, आसिफ नियाजी, इंजीनियर शौकत और सैयद काजमी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। महासचिव मोशीर आलम ने कहा की नया कार्यालय केवल एक भवन नहीं बल्कि हमारी एकता, सेवा और सर सैयद के मिशन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सभी अलीग भाइयों से इस मिशन से जुड़ने की अपील करतेहै।

## बिहार सरकार द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में आदि चित्रगुप्त फाइनेंस लिमिटेड के 2,000 से अधिक सदस्य व उनके परिजन हुए लाभान्वित



पटना । बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के नेतृत्व में जिले के ज्ञान भवन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य मेला में एसीएफएल के निदेशक ऋतुराज सिन्हा के सलाह पर 2,000 से अधिक सदस्य और उनके परिवार शामिल होकर दो दिवसीय शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। एसीएफएल के निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने बिहार सरकार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को इस बेहतरीन पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हम बिहार सरकार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के आभारी हैं जिन्होंने यह स्वास्थ्य मेला आयोजित किया। हमारे एसीएफएल परिवार के सदस्यों को इस शिविर से बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएँ और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधा मिली। यह वास्तव में एक सराहनीय कदम है। हमारे सहयोगियों ने अपने सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं से आने-जाने की व्यवस्था, स्थल पर पंजीकरण में सहायता और पूरी प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने का कार्य किया। वहीं आदि चित्रगुप्त फाइनेंस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्ञान मोहन ने बिहार सरकार को इस पहल हेतु अपना आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है ।

## दानापुर के 5 व खगौल 7 बीएलओ से स्पष्टीकरण कार्यपालक पदाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने मांगी

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत मतदाता पुनरीक्षण कार्य में संतोष जनक कार्य नही करने वाले दानापुर के 5 एवं खगौल के 7 बीएलओ से स्पष्टीकरण कार्यपालक पदाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने मांगी है। इस संबंध में दानापुर के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार व खगौल के कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव ने मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी का पत्र भेजा है। पंकज कुमार ने बताया कि दानापुर के मतदान केन्द्र संख्या 139, 141, 158, 170 व 187 के बीएलओ द्वारा कार्य अपलोड की प्रगति 35 प्रतिशत से कम थी। सभी को संग्रहित प्रपत्र अपलोडिग के लिए बी एफ सी में देने के लिए निर्देशित किये जाने के बावजूद प्रपत्र जमा नहीं किया गया। जो संतोषजनक नही है।

खगौल के कार्यपालक पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ समीक्षा के क्रम में दिये गये प्रतिवेदन के अनुसार प्रगति संतोषजनक नही किया गया है। जिसको देखते हुए मतदान केंद्र संख्या 306, 314, 317, 324, 327, 331, व 335 के बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही पर एसडीएम सख्त, कई कर्मियों पर हुई कार्रवाई

➤ **35 बीएलओ एवं 26 बीएलओ पर्यवेक्षकों का रोका वेतन, छह एईआरओ से स्पष्टीकरण मांगा**

पालीगंज ।पालीगंज विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी पालीगंज सह एसडीएम अमन प्रीत सिंह ने सम्बन्धित सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के प्रतिवेदन की समीक्षा की । इस दौरान एसडीएम ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि 8 जुलाई तक 85% गणना प्रपत्र संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित है ।ऐसे में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई कर्मी काम नहीं कर रहा है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी ।एसडीएम ने कार्य में शिथिलता को लेकर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के 35 बीएलओ एवं 26 बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिन वेतन रोका एवं छह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों को शोकॉज कर अगले दो दिन के अंदर कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया है ।इस दौरान एसडीएम ने पालीगंज विधानसभा के छह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी राजस्व अधिकारी, पालीगंज अंजली रानी, अंचलाधिकारी, पालीगंज श्वेता कुमारी, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, दुल्हिन बाजार अजय कुमार त्रिवेदी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पालीगंज कुमारी देवमनी, पालीगंज कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, पालीगंज महेद्र प्रसाद से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया है`


## प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2025 की तैयारी हेतु बैठक का आयोजन

पटना। आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा। वे आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह एक फिक्स्ड टाईम-फिक्स्ड वेन्यु समारोह है। मुख्य राजकीय समारोह गाँधी मैदान, पटना में होता है। सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल के हिसाब से यह प्रशासन के लिए सर्वोपरि है। स्वतंत्रता दिवस का गरिमामयी ढंग से सफल आयोजन हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पदाधिकारियों को समारोह की बारीकियों को समझाते हुए आयुक्त ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण टीम वर्क है। इसमें एक महीना शेष है। हर एक को अपनी भूमिका के बारे में भली-भाँति अवगत हो जाना एवं उसका सम्यक निर्वहन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समारोह की प्रशासनिक तैयारी तीव्र गति से की जाए। निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य है। मौसम में परिवर्तन यथाः आँधी-तूफान एवं बरसात को ध्यान में रखकर सभी तैयारी की जाए। नियमित पूर्वाभ्यास एवं ब्रीफिंग आवश्यक है।

# सोनामा में होगा सुविधा सम्पन्न कबीर कृष्ण गोशाला : कृष्ण कृपा दास

## जनहित में कबीर मठ की विशेष पहल : बजेश मुनि

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। कबीर पंथी आश्रम मीठापुर में शनिवारीय सत्संग के अवसर पर पधारे बिहम के अनन्य वैष्णव भक्त इस्कॉन पटना के स्थानीय अध्यक्ष कृपा दास जी महाराज। इस अवसर पर अपने सत्संग स्वामी कृष्ण में कृष्ण कृपा दास ने कहा संत कबीर भक्तिकालीन आन्दोलन के महान संत थे। उन्होंने कृष्ण करीमा सब की बात की। संत कबीर की वाणी राम रमैया, केशव है, भजोरे भैया राम कृष्ण गोविन्द। सोनामा कबीर मठ के महंत से लोककल्याणकाती सेवा पर वार्ता के आधार पर घोषणा किया कि दीदारगंज थाना क्षेत्र स्थित सोनामा कबीर मठ के सौजन्य से सोनामा में कबीर कृष्ण बुखिया गोशाला का निर्माण होगा। इस गोशाला में गुजराती नस्ल के 51 गाय होगी। उसका दूध, दही, लस्सी, मक्खन इस्कॉन मन्दिर में आएगा, प्रसाद के रूप में भक्तों को दिया जाएगा। वर्मी कम्पोस्ट से खाद और अगरबत्ती, गोमूत्र उपयोग से संचालित उद्योग को आपूर्ति जैसे कम सम्भव लोक कल्याणकारी कार्य होंगे। इसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा। सोनामा में विकास के एक नये अध्याय की शुरूआत होगी, कबीर कृष्ण गोशाला के रूप में। आश्रम के महंत ब्रजेश मुनि ने कहा - मठ का निदान बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड में सार्वजनिक न्यास के रूप में हुआ है, तो इसका उपयोग भी जनहित कार्यों में होना चाहिए। इस भावना से अनुप्राणित होकर कबीर कृष्ण गोशाला करने की भावना। कहा इसके पहले कबीर मठ की आर्हे संत कबीर महिला वृद्धाश्रम खोलने की जमीन के लिए भी जमीन दी गयी है।

ऐसे कार्य जो समाज के लोगों के हित में, उसके लिए गंभीरतापूर्वक विचार किया। आगे कहा कि कबीर खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैरो। ना काहू से दोस्ती, ना काहु से बैर। इस अवसर पर महिला मंडल की रुबी प्रधान सहित अन्य भजन गाया। इस अवसर पर कबीर परंपरा अनुसार महंत ब्रजेश मुनि ने श्री कृष्ण कृपा दास का चन्दन वन्दन कर चादर से सम्मानित किया। पश्चात आरती और प्रसाद वितरण हुआ।

## विश्व त्वचा स्वास्थ्य दिवस: दुनिया के लिए त्वचा स्वास्थ्य स्वस्थ त्वचा, स्वस्थ शरीर और एक स्वस्थ राष्ट्र




- **वर्ल्ड स्किन डे पर डॉक्टरों ने त्वचा रोग के प्रति जागरूक किया**
- **देश में आठ सौ जगह पर एक साथ स्वास्थ शिविर का आयोजन**
- **बिहार में 35 जगह स्वास्थ शिविर का आयोजन**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना : भारतीय त्वचा रोग विशेषज्ञ, वेनेरियोलॉजिस्ट और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ संघ (कअऊश्छ) 12 जुलाई 2025 को विश्व त्वचा स्वास्थ्य दिवस मना रहा है, जिसका उद्देश्य वैश्विक विषय ळदुनिया के लिए त्वचा स्वास्थ्यळ के अनुरूप लोगों में त्वचा स्वास्थ्य के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाना है।

इसका लक्ष्य यह बताना है कि त्वचा स्वास्थ्य, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक भलाई के लिए अत्यंत आवश्यक है।अध्यक्ष डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि त्वचा संबंधी रोग केवल बाहरी सुंदरता ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, यौन स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता और जीवन की गुणवत्ता को भी गहराई से प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि कअऊश्छ प्रमाणित त्वचा विशेषज्ञ ही त्वचा स्वास्थ्य के सही संरक्षक हैं।वे त्वचा, बाल, नाखून और जननांगों की बीमारियों के लिए प्रशिक्षित डॉक्टर होते हैं जो सही निदान और इलाज कर मरीज की जीवन गुणवत्ता सुधारते हैं।

संघ के सचिव डॉ भूमेश कुमार कटकम ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए स्किन क्रीम की चर्चा करते हुए कहा कि टॉपिकल स्टेरॉयड क्रीम डॉक्टर की सलाह से ही उपयोग करना चाहिए । ये कोई कॉस्मेटिक या फेयरनेस प्रोडक्ट नहीं हैं। इनके दुरुपयोग से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। त्वचा पतली होना (एट्रॉफी), स्ट्रेच मार्क्स (स्ट्राइ), रोजेशिया, मुंहासे पिगमेंट परिवर्तन, ज्यादा बाल आना (हाइपरट्रिकोसिस), पेरिओरल डमेर्टाइटिस घाव भरने में देरी, और फंगल संक्रमण (जैसे टिनिया/दाद) का बढ़ना झ जो आज एक स्किन की बीमारी में महामारी का रूप ले चुका है। इसको लेकर जागरूकता जरूरी है । डॉ अभिषेक झा ने कहा कि स्वस्थ त्वचा का आधार संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और उचित स्किनकेयरस्व-चिकित्सा और बिना रजिस्ट्रेशन वाले कॉस्मेटिक उपायों से बचना चाहिए।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रोजगार मेले के तहत देश भर के 47 शहरों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए

प्रातः किरण संवाददाता




पटना/हाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के 47 शहरों में रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा अन्य विभागों और मंत्रालयों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये । इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी किया ।

यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की माननीय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला, और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

इसी कड़ी में, पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के हाजीपुर, समस्तीपुर, पटना, गयाजी एवं धनबाद में रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया जहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए नवनियुक्त कुल 494 कर्मियों को (हाजीपुर में 48, समस्तीपुर में 71, पटना में 109, गयाजी 123 एवं धनबाद में 143 एवं युवाओं को) नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह, लालगंज के विधायक संजय कुमार सिंह तथा महनार की विधायक वीणा सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महेन्द्रूघाट, पटना में कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार, सतीश चन्द्र दूबे, सांसद डॉ. भीम सिंह, विधायक संजीव चौरसिया विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे।समस्तीपुर मंडल में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री रामनाथ ठाकुर तथा विधान पार्षद तरुण कुमार सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

धनबाद मंडल के रेलवे ऑडिटोरियम में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार डॉ. राज भूषण चौधरी मुख्य अथिति के रूप में तथा सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा एवं विधायक मथुरा प्रसाद महतो विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे । पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा ऑडिटोरियम सह आर्ट गैलरी, आदर्श परीक्षा केंद्र, गया जी में आयोजित स्थानीय रोजगार मेला कार्यक्रम में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार जीतन राम मांझी, सहकारिता मंत्री, बिहार सरकार डॉ. प्रेम कुमार तथा वजीरगंज के विधायक वीरेंद्र सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे।इस अवसर पर माननीय मंत्रीगण द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पहल के लिए कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामानाएं दीं । नियुक्तिपत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं गर्व की भावना स्पष्ट रूप से दिख रही थी। उन्होंने इस अवसर के लिए केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## सोन से अधिक पानी मिलने से लहलाएंगे बिहार के खेत: संतोष सुमन

- **इंद्रपुरी बराज से जुड़े बिहार के 8 जिलों की नहरों में अब होगा पर्याप्त पानी**

प्रातः किरण संवाददाता



पटना :- गोपाल विद्यार्थी हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने सोन नदी से अब बिहार को झारखंड से तीन गुना अधिक पानी मिलने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे यहां के 8 जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेंगे। इससे जहां खेत लहलाएंगे, वहीं किसानों में भी खुशहाली आएगी। श्री सुमन ने कहा कि अब हर साल सोन नदी से बिहार को झारखंड से तिगुना अधिक पानी मिलेगा। इससे बिहार के आठ जिलों पटना, जहानाबाद, अरवल, रोहतास, भोजपुर, कैमूर, बक्सर और औरंगाबाद के लाखों एकड़ जमीन में फसलें लहलहाएंगी। सोन नदी के पानी बंटवारे पर हुए समझौते के कारण बिहार और झारखंड के बीच 25 साल पुराने विवाद का भी समाधान हो गया है।

# पटना में दो दिवसीय रेडिएशन ऑकोलॉजी का 7वां वार्षिक सम्मेलन शुरू

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया उद्घाटन

## देशभर के कैंसर विशेषज्ञ ने लिया हिस्सा

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। कैंसर के इलाज में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों पर केंद्रित दो दिवसीय 7वां वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को पटना के होटल मौर्या में हुआ। एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एआरओआई) बिहार चैप्टर और पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने किया।

सम्मेलन में देश-विदेश से आए रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, कैंसर विशेषज्ञों और शोधकताओं ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने कैंसर रोगों के इलाज में उभरती तकनीकों और उनके बिहार जैसे राज्यों में उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विशेषज्ञों ने अपने शोधपत्र भी प्रस्तुत किए।

सम्मेलन के पहले दिन फेफड़े का कैंसर, लीवर और गॉल ब्लाडर कैंसर, मुंह और गले का कैंसर, तथा स्तन कैंसर जैसे प्रमुख कैंसर रोगों पर गहन परिचर्चा हुई।

टीएमएच मुंबई की डॉ. सार्वणी घोष लश्कर ने मुंह और गले के कैंसर, वहीं डॉ. रीना इंजीनियर ने गॉल ब्लाडर कैंसर पर व्याख्यान दिया। सीएमसी वेल्लोर के डॉ. बाला कृष्णन ने फेफड़ों के कैंसर पर अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव व वाइस प्रेसीडेंट डॉ. शेखर केसरी ने बताया कि रविवार को सम्मेलन के दूसरे दिन महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे स्तन व गर्भाशय कैंसर और ब्रेन ट्यूमर पर विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे। उन्होंने कहा कि पटना के प्रमुख कैंसर संस्थानों के डॉक्टरों के अलावा देशभर से आए वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। मेडिकल के पीजी छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।

पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस हॉस्पिटल का हमेशा यही लक्ष्य रहा है कि वैश्विक स्तर पर अपनाई जा रही नई तकनीकों को मरीजों तक जल्द से जल्द पहुंचाया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन बिहार में कैंसर के उपचार को नई दिशा देने में अहम पड़ाव साबित होगा साथ ही औरगेनाइजिंग कमेटी को धन्यवाद दिया।सम्मेलन में एआरओआई प्रेसिडेंट डॉ. राजीव रंजन प्रसाद , सचिव डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. प्रीतांजलि सिंह, डॉ. विनीता त्रिवेदी और डॉ. ऋचा चौहान ने भी अपने विचार रखे।

पारस एचएमआरआई के बारे में

पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

## आईएसी ने शुरू किया राष्ट्रीय अभियान सबसे पहले जीवन बीमा का अगला चरण




पटना। बीमा जागरूकता समिति (आईएसी) ने अपने राष्ट्रीय अभियान सबसे पहले जीवन बीमा का अगला चरण शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य जीवन बीमा को वित्तीय सुरक्षा की दिशा में पहला कदम बनाकर वित्तीय नियोजन व्यवहार को नया रूप देना है। भारत के सभी 24 जीवन बीमाकताओं द्वारा समर्थित यह अभियान जीवन बीमा की तत्काल आवश्यकता को उजागर करने के लिए भावनात्मक रूप से प्रभावशाली कहानियों पर केंद्रित है। यह बुनियादी वित्तीय सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए धन-सृजन पर केंद्रित पारंपरिक दृष्टिकोण को चुनौती देता है। अभियान के एक केंद्रीय भाग में उपयोगकताओं को कवरेज आवश्यकताओं का आकलन करने में मदद करने के लिए एक नया डिजिटल ज्ञान पोर्टल शामिल है ।शहर के विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं और छोटे व्यवसाय मालिकों को सुरक्षा-प्रथम योजना के महत्व के बारे में शिक्षित करना इस अंतर को पाटने की कुंजी है ।यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँच के लिए आईआरडीए के अधिदेश का पूरक है और ऐसे समय में शुरू की गई है जब जीवन बीमा क्षेत्र 9.5% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर की दर से बढ़ रहा है–जो वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। 96.82% की दावा निपटान दर के साथ उद्योग लगातार जनता का विश्वास हासिल कर रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने स्टॉल का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी सुनी

# स्वास्थ्य मेला :10 हजार से अधिक मरीजों ने ली स्वास्थ्य सेवाएं: मंगल



● मशहूर सितार वादक ऋषभ रिखीराम की गायिकी से हुआ दो दिवसीय मेले का समापन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित स्वास्थ्य मेला 2025 अरोग्य पर्व के दूसरे दिन ज्ञान भवन, पटना में जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्वास्थ्य मेला न केवल आमजन की भागीदारी का प्रतीक बना, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता, परामर्श, उपचार और मनोरंजन का संगम भी बना। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने स्वयं मेले में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य स्टॉलों का निरीक्षण किया और मरीजों व चिकित्सा कर्मियों से संवाद स्थापित किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य मेला के दूसरे दिन 10 हजार से अधिक नागरिकों ने ओपीडी में रजिस्ट्रेशन करा कर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। खासकर ऑर्थोपेडिक और नेत्र रोग विभागों में मरीजों की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। नेत्र विशेषज्ञों द्वारा जांच उपरांत जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया, जिससे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और विद्यार्थियों को लाभ मिला। वहीं, मेले में लगाए गए 25 नर्सिंग काउंटरों पर 7000 से अधिक लोगों की बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। जांच की पूरी प्रक्रिया त्वरित, व्यवस्थित और पारदर्शी रही। इसके अतिरिक्त, रक्तदान केंद्र पर सैकड़ों लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। वहीं मेले में 1206 बच्चियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया। मेले में 1741 लोगों ने पैथोलॉजी सुविधा का लाभ उठाया। स्वास्थ्य मेला 2025 के आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह मेला न केवल इलाज का जरिया बना, बल्कि रोगों की समय पर पहचान, जागरूकता, परामर्श, उपचार, रक्तदान, मानसिक स्वास्थ्य, मातृत्व सुरक्षा और राज्य के नवाचारों को भी एक मंच पर प्रस्तुत करने वाला आयोजन सिद्ध हुआ। स्वास्थ्य मेला 2025 का भव्य आयोजन, जनसहभागिता और सेवाओं की गुणवत्ता ने इसे बिहार के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में एक मील का पत्थर बना दिया है। यह आयोजन राज्य सरकार के स्वस्थ बिहार, समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। स्वास्थ्य मेला में उमड़ी भारी भीड़ और नागरिकों की संतुष्टि इस बात का प्रमाण है कि बिहार स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## 1500 से अधिक औषधीय पौधों का वितरण

श्री पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में दूसरे दिन आयुष पद्धति से कुल 1188 लोगों को ओपीडी में देखा गया। जिसमें आयुर्वेद में 408, होम्योपैथि में 425 और यूनानी में 355 मरीजों का इलाज किया गया। मेले में 32 लोगों का पंचकर्म हुआ। वहीं दोनों दिन मिलकर कुल 1500 से अधिक औषधीय पौधों का वितरण किया गया है। मेंटल हेल्थ पर आयोजित सेमिनार में पटना एम्स और एनएमसीएच के हेड ऑफ डिपार्टमेंट और अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहें। लोगों की समय पर पहचान, जागरूकता, परामर्श, उपचार, रक्तदान, मानसिक स्वास्थ्य, मातृत्व सुरक्षा और राज्य के नवाचारों को भी एक मंच पर प्रस्तुत करने वाला आयोजन सिद्ध हुआ। स्वास्थ्य मेला 2025 का भव्य आयोजन, जनसहभागिता और सेवाओं की गुणवत्ता ने इसे बिहार के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में एक मील का पत्थर बना दिया है। यह आयोजन राज्य सरकार के ह्यस्वस्थ बिहार, समृद्ध बिहारह्व के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। स्वास्थ्य मेला में उमड़ी भारी भीड़ और नागरिकों की संतुष्टि इस बात का प्रमाण है कि बिहार स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की यह पहल आने वाले समय में नवाचार, समावेशन और सशक्तिकरण के साथ एक हेल्दी बिहार के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। स्वास्थ्य मेला 2025 केवल चिकित्सा सेवाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी समावेश किया गया। जादूगर शो ने बच्चों और बड़ों को समान रूप से आकर्षित किया, जिससे स्वास्थ्य मेला में आए लोगों को हल्के-फुल्के मनोरंजन का अवसर भी मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध कलाकार ऋषभ रिखीराम ने अपनी प्रस्तुति दी, जिससे समापन सत्र एक सांस्कृतिक उत्सव में परिवर्तित हो गया।

# मेगा जॉब फेयर : 700 से अधिक प्रतिभागियों का हुआ चयन

### सकारात्मक बदलाव की नींव रख रहा मेगा जॉब फेयर : दीपक

प्रात : किरण संवाददाता



पटना बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत कार्यरत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में आयोजित मेगा जॉब फेयर2025 के तीसरे दिन भी प्रदेशभर से युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। शनिवार होने के कारण आज प्रतिभागियों की संख्या विगत दोनों दिनों से अधिक रही और अनुमानित तौर पर 2500 से अधिक युवाओं ने इस रोजगार मेले में हिस्सा लिया, जिनमें से 700 से ज्यादा युवाओं का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी के लिए किया गया। रोजगार मेले में आने वाले कई प्रतिभागियों को इंटरव्यू से पहले मोटिवेशनल स्पीकर्स द्वारा ऑन-स्पॉट ट्रेनिंग दी गई, जिससे वे कंपनियों के नियोक्ताओं के सवालों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। साथ ही, करियर काउंसलिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, जिससे युवाओं को अपने कौशल के अनुरूप सही दिशा और संभावनाएं समझने में मदद मिल रही है। बिहार कौशल विकास मिशन के उएड एवं श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने कहा कि बिहार सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि हमारे राज्य के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार मिले और वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर की कंपनियों के साथ काम करने का अवसर प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और बिहार कौशल विकास मिशन की इस पहल से राज्य के हजारों युवाओं को एक मंच पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। यह मेला न सिर्फ युवाओं को नौकरी दे रहा है, बल्कि उनके आत्मविश्वास, कौशल और भविष्य निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव की नींव भी रख रहा है। बिहार कौशल विकास मिशन के एसीईओ राजेश भारती ने भी राज्य सरकार की रोजगार के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि यह मेला सिर्फ नौकरी का मंच नहीं, बल्कि युवाओं के आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में एक ठोस पहल है। उन्होंने ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि यह रोजगार मेला सोमवार 14 जुलाई और मंगलवार 15 जुलाई को भी जारी रहेगा। जबकि 13 जुलाई रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि राज्य के कोने-कोने से आए प्रतिभागी इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकें। गौरतलब है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित इस मेगा जॉब फेयर में देश की 80 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ भाग ले रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से एलएंडटी, मुथूट फाइनेंस, जोमैटो, एमआरएफ लिमिटेड, सबरोस, डूट ट्रांसमिशन, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, अरविंद लिमिटेड, बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड, क्वेस कॉर्प लिमिटेड, और सुधीर फाउंडेशन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियाँ शामिल हैं।

## महागठबंधन में उलझी सीट बंटवारे की गांठ : अंजुम

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने मीडिया में जारी बयान में विपक्षी महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि महागठबंधन में नेतृत्व का संकट और आपसी अविश्वास चरम पर है। अपने व्यक्तिगत हित के आगे कोई भी दल समझौता करने को तैयार नहीं है। एक तरफ मुकेश सहनी 60 सीटों की मांग कर रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस और वाम दल भी अपनी-अपनी शर्तें थोपने में लगे हैं। ऐसे में यह स्पष्ट हो चुका है कि महागठबंधन के पास न नीति है, न नेतृत्व और न ही कोई साझा विजन। उन्होंने कहा कि जिस गठबंधन के दल एक-दूसरे की मांगों को लेकर संशय में हों, वे जनता के हितों की रक्षा कैसे कर सकते हैं? यह गठबंधन सिर्फ कुर्सी की राजनीति का गठजोड़ है, जिसमें जनता के मुद्दों का कोई स्थान नहीं है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा इसको लेकर कांग्रेस और आरजेडी में गहरा मतभेद है वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव खुद को महागठबंधन का नेता घोषित कराने की कोशिश में लगे हैं जिसे कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता नीतीश कुमार के सुशासन, पारदर्शिता और विकास के मॉडल को भली-भांति समझती है और आने वाले चुनाव में फिर एक बार स्थिर और मजबूत नेतृत्व को ही प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता के कल्याण को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिन रात मेहनत कर रहे हैं और वो वोटर की चिंता करते हैं ना कि वोट की।

# 19 जुलाई को मुंगेर के पोलो ग्राउंड में नव संकल्प महासभा : अरूण भारती



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के बिहार प्रदेश प्रभारी सह सांसद जमुई अरुण भारती ने आगामी 19 जुलाई को मुंगेर के पोलो ग्राउंड में आयोजित पार्टी द्वारा नव संकल्प महासभा को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक जितने भी पिछले माह से अब तक पार्टी के द्वारा कार्यक्रम हुए हैं हर जगह जनता का ऐतिहासिक समर्थन और आशीर्वाद मिला है आरा के नव संकल्प महासभा राजगीर में बहुजन भीम संकल्प समागम, इसके बाद फिर सारण में नव संकल्प महासभा की जो ऐतिहासिक सफलता है वह इस बात का प्रमाण है कि बिहार की जनता हमारे नेता चिराग पासवान जी का बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन के साथ मजबूती से खड़ी है ।जनता का प्यार हमारे नेता के विचारधारा को मिल रहा है और इसी श्रृंखला में छपरा के बाद अब संकल्प महासभा हम लोग मुंगेर में करने जा रहे हैं। आगामी 19 जुलाई को मुंगेर के पोलो ग्राउंड में नव संकल्प महासभा आयोजित की जाएगी जहां पर हमारे नेता अपनी विचारधारा और पार्टी का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट से एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प लेंगें हमारे नेता ने कई मंच से कहा है कि हम लोग 243 विधानसभा पर चिराग पासवान बनकर लड़ेंगे जिसका फायदा हमारे गठबंधन के अन्य दलों के प्रत्याशी को भी मिलेगा। हमारी पार्टी का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट बिहार को विकसित बिहार बनाने का संकल्प के साथ है इसलिए जनता का अपार जनसमर्थन विपक्ष को विचलित कर रहा है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष को अपनी हार अप्रत्याशित रूप से दिख रही है और इसीलिए इस बौखलाहट में उन्होंने चिराग पासवान जी की हत्या बम से उड़ाने तक की बात भी की है । इसी बौखलाहट में उन्होंने जंगल राज पार्ट 2 लाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री भारती ने आगे कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने अलग-अलग समय पर जिस विजन को धरातल पर उतरते हुए देखते हैं उसमें जातीय जनगणना की बात हुई तब केंद्र में मंत्री रहते हुए उन्होंने उसको धरातल पर उतारा और राज्य सरकार ने सामाजिक न्याय के नाम पर बृद्धा पेंशन विधवा पेंशन और दिव्यांगों के पेंशन की राशि 400 से बढाकर 1100 की गई है हालांकि हमारी पार्टी ने अपने विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट में इसकी मांग किया था।

# वोटर पुनरीक्षण : 80.11 प्रतिशत मतदाताओं का गणना प्रपत्र जमा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के 80.11 प्रतिशत मतदाताओं ने अबतक अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं। एकिनेट में नया सत्यापन मॉड्यूल पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। 77,895 बीएलओ के साथ-साथ फील्ड में तैनात 20,603 नव नियुक्त बीएलओ के साथ भारत निर्वाचन आयोग 25 जुलाई 2025 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही गणना प्रपत्रों के संग्रहण को पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। क्षेत्रीय स्तर पर 38 जिला निर्वाचन पदाधिकारी , सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, और 963 सहायक ईआरओ कार्यरत हैं, जिनकी निगरानी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की जा रही है। ईसीआई के इन प्रयासों को सभी राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए का सहयोग भी मिल रहा है, जो घर-घर जाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि 24 जून 2025 की मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक मौजूदा मतदाता शामिल हो सके। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और अन्य संवेदनशील वर्गों को सहायता प्रदान करने हेतु 4 लाख से अधिक स्वयंसेवक भी लगे हुए हैं। 100 प्रतिश्ता प्रपत्रों की छपाई और वितरण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। आज शाम 6 बजे तक कुल 6,32,59,497 यानी 80.11 प्रतिशत गणना प्रपत्र संग्रहित किए जा चुके हैं। इसका मतलब है कि बिहार के हर 5 में से 4 मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा कर दिया है। इस गति को देखते हुए अधिकांश गणना प्रपत्र 25 जुलाई 2025 से पहले ही जमा हो जाने की संभावना है। ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए मतदाताओं को अपना गणना प्रपत्र, वांछित दस्तावेजों के साथ समय पर जमा करना अनिवार्य है। यदि किसी मतदाता को दस्तावेज जमा करने में अधिक समय चाहिए, तो वह ईएफ पहले जमा कर सकता है और दस्तावेज अलग से 30 अगस्त 2025, यानी दावा एवं आपत्ति की अंतिम तिथि तक जमा कर सकता है। इसमें स्वयंसेवकों से सहायता ली जा सकती है। शनिवार शाम 6 बजे तक बीएलओ द्वारा 4.66 करोड़ गणना प्रपत्रों को एकिनेट पर डिजिटाइज कर अपलोड किया जा चुका है। एकिनेट भारत निर्वाचन आयोग का नवीनतम एकीकृत सॉफ्टवेयर है, जिसमें पहले मौजूद 40 विभिन्न ईसीआई ऐप्स को समाहित कर दिया गया है।

# विपक्ष का हायतौबा मचाना पूरी तरह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित : उमेश



● कहा - आमजन को विश्वास है कि नीतीश हैं, तो निश्चिंत हैं

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष का हायतौबा मचाना पूरी तरह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। उन्होंने आरोप लगाया कि सियासी लाभ की मंशा से विपक्ष चुनिंदा आपराधिक घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर राज्य की सकारात्मक छवि को धूमिल करने का सुनियोजित प्रयास कर रहा है, जबकि जमीनी हकीकत विपक्ष के इन भ्रामक दावों के ठीक उलट है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुशासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज बिहार में सुदूर गांवों से लेकर शहरों तक भयमुक्त वातावरण स्थापित हुआ है। एक समय था जब सूर्यास्त से पहले ही दुकानों के शटर बंद हो जाते थे, लेकिन आज हालात यह हैं कि शहरों के बाजार, दुकानें और शॉपिंग मॉल आधी रात तक खुले रहते हैं। यह बदलाव अपने आप में कानून के राज और जंगलराज के बीच का स्पष्ट अंतर दर्शाता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि आमजन के भीतर यह विश्वास गहराया है कि नीतीश हैं, तो निश्चिंत हैं। श्री कुशवाहा ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिनका पूरा राजनीतिक अतीत सत्ता में रहकर अपराधियों को पालने-पोसने और उन्हें संरक्षण देने में गुजरा है, वही आज सुशासन पर उंगली उठाने का दुस्साहस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले की स्थिति यह थी कि अपराधियों पर कार्रवाई तो दूर, पीड़ितों की प्राथमिकी तक दर्ज नहीं होती थी। जबकि आज न केवल आपराधिक घटनाओं का समयबद्ध उद्भेदन होता है, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाती है। बिहार में अब कोई भी अपराधी कानून के चंगुल से बच नहीं सकता और यही सुशासन की असली पहचान है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन्होंने 1990 से 2005 तक के भयावह दौर को स्वयं झेला था और जिन युवाओं ने उस जंगलराज की सच्चाई को किस्सों और कहानियों के माध्यम से महसूस किया है, वे राजद के बहकावे में कभी नहीं आएंगे।

## श्रद्धा से याद किये गए पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र बाबू

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की 109 वी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार को विकास के राह पर अग्रसर करने के लिए सत्येंद्र बाबू ने असीमित प्रयास किये। उनके द्वारा बिहार में उद्योग कारखानों के स्थापना को लेकर दूरदर्शी सोच थी, जिसे उन्होंने मूर्त रूप दिया। बिहार के राजनैतिक इतिहास के नायक के रूप में उन्हें आज भी याद किया जाता है। उन्होंने सत्येंद्र बाबू को कांग्रेस के आदर्श पुरुष की संज्ञा दी और कहा कि उनके बताएं रास्तों पर चलना होगा। जयंती के अवसर पर कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, ब्रजेश प्रसाद मुनन, जमाल अहमद भल्लू, राजेश राठौड़, अजय चौधरी, असितनाथ तिवारी, सौरभ सिन्हा, वैद्यनाथ शर्मा, राकेश कुमार पप्पू, प्रभात कुमार सिंह, आदित्य कुमार पासवान, कमलदेव नारायण शुक्ला, शशिकांत तिवारी, अजय सिंह, मनोज शर्मा गुरूदयाल सिंह, मो.शाहनवाज, सत्येन्द्र कुमार सिंह, साधना रजक, कामरान हुसैन, सरोज कुमार सिंह, सुदय शर्मा, मृणाल अनामय, पंचदेव राम, आशा देवी, कलामुद्दीन अंसारी, डा ब्रजमोहन मालवीय, अमरेन्द्र चैधरी, प्रेमनाथ तिवारी,धूमन सिंह, चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# बिहार की आपराधिक घटनाओं के लिए माफिया और राजद का गठजोड़ जिम्मेदार: विजय

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार में आपराधिक घटनाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय जनता दल पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधी घटनाओं में बालू माफिया, शराब माफिया, और जमीन माफिया के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। इसमें राजद के अधिकतर लोग संलिप्त हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आज जितनी घटनाएं घट रही हैं, उनका संपर्क राजद से क्यों मिलता है? राजद के लोगों का बालू माफियाओं या जमीन और शराब माफियाओं से सांठगांठ है। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आज जो हत्याएं और अपराध हो रहे हैं, खासकर बालू माफिया और शराब माफिया की वजह से, वह पुलिस की कमजोर कड़ी का नतीजा हैं। सरकार पूरी सजगता के साथ एक्शन ले रही है। उन्होंने खासकर राजद पर आरोप लगाया कि यह पार्टी बिहार में अराजकता फैलाना चाहती है क्योंकि चुनाव नजदीक हैं। लेकिन बिहार में अराजकता फैलाने में वे सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर करने में कोई कोताही नहीं बरतेंगे। सभी घटनाओं को लेकर कार्रवाई हो रही है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस क्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को ब्रेनलेस बताया। उन्होंने कहा कि इनके पास अपना ह्यब्रेनह्व है ही नहीं। संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति एक संवैधानिक संस्था के बारे में गलत बयान नहीं दे सकता। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के बाद भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाना गलत है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को संवैधानिक पद छोड़ना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। ये लोग समाज को भ्रमित करने और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर पूरी तरह भ्रम फैलाने का ठेका ले चुके हैं।

# स्वास्थ्य मेला का आयोजन सराहनीय कदम : ऋतुराज

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के नेतृत्व में ज्ञान भवन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य मेला में एसीएफएल के निदेशक ऋतुराज सिन्हा की प्रेरणा से जुड़े 2,000 से अधिक सदस्य और उनके परिवार शामिल हुए और इस दो दिवसीय शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। एसीएफएल के निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को इस बेहतरीन पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हम बिहार सरकार और स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय जी के आभारी हैं जिन्होंने यह स्वास्थ्य मेला आयोजित किया। हमारे एसीएफएल परिवार के सदस्यों को इस शिविर से बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएँ और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधा मिली। यह वास्तव में एक सराहनीय कदम है। एसीएफएल ने अपने सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं से आने-जाने की व्यवस्था, स्थल पर पंजीकरण में सहायता और पूरी प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने का कार्य किया। यह सहयोग एसीएफएल के उस संकल्प को और मजबूत करता है, जिसके तहत वह सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी समाज में आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित महिलाएं के उत्थान के लिए कार्य करता है। इस मेले में एसीएफएल के निदेशक ऋतुराज सिन्हा की प्रेरणा से जुड़े 2,000 से अधिक सदस्य और उनके परिवार शामिल हुए और इस दो दिवसीय शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आदि चित्रगुप्त फाइनेंस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्ञान मोहन ने बिहार सरकार को इस पहल हेतु अपना आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# बिहार में अपराधियों का बोलबाला, कोई सुरक्षित नहीं : सुप्रिया

● कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा- नकली दवा कारोबार के मामले में मंत्री को हटाया जाए

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कांग्रेस ने शनिवार को बिहार के नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा पर जोरदार निशाना साधते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई आम व्यक्ति नकली दवा कारोबार में दोषी पाया जाता तो क्या उसे जेल नहीं भेजा जाता? पटना के बिहार कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बिहार में सत्तारूढ़ नेताओं ने लोकलाज, मयार्दा और नैतिकता को ताक पर रख दिया है। नकली दवाओं की सप्लाई में दोषी पाए गए मंत्री के इस्तीफा नहीं दिए जाने को लेकर भी उन्होंने कहा कोई नहीं जानता कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बात को कितना समझ पा रहे हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, बिहार के मंत्री जीवेश मिश्रा नकली दवा कारोबार के मामले में दोषी पाए गए और आज भी मंत्री बने घूम रहे हैं और डबल इंजन सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीवेश मिश्रा ऑल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड नामक एक फार्मास्युटिकल कंपनी के निदेशक थे, जिसकी दवा सिप्रोलीन-500 को राजस्थान में नकली और गुणवत्ता में घटिया पाया गया। ड्रग इंस्पेक्शन रिपोर्ट के अनुसार, यह दवा न केवल फेल हुई, बल्कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की कई धाराओं के तहत यह अपराध की श्रेणी में आती है। सुप्रिया ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के जिक्र करते हुए कहा कि इन धाराओं के तहत जीवेश मिश्रा को एक से तीन साल तक की जेल और 20,000 रुपए जुमार्ना हो सकता था। लेकिन, गंभीर धाराओं में दोषी पाए जाने के बाद भी मंत्री को जेल क्यों नहीं भेजा गया? उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी की ये मांग है कि जीवेश मिश्रा को तुरंत मंत्री पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार की आपराधिक घटनाओं की चर्चा देश में हो रही है। आज यहां न महिलाएं, कारोबारी, युवा या कोई भी सुरक्षित नहीं है। आए दिन कारोबारियों की हत्या हो रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व मुख्यमंत्री स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पार्क, श्रीकृष्णापुरी में आयोजित राजकीय समारोह में स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना, जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत का गायन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्गा मंदिर के प्रांगण में जन सुराज पार्टी का बिहार बदलाव सभा आयोजित

बिरौल(दरभंगा)। गौड़ा बौराम विधानसभा क्षेत्र के बिरौल प्रखंड अंतर्गत पटनियां पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार बदलाव सभा संभावित विधानसभा विधायक प्रत्याशी मनोज कुमार झा की अध्यक्षता में एक ऐतिहासिक जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में मिथिला प्रमंडल चुनाव समिति,जिला, प्रखंड के पदाधिकारीयों के साथ कई गणमान्य नागरिकों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मनोज कुमार झा ने कहा कि गौड़ा बौराम विधानसभा क्षेत्र को एक बेहतर,पलायन मुक्त, रोजगार युक्त, समृद्ध और गौरवशाली बनाने का संकल्प दिलाया जिसमे गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार से बाहर निकलने का रास्ता बताया।सभा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभा में गौड़ा बौराम चुनाव प्रभारी महानंद देव,सुरेंद्र सिंह,राज कुमार सिंह, दुर्गा कांत झा ज्योतिष प्रसाद सिंह, चंदन सदा, किशोर साह, दीपक साह, पूनम देवी, गणेश यादव, विजय कुमार झा, केशव झा, सबरी देवी इत्यादि उपस्थित थे।

### डीएम ने दो केंद्रीय विद्यालय के लिये चिह्नित भूमि का किया निरीक्षण

दरभंगा।जिलाधिकारी कौशल कुमार द्वारा बहादुरपुर प्रखंड के बलिया मौजा के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया गया,भूमि एम्स के बगल में रहने के कारण उपयोगी बताया गया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय 3 हेतु जिला प्रशासन से पांच एकड़ सरकारी भूमि की मांग केंद्रीय विद्यालय के द्वारा की गई थी।इसी प्रकार केंद्रीय विद्यालय-2 के लिए हनुमाननगर प्रखंड अंतर्गत कोलहंटा पटोरी में भी निरीक्षण किया गया।जिला के लिए आज गौरव की बात है कि दो केंद्रीय विद्यालय के जिलाधिकारी दरभंगा के द्वारा लिए जमीन चिन्हित किया गया, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। युवा और युवतियां को पढ़ने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी चिह्नित भूमि के निरीक्षण के क्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद एवं केंद्रीय विद्यालय के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### तस्करी की कोशिश नाकाम, तस्कर भागे, शराब बरामद

मधुबनी जयनगर, 12 जुलाई। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं वाहिनी, जयनगर के अंतर्गत ह्यबीह्न कंपनी, पिपरौन द्वारा शनिवार की सुबह नेपाल से भारत में लाई जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई। यह कार्रवाई सीमा स्तम्भ संख्या 284 से लगभग 200 मीटर भारत की ओर विशेष गश्ती (स्पेशल पेट्रोलिंग) के दौरान की गई। प्रातः लगभग 6:48 बजे जब एसएसबी की गश्ती टीम मौके पर पहुंची, तो तस्कर जवानों को देखकर शराब छोड़कर मौके से भाग निकले। तलाशी के दौरान कुल 239.7 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई, जिसमें 300 मिलीलीटर की 716 बोतल देसी नेपाली शराब (कुल मात्रा 214.8 लीटर) तथा ब्रिक्स ब्रांड की 300 मिलीलीटर की 75 बोतल (कुल मात्रा 22.5 लीटर) शामिल है।हालांकि, इस कार्रवाई में किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जब्त की गई समस्त शराब को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत थाना हरलाखी को सुपुर्द किया जा रहा है।48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में हर प्रकार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी सुरक्षा बलों को तुरंत दें ताकि अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें।

# श्रावणी मेला की सारी तैयारियां पूरी , उद्घाटन आज

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। बाबा गरीब नाथ धाम में एक महीने तक चलनेवाले श्रावणी मेले की सारी प्रशासनिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। रविवार को अपराह्न 4 बजे इसका विधिवत उद्घाटन किया जाएगा।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार ने सावन माह में बाबा गरीब नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भक्तों की सुविधा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की सुदृढ़ एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कांवरिया पथ तथा डीएन हाई स्कूल का भ्रमण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पर्यटन विकास निगम द्वारा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज तुर्की तथा आरडीएस कॉलेज में श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त ठहराव स्थल बनाया जा रहा है। इन दोनों स्थलों का भ्रमण कर जिलाधिकारी ने प्रगति का जायजा लिया। इस स्थल पर श्रद्धालु भक्तों के लिए स्विस कॉटेज, शुद्ध पेयजल, मेडिकल कैंप, शौचालय , सीसीटीवी आदि की व्यवस्था की गई है। पर्यटन विकास निगम के कार्यपालक अभियंता को सभी कार्य 12 जुलाई के शाम तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। इसकी निगरानी तथा पूरा करने का दायित्व अपर समाहर्ता राजस्व को दिया गया है। प्रतिदिन की साफ सफाई की समुचित मॉनिटरिंग हेतु टीम गठित की गई है। मेला के अवसर पर झूला, मौत का कुआं आदि संरचना का निर्माण सक्षम पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही लगाये जा सकते हैं। इसके लिए सुरक्षा मानदंड का पालन करना अनिवार्य है।

कांवरिया पथ पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। यातायात व्यवस्था के लिए 150 ट्रॉली का क्रय कर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा यातायात उपाधीक्षक को उपलब्ध कराया गया है। इसका आवश्यकता के अनुसार उपयोग किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में कोई कठिनाई न हो तथा निर्वाध गमनागमन कायम रहे । तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा डीएन हाई स्कूल का भ्रमण कर उद्घाटन की तैयारी का जायजा लिया गया। इस स्कूल परिसर में ही 13 जुलाई रविवार को अपराह्न 4 बजे श्रावणी मेला का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को पूरी तत्परता से समय से पूर्व कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी को इस बात की जानकारी प्राप्त हुई कि आमगोला ओवरब्रीज से रामदयालु नगर तक निमार्णाधीन स्लैब सहित नाला का निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है जबकि कांवरियों के आवागमन हेतु वह मुख्य मार्ग है। जिला स्तरीय बैठकों एवं निरीक्षण के दौरान भी पूर्व में इन्हें कई बार निर्देशित किया गया है कि श्रद्धालु कांवरियों के लिए निर्धारित वैसे सभी मार्ग जिसमें नाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है या स्लैब क्षतिग्रस्त है, उसे प्राथमिकता के आधार पर एवं श्रावणी मेला से पूर्व निर्माण एवं मरम्मती करना सुनिश्चित करेंगे परंतु अभी तक अनुपालन नहीं किया गया जो गंभीर लापरवाही का परिचायक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने श्रावणी मेला जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने में तथा वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने के लिए सहायक अभियंता से स्पष्टीकरण की गई है तथा उनसे पृच्छा की गई है कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध आरोप पत्र प्रपत्रह्न कह्न गठित कर दी जाए।

जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, राजस्व संजीव कुमार ,यातायात उपाधीक्षक निलाभ कृष्ण, जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार सत्येंद्र, डीआरडीए डायरेक्टर संजय कुमार अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समस्तीपुर मंडल में रोजगार मेला के अंतर्गत 71 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित




समस्तीपुर संवाददाता प्रात: किरण

शनिवार को रोजगार मेला के तहत समस्तीपुर मंडल के ललित कला केंद्र अधिकारी क्लब परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के विभिन्न स्थानों पर रोजगार मेला के अंतर्गत चयनित 51 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। जिसमें 40 हजार से ज्यादा केवल रेलवे के अभ्यर्थी थे। समस्तीपुर मंडल में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, विधान पार्षद तरुण कुमार चौधरी समस्तीपुर सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव तथा वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक कुमार सहित समस्तीपुर मंडल के सभी शाखा अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समस्तीपुर में रेलवे, भारतीय डाक विभाग एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (उक्रत्र) में चयनित कुल 71 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये, जिनमें भारतीय रेल 55 अभ्यर्थी भारतीय डाक विभाग 15 अभ्यर्थी तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल 01 अभ्यार्थी शामिल रहे। नियुक्तिपत्र प्राप्त कर सभी अभ्यर्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं गर्व की भावना स्पष्ट दिख रही थी। उन्होंने इस अवसर के लिए केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। मौके पर कृषि मंत्री रामनाथ ठाकुर, विधान पार्षद तरुण कुमार चौधरी, विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, बनारसी ठाकुर, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## बहेड़ी कॉलेज मे आई टी सहित तीन समार्ट वर्ग का हो रहा निर्माण : प्रो विनय चौधरी



प्रात : किरण संवाददाता

बहेड़ी।विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के एकमात्र ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय अंतर्गत अंगीभूत इकाई के रूप में संचालित बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय बहेरी को उच्च स्तरीय शिक्षा मानक के अनुरूप बनाया जा रहा है ।जिससे कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए राज्य या देश स्तर पर पलायन नहीं करना पड़े। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में इस महाविद्यालय को कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम एवं उन्नत पढ़ाई के दिशा में समुचित पहल की जा रही है । जिससे कि आधुनिक तकनीक युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा यहां के बच्चों को मिल सके ।उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज अपने स्थापना के पांच दशक बाद भी मूलभूत सुविधा से वंचित था।यहां तक की वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की पढ़ाई नहीं हो रही थी।जिसे बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन से अब सभी सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है।नगर और महानगर स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के अनुकूल ग्रामीण क्षेत्र में भी शिक्षा का स्तर हो सके।इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना खजाना खोल रखा है और महाविद्यालय का विकास निरंतर जारी रहेगा।महाविद्यालय के स्थापना के 50 वर्ष के बाद महाविद्यालय में वर्तमान समय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए एक दर्जन से अधिक योग्य शिक्षकों का पद स्वीकृति और पदस्थापना की गई है। साथ ही वर्तमान समय में आधुनिक तकनीक युक्त शिक्षा के लिए 50 से अधिक कंप्यूटर युक्त लैब निर्माण की स्वीकृति दी गई है साथ ही तीन स्मार्ट क्लास रूम का संचालन किया जाएगा जिसमें बड़े स्क्रीन का एलईडी सिस्टम लगाया जाएगा। विधायक श्री चौधरी ने महाविद्यालय के सभी वर्ग कक्ष ,कार्यालय ,प्रयोगशाला एवं अन्य संकाय का स्थल निरीक्षण किया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपील की एवं उपस्थित छात्रों से भी अपील करते हुए कहा कि निजी ट्यूशन या कोचिंग व्यवस्था कभी भी विद्यालय और महाविद्यालय के वर्ग कक्षा का विकल्प नहीं बन सकता है ।इसलिए आप लोग भी नियमित महाविद्यालय पहुंचकर अपने वर्ग में शामिल हों।मौके पर प्रधानाचार्य डॉ लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल, डॉ अशोक कुमार त्रिवेदी, सुजीत कुमार द्विवेदी,युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह,नवीनशंकर सिंह,मनोज कुमार चौधरी, गजेंद्र प्रसाद सिंह,राधा रमन मंडल,संतोष साह,मनीष कुमार,अंकित झा,दुन्नीलाल मंडल, सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## बीएलओ सहायक के द्वारा मतदाताओं को प्रपत्र भरने में सहयोग



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ एवं बीएलओ सहायक के द्वारा मतदाताओं को प्रपत्र भरने में सहयोग भी किया जा रहा है और भरे हुए प्रपत्र का संग्रह भी काफी तेजी से हो रहा है। अभी तक 2461366 गणना फॉर्म का संग्रहण किया जा चुका है,साथ ही 1882914 गणना प्रपत्र का अपलोडिंग भी किया जा चुका है। गणना प्रपत्र संग्रहण लौकहा 78 प्रतिशत के साथ प्रथम,झंझारपुर 76.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं राजनगर विधानसभा 76प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर है,वही गणना प्रपत्र अपलोडेड कार्य में झंझारपुर प्रथम,मधुबनी द्वितीय एवं राजनगर विधानसभा तृतीय स्थान पर है। जिलाधिकारी आसंद शर्मा स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर सघन मॉनिटरिंग कर रहे है। जिलाधिकारी द्वारा आज नगर भवन मधुबनी में आयोजित फिरोग ए उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा में उपस्थित मतदाताओं को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दिया वही उन्होंने उपस्थित मतदाताओं के एक एक जिज्ञासाओं एवं सवालों का जवाब दिया।उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जो लोग अभी तक अपना गणना प्रपत्र भरकर अपने बीएलओ को नहीं दिए है,वे अविलंब अपने बीएलओ को उपलब्ध करवाए ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में छुटे नही।

## समस्तीपुर: गणेश चौक लूटकांड का खुलासा, ट्राली बैग और मोटरसाइकिल बरामद, एक अपराधी गिरफ्तार



समस्तीपुर संवाददाता प्रात: किरण

समस्तीपुर (नगर थाना क्षेत्र), 12 जुलाई 2025: नगर थाना अंतर्गत गणेश चौक के पास हुई लूट की घटना का समस्तीपुर पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। लूट की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों में से एक रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से लूटा गया कपड़ा भरा ट्राली बैग और घटना में प्रयुक्त स्पेलेंडर मोटरसाइकिल (इफ्3इछ6866) बरामद की गई है। घटना 3 जुलाई 2025 को घटित हुई थी, जब धर्मपुर वार्ड संख्या 26 निवासी सफीउल्लाह (उम्र 17 वर्ष) को दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट लिया था। अपराधियों ने पीड़ित से कपड़े से भरा ट्रॉली बैग छीन लिया था। इस संबंध में नगर थाना में कांड संख्या 177/25, दिनांक 5 जुलाई 2025 को भादवि की धारा 309(4) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक सदर-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर छापेमारी करते हुए मुख्य आरोपी रंजन कुमार, पिता हरिचंद्र राम, सा० मालती विदौलिया, वार्ड-04, थाना-उजियारपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान रंजन कुमार ने अपराध स्वीकारते हुए अन्य सहयोगियों का नाम उजागर किया, जिसमें मुख्य सरगना सुभाष कुमार का नाम सामने आया है। सुभाष पूर्व में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में लूट के मामले में जेल जा चुका है। रंजन ने बताया कि ट्राली बैग में शराब होने का संदेह कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस अब अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों ने किया माँ श्यामा की पूजा अर्चना



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष सदलबल पहुंचे माँ श्यामा मन्दिर। माँ श्यामा की विधिवत पूजा अर्चना की। उच्च जातियों में कमजोर तबके के विकास को लेकर प्रमंडलीय स्तर पर आयोजित बैठक के बाद माँ श्यामा के दर्शन को सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के नेतृत्व में आयोग के सदस्यगण पहुंचे। इस अवसर पर माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा ने सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों को न्यास समिति द्वारा चलाए जा रहे सेवा एवं अन्य प्रकल्पों से अवगत कराया।परिसर में चल रहे निर्माण,विकास कार्यों को देखकर सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रसन्नता जाहिर किया। साथ ही उपस्थित श्यामा भक्तों से आयोग के आज की प्रमंडलीय बैठक में ई डब्लू एस प्रमाण पत्र बनवाने में सुगम करने,सवर्ण के कमजोर तबके के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग, हॉस्टल सहित रेजिडेंशियल स्कूल आदि के सुझाव आने की बात कही। इस अवसर पर लोक भाषा प्रचार समिति के असम शाखा के अध्यक्ष प्रो.कुशल कलिता एवं कोलकाता अक्षरधाम के तीन वरीय सन्यासी पदाधिकारी ने माँ का आशीर्वाद लिया। मौके पर सवर्ण आयोग के सदस्य राजकुमार सिंह, जय कृष्ण झा, दयानंद राय,न्यास समिति के प्रभारी प्रबंधक रमानाथ झा,समाजसेवी डॉ.अशोक सिंह,नवीन सिन्हा,उज्ज्वल कुमार,विनोदानंद झा,राजीव सिंह आदि मौजूद थे। न्यास समिति की ओर से सबों को आशीर्वाद स्वरूप माँ की चुनरी,श्यामा भोग एवं माँ श्यामा संदेश स्मारिका भेंट की गई।सभी ने पुनः मां श्यामा मंदिर आने की बात कही।

## जल संकट से निपटने के लिए मिशन मोड में सेवा भाव से कार्य करने की जरूरत : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।जिले में कम वर्षा होने के कारण उत्पन्न जल संकट की समस्या के निदान के लिए बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन एनडीए की सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। सभी जल मीनारों को चौबीस घंटे में चालू करने का निर्देश दिया गया है। ही जल नल योजना के क्षतिग्रस्त संरचना को दुरुस्त कर नियमित पानी सप्लाई के लिए सख्त हिदायत दी गई है। खराब चापाकलों की मरम्मती के लिए पीएचडी विभाग तथा संबंधित प्रखंड प्रशासन के अधिकारी कर्मी वार्ड स्तर से अभियान शुरू करे। जल संकट में उदासीनता तथा शिथिलता रखने वाले सरकारी अधिकारी व कर्मी चिन्हित कर दंडित किए जाएंगे। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के बिरौल अनुमंडल मुख्यालय में अनुमंडल स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों, तथा बीस सूत्री सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद उपरोक्त बातें कही। बिरौल अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में सांसद डा गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी, पीएचईडी विभाग अनुमंडल क्षेत्र के बीडीओ, सीओ, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग,सभी प्रमुख विभाग के अधिकारियों के साथ जल संकट के समाधान तथा कोशी क्षेत्र में आने वाले बाढ़ से बचाव के लिए की जा रही प्रशासनिक तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। बिरौल अनुमंडल सहित पूरे जिले में जल संकट एक गंभीर चुनौती बन कर खड़ी है जिससे निजात के लिए पीएचडी विभाग तथा संबंधित प्रखंड के अधिकारी कर्मी मिशन मोड में कार्य करे तथा सभी जलिमानार को चौबीस घंटे में चालू कर पानी के सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें।सांसद डा ठाकुर ने पेयजल की समस्या को दूर करने। का अथक पहल शुरू करे तथा बहुत आवश्यकत वाले क्षेत्रों में सुबह शाम पानी आपूर्ति चालू करने की पहल तेज करें। इस बैठक में आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग अधिकारी विद्युत विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारी के साथ साथ जिला भाजपा जिलाध्यक्ष विनय पासवान जिला बीस सूत्री सदस्य मणिकांत मिश्रा माधव चौधरी पंकज झा रणजीत मिश्र सुरेश गुप्ता घनश्याम झा मोहम्मद कामरान संजय झा सहित अनुमंडल क्षेत्र के बीस सूत्री सदस्यों सहित विभिन्न दलों के लोग मौजूद थे।

## सफियासराय थाना में पदस्थापित महिला सब इंस्पेक्टर सुबंता कुमारी सड़क हादसे में घायल

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर) । सफिया सराय थाना में पदस्थापित महिला सब इंस्पेक्टर सुबंता कुमारी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला सब इंस्पेक्टर सुबंता कुमारी शुक्रवार के रात ड्यूटी ऑफ कर स्कूटी से अपने घर जा रही थीं । उसी समय एन एच 80 पर सामने से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दिया। इस धटना में सब इंस्पेक्टर का दाहिना हाथ का कलाई टूटा गया। इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भरती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बीती रात 10 जब वो अपनी ड्यूटी खत्म कर अपने घर की और स्कूटी से निकल रही थी तभी थाना के सामने नेशनल हाईवे 80 पर पटना की और से आ रही वाहन ने टक्कर मार दी । जिससे वे वहीं सड़क पर गिर गई। तत्काल थाना के कर्मियों ने द्वारा उसे निजी अस्पताल मुंगेर इमरजेंसी में भरती कराया। और वाहन और उसके चालक को पुलिस ने तत्काल हिरासत में ले लिया । वहीं अस्पताल पहुंचने के बाद पता चला कि महिला एसआई सुबंता कुमारी का दाहिना हाथ की हथेली में कलाई के पास से वो टूट गया है।

## न्यास समिति के उपाध्यक्ष एसडीपीओ ने बाबा कुशेश्वरनाथ मेला की तैयारी का जायजा लिया

प्रात : किरण संवाददाता



कुशेश्वरस्थान(दरभंगा) । उत्तर बिहार के बाबा धाम के नाम से ख्यात बाबा कुशेश्वरनाथ में श्रावणी मेला की तैयारी का शनिवार को न्यास समिति के उपाध्यक्ष सह एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने जायजा लिया। एसडीपीओ श्री तिवारी ने शिव मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर में प्रवेश के लिए गजेन्द्र नारायण सिंह धर्मशाला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए घुमावदार बेरिकेडिंग, चंद्रकूप से जल लेने की तैयारी, गर्भगृह में महादेव को जलाभिषेक तथा परिसर में अवस्थित अन्य देवी देवताओं का दर्शन पूजन के लिए किए गए तैयारी की जानकारी न्यास समिति के सदस्यों से लिए और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कई आवश्यक निर्देश दिए। एसडीपीओ श्री चौधरी ने शिव गंगा घाट में श्रद्धालुओं के स्नान करने के दौरान विशेष चौकसी बरतने तथा गोताखोरों को तैनात करने का निर्देश दिया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 200 से अधिक पुलिस बल तैनात किए जाने की बात कही। जिसमें महिला एवं पुरूष बल शामिल रहेंगे। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे के अलावा बाजार में लगे विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी किया जाएगा। वही थानाध्यक्ष अंकित चौधरी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीपीओ तिवारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई हो सके महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग सुनिश्चित किए जाएं। मंदिर परिसर और उसके आसपास साफ-सफाई विशेष रूप से सुनिश्चित की जाए। पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चौबीसों घंटे उपलब्ध रहें। मौके पर थाना अध्यक्ष अंकित चौधरी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## हिन्दू जनजागृति समिति के माध्यम से देशभर में 45 स्थानों पर, तथा बिहार में 3 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/वाराणसी । संपूर्ण विश्व पर तृतीय विश्वयुद्ध की तलवार लटक रही है। देश के भीतर भी पहलगाम जैसे हालात, दंगे, फेक नैरेटिव्स, लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि के माध्यम से हिन्दुओं को लक्ष्य बनाया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में हिन्दू समाज में भ्रम की स्थिति है। महाभारत के समय अर्जुन भी इसी भ्रम में था, तब श्रीकृष्ण ने कहा था, ह्यअधर्म के विरुद्ध संघर्ष करना ही धर्म है। आज भी गुरु तत्त्व की यही अपेक्षा है कि हिन्दू साधना करके आत्मिक बल बढ़ाएं और अधर्म के विरुद्ध सक्रिय हों। यही हमारी गुरु-शिष्य परंपरा का आदर्श है और उसी मार्ग पर चलना ही सच्ची गुरुदक्षिणा है, ऐसा मार्गदर्शन समस्तीपुर में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सनातन संस्था की श्रीमती सानिका सिंह ने किया। हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा बिहार में 3 स्थानों पर तथा संपूर्ण देश में कुल 45 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव उत्साह व आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री व्यास पूजा, परमपूज्य भक्तराज महाराज के प्रतिमापूजन तथा रामराज्य की स्थापना हेतु सामूहिक नामजप से हुआ। संतों के संदेश का वाचन और लघु चलचित्रों द्वारा जनजागृति की गई। आज के काल की आवश्यकता को देखकर स्वसंरक्षण का वीडियो भी दिखाया गया । इस अवसर पर विविध आध्यात्मिक, राष्ट्र एवं धर्म विषयक ग्रंथों का ग्रंथ प्रदर्शन तथा राष्ट्र-धर्म से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिससे अनेक धर्मप्रेमी लाभान्वित हुए। ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव : देश-विदेश के श्रद्धालुओं को गुरुपूर्णिमा का लाभ मिल सके, इसके लिए समिति द्वारा अंग्रेजी, कन्नड़, तेलुगु व बंगाली भाषाओं में ह्यऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव भी संपन्न हुआ, जिसमें अनेक देशों के दर्शकों ने सहभाग लिया।

# विभिन्न तकनीकी विभागों द्वारा क्रियान्वित आधारभूत संरचना की वर्तमान प्रगति की गई विस्तृत समीक्षा

प्रात : किरण/ संतोष राज



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न तकनीकी विभागों द्वारा क्रियान्वित आधारभूत संरचना की वर्तमान प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।समीक्षात्मक बैठक के दौरान एन एच ए आई द्वारा क्रियान्वित अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं 327 ई एवं 107 की वर्तमान प्रगति समीक्षा क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की 327 ई,15 अगस्त 2025 तक पूर्ण होना संभावित है जबकि परियोजना 107 के 31 अगस्त तक पूर्ण होने के संबंध के बताया गया समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन एन एच 107 से संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए शेष कार्य को अविलंब पूर्ण करने हेतु आवश्यक कारवाई की सख्त हिदायत दी गई है। साथ ही एन एच 107 अंतर्गत तीनों आर ओ बी को भी रनिंग स्थिति हेतु भी आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। निर्देशअनुपालन में लापरवाही की स्थिति में कड़ी कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। भवन प्रमंडल समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता को समाहरणालय परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु अविलंब कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की बस पड़ाव में चहारदीवारी के निर्माण कार्य में कुछ दूरी के स्ट्रेच में अतिक्रमण के फलस्वरूप बाधा उत्पन्न हो रही है, तदनुसार संबंधित तकनीकी पदाधिकारी को अनुमंडल पदाधिकारी, सदर से समन्वय स्थापित करते हुए इसके अविलंब निवारण हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। तकनीकी पदाधिकारी बी एस आई डी सी एल द्वारा क्रियान्वित विद्यालय संबंधित अवसंरचना निर्माण की वर्तमान प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया की 01 में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 03 में निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की स्थिति में है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। पूल निर्माण निगम से संबंधित कार्यों समीक्षा के क्रम में संबंधित तकनीकी विभाग को स्थानीय जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में कुछ स्थलों पर परिलक्षित पानी रिसाव संबंधित समस्या को दूर करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। बैठक में एस एच 95 के वर्तमान प्रगति समीक्षा के क्रम में निर्धारित तिथि तक इसके पूर्ण होने के संबंध में आश्वस्त किया गया। कार्यपालक अभियंता, पूर्वी कोशी तटबंध, कोपरिया/चंद्रयान/सुपौल द्वारा संबंधित क्षेत्रांतर्गत समाहित तटबंध के सुरक्षित होने एवं बाढ़ निरोधात्मक कार्य पूर्ण होने के संबंध में बताया गया है। अन्य तकनीकी विभाग द्वारा संचालित योजना समीक्षा के क्रम में इसके क्रियान्वयन में और तेजी लाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। सभी तकनीकी विभागों को नियमानुसार खनन कार्यालय से संबंधित रॉयल्टी ससमय जमा करने का निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने के कारण कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण, पश्चिमी कोशी तटबंध, निर्मली/कार्यपालक अभियंता, एन एच मधेपुरा से कारण पृच्छा का निदेश दिया गया है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला के दुसरे दिन गंगा में एक कांवरिया व एक आपदा मित्र डुबे , शव की खोजबीन जारी

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में के नमामि गंगा घाट में एक आपद मित्र डुबे/ वहीं दूसरी तरफ कमरगंज गंगा घाट एक कांवरिया के डुबे / शव की खोजबीन नहीं करने पर कांवरियों ने घंटों सड़क जाम कर डुबे शव की खोजबीन की मांग की तभी सड़क जाम को हटाने की बात कही/वहीं इस घटना की जानकारी स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल,सीओ रवि कुमार को मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचकर पदाधिकारियों से बातचीत कर डुबे लोगों को जल्द से जल्द शव की खोजबीन की बात कही/ आपदा मित्र के छोटे भाई नीरभय कुमार ने बताया कि हमारे बड़े भाई आपदा मित्र अभय राज उम्र 23 वर्ष पिता पप्पू शर्मा साकिन नगर परिषद सुल्तानगंज के शाहाबाद गांव के वार्ड 24 के रहनेवाले हैं/जो अंचल पदाधिकारी रवि कुमार के द्वारा आपदा मित्र अभय राज को नमामि गंगे घाट पर लगाया गया था जो सुबह गंगा घाट से फोन आया कि हमारे भाई अभय राज डुब गये है तभी गंगा घाट पहुंचने पर देखा की मेरा भाई का कपड़ा व चप्पल मौजूद था मेरे भाई डुब गये है तभी अंचल पदाधिकारी रवि कुमार को दुरभाष पर फोन करने पर चार घंटा बिताने पर भी डुबे अभय राज की खोजबीन नहीं कि जा रही है/वहीं पुर्व एम एलसी प्रत्याशी डाक्टर संजीव कुमार ने मिडिया को बताया कि कल ही श्रावणी मेला का उदघाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया है/ जिला प्रशासन के द्वारा सारी करने के बाबजूद इस तरह की घटना होने पर कांवरियों की सुरक्षा की पोल खुल गई/ जो चार घंटा हो गया है पर डुबे आपदा मित्र शव नहीं खोजा जा रहा है/ एसडीआरएफ हवलदार रविन्द्र कुमार पासवान ने बताया कि डुबे आपदा मित्र की खोजबीन की जा रही है लेकिन गैस सिलेंडर खत्म होने पर अभी नहीं खोजबीन कर सकते हैं जो पटना से गैस सिलेंडर आने पर ही खोजबीन करने की बात कही/ वहीं दूसरी तरफ कमरगंज गंगा घाट में एक कांवरिया डुबने पर शव की खोजबीन नहीं करने पर सड़क जाम कर दिया है/ वहीं डुबे कांवरिया गौविंद गुप्ता उम्र19 के पिता नगिलाल गुप्ता ने बताया कि जिला पक्षिम चंपारण, थाना धनहा,तमकुआ के रहनेवाले है/ जो आज कमरगंज गंगा घाट में गंगा स्नान करने जाने पर मेरे पुत्र गौविंद गुप्ता डुब गये लेकिन प्रशासन के द्वारा डुबे पुत्र की खोजबीन नहीं की जा रही है अगर प्रशासन द्वारा डुबे पुत्र की खोजबीन नहीं करने पर हम लोग कांवरिया बंधु सड़क जाम करेंगे/इस घटना से पुरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल देखा जा रहा है/इस घटना में विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने भी दुःखद घटना बताते हुए जल्द से जल्द डुबे लोगों की शव की खोजबीन की जाएगी इसके लिए पदाधिकारी से बातचीत किया गया है

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के नशे में उत्पात मचा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया

हवेली खड़गपुर(कोर्ट) ।थाना क्षेत्र के कन्हैया टोला से एक पियक्कड़ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटू कुमार नामक युवक शराब के नशे में धुत होकर क्षेत्र में उत्पात मचा रहा था और राहगीरों को परेशान कर रहा था।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अपर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद युवक की पहचान छोटू कुमार के रूप में हुई, जो लगातार मोहल्ले में अशांति फैला रहा था।अपर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में मुंगेर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और इस प्रकार की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पुलिस के दबिश पर तीन वारंटी गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (कोर्ट) ।थाना क्षेत्र में चल रहे वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरगंज और महकोला गांव में छापेमारी कर तीन वारंटियों को पकड़ा गया हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संजय पोद्दार, पिता - परशुराम पोद्दार, निवासी - मुजफ्फरगंज संजय यादव, पिता - स्व. अर्जुन यादव शैलेन्द्र यादव उर्फ सादु यादव, पिता - अर्जुन यादव, निवासी - महकोला शामिल हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था। उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

# समीक्षा बैठक- डीएम ने दिया निर्देश लंबित पड़े आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादित करें जिम्मेवार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। महिला संवाद एवं डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय संवाद कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में विगत दिनों हुए महिला संवाद एवं डा. समग्र सेवा अभियान में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की गयी तथा शेष लंबित पड़े आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि महिला संवाद खत्म हुए एक माह हो चुके हैं और इस संवाद में जितनी भी आकांक्षाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र निष्पादन कर लें। डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान में प्राप्त आवेदनों का 91 प्रतिशत निष्पादन हो गया है, यह सराहनीय है। परन्तु शेष बचे लंबित आवेदनों को भी उन्होंने एक सप्ताह के अंदर निष्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला संवाद में लंबित आवेदनों के निष्पादन की गति अब भी धीमी है, उसमें सुधार लाएं और उसे भी यथाशीघ्र शतप्रतिशत निष्पादित करें। सबसे अधिक लंबित मामले कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा में लंबित हैं, जो खेद का विषय है। इसके अलावे विद्युत विभाग, परिवहन, विधि, वन विभाग, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, वासगीत पर्चा से संबंधित मामले भी लंबित हैं।इन सभी विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को जिलाधिकारी ने कहा कि इसे गंभिरता से लें तथा इसे भी शीघ्र शत प्रतिशत निष्पादित करें। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित मामलों के निष्पादन की धीमी गति पर भी उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए इसके निष्पादन में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। विद्युत कनेक्शन से संबंधित जितने भी लंबित मामले हैं, उसमें सभी को चिन्हित करें और यदि कनेक्शन देने से संबंधित आवेदन हैं तो तत्काल उसका ऑनलाइन आवेदन कराकर उसे भी निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि इनमें से जितने भी विभाग में सबसे अधिक लंबित मामले हैं वो उसका निष्पादन कर लें और सोमवारी समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रतिवेदन के साथ ही उपस्थित होंगे।

# सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सह प्रभारी मंत्री ने संभावित बाढ़ की तैयारी व सुरक्षा संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा कर तैयारी का किया समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । कृष्ण कुमार मंटु, मंत्री सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सह प्रभारी मंत्री मुंगेर की अध्यक्षता में शुक्रवार को संग्रहालय सभागार में संभावित बाढ़ 2025 की पूर्व तैयारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया । बैठक में संभावित बाढ़ की तैयारी एवं सुरक्षा संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, मुंगेर विधायक प्रणव कुमार यादव, जमालपुर विधायक अजय कुमार सिंह, तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, मेयर कुमकुम देवी, जिला परिषद अध्यक्ष साधना सिंह यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।बैठक में संभावित बाढ़ 2025 के जिले में चल रही तैयारियों तथा बाढ़ से बचाव एवं रोकथाम आदि विषयों पर चर्चा की गयी। माननीय मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर ही आपदा से लड़कर जा सकता है। इस लिए सभी पदाधिकारी अभी से ही बाढ़ पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर लें।

पिछले वर्ष के बाढ़ में जो भी त्रुटियां सामने आयी, प्रयास करें कि इस बार के बाढ़ आपदा में वह दोहराया नहीं जाए। साथ ही सूखा राशन, पशु चारा, प्लास्टिक आदि के वितरण में भी किसी प्रकार की शिकायत सामने न आए। इसके लिए अभी से ही सभी पदाधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संभावित पीड़ितों की सूची बना लें, ताकि राहत वितरण के समय किन्हीं को किसी प्रकार की कोई शिकायत न रहे। इसके अलावे उन्होंने जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को लोकल स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान राहत शिविरों में बाढ़ पीड़ितों को भोजन की कोई समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए सामुदायिक रसोई की समुचित व्यवस्था रखें ताकि उस दौरान किसी प्रकार का कोई विवाद न हो। साथ ही राहत शिविरों में साफ-सफाई तथा चिकित्सा शिविर की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिविरों में सभी प्रकार के आवश्यक दवा के साथ सर्प दंश सहित अन्य जरूरी दवाओं की उपलब्धता की भी समुचित व्यवस्था रखेंगे।बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से भी उनके क्षेत्र की बाढ़ प्रभावित इलाकों की समस्याओं के लिए सुझाव मांगे गए। माननीय जन प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझाव के संबंध में माननीय मंत्री ने जिलाधिकारी ने इस आरे ध्यान देते हुए सभी समस्याओं के समाधान कराए जाने के निर्देश दिए। बाढ़ समाप्ति के बाद पानी उतरने के समय फैलने वाले दुर्गंध एवं संक्रमण के बचाव के लिए भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए।

# जमुई सांसद अरुण भारती अपने एक दिवसीय कार्यक्रम को ले पहुंचे मुंगेर

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/ बरियारपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिला में आगामी19 जुलाई को लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का नव संकल्प सभा होने वाला है। इसके प्रचार प्रसार को लेकर लोजपा (आर) के कई बड़े नेताओ का मुंगेर दौरा शुरू हो चुका है । इसी कड़ी में जमुई के सांसद अरुण भारती मुंगेर पहुंचे और हरि इंटरनेशनल में आयोजित कार्यक्रम में चिराग पासवान के मुंगेर आने की जानकारी दी ।

उन्होंने कार्यकताओं से मिलकर रणनीति तैयार की । वहीं सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार सम्मेलन के दौरान अरुण भारती ने कहा कि उनकी पार्टी 243 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। फिलहाल एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग की बात चल रही है । सीट शेयरिंग के बाद चिराग पासवान किस सामान्य सीट से चुनाव लड़ेगे इसकी सर्वे करवाई जा रही है। जनता का आपार जन समर्थन मिल रहा हैं इसी से विपक्षी में बौखलाहट है। उनको हार सामने नजर आ रहा है यही कारण है कि चिराग पासवान की हत्या बम से कराने की बात कर रहे है । जंगल राज को पुनः लाने का प्रयास किया जा रहा है । यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं बल्कि लोक तंत्र के बहुजन नेतृत्व पर हमला है । प्रशांत किशोर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर ने जो बातें कहा है कि चिराग पासवान ने बिहार के लिए कोई काम नहीं किया है । उन्होंने यह बयान उस समय दिया होगा जब उनके पास इसको ले कोई डेटा नहीं होगा या कोई जानकारी नहीं होगी। चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहार फर्स्ट का नारा को वे धरातल पर उतारने के लिए कई काम कर रहे है । तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके परिवार के 15 साल के शासन काल में एक भी ऐसा स्कूल नहीं खोला गया जिसमें से वे मैट्रिक परीक्षा पास कर सकें। जब वे 15 साल के शासन काल में कितने , प्राथमिक स्कूल खोले गए , कितने कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोले गए इस बात का जबाव दे दे तो वे ये बताएंगे कि चिराग पासवान ने बिहार के लिय क्या किया ।

# सिपाही भर्ती परीक्षा को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफल बनाने को ले डीएम एवं एसपी ने किया ब्रीफिंग



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला पदाधिकारी, मधेपुरा तरनजोत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक, मधेपुरा संदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में शनिवार को सिपाही भर्ती, 2025 परीक्षा कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण के सफल संचालनार्थ प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी / पुलिस पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को ब्रीफिंग किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया जाएगा। एडमिड कार्ड के अलावा कोई परीक्षार्थी अपने साथ अवांछित पेपर लेकर नहीं जाएंगे। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिये कि कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन करना प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को ससमय केन्द्र पर पहुंचने की अपील की है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर कलम, मोबाइल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर जाने वाले दंडाधिकारी और अन्य पदाधिकारी अपना पहचान पत्र साथ रखें। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ससमय अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर पहुंचेंगे।

### नवविवाहिता ने फांसी लगा कि खुदकुशी , परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

बरियारपुर (मुंगेर)।दियारा निवासी रेलकर्मी राजेश कुमार की शादी 4 मार्च 2024 को खगड़िया निवासी धर्मेंद्र महतो की बड़ी बेटी आंचल से समारोह पूर्वक हुई थीं। शादी के कुछ दिनों तक तो सब कुछ काफी नॉर्मल ढंग से चल रहा था पर उसके बाद दोनों के किसी न किसी बात को ले विवाद होना शुरू हो गया । जिसके बाद दोनों के बीच रिश्तों में खटास आने लगी । कई बार परिजनों के द्वारा दोनों के बीच समझौता भी करवाया गया, पर बात नहीं बनी । और शुक्रवार की सुबह उसने फांसी लगा आत्महत्या कर ली । जिसके बाद इस बात की सूचना पति राजेश ने पुलिस और उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मामले के जांच की जा रही तो तभी मृतका के परिजन पहुंचे बेटी को गला दवा हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया जाने लगा ।

# बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने की विभागीय समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई शनिवार 12 जुलाई 2025 को 3:00 बजे अपराह्न में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में एक अहम समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर झाझा के विधायक श्री दामोदर रावत, आप्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, जिलाधिकारी श्री नवीन पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल, उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल तथा विशेष कार्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू कर जनसामान्य को लाभान्वित करना है ' जिससे आत्मनिर्भर ग्रामीण बिहार की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिले में चल रही प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना , इंदिरा आवास योजना (अपूर्ण रहे आवासों को पूर्ण करने संबंधी), लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, वृक्षारोपण अभियान, जल-जीवन-हरियाली योजना, जीविका, आधारभूत संरचना एवं प्रशासनिक ढांचा इत्यादि से संबंधित का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विवरण प्रस्तुत किया। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, लाभार्थियों की संख्या और क्षेत्रीय प्रदर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मंत्री महोदय ने समयबद्धता और गुणवत्ता पर दिया जोर देते हुए निर्देश दिया कि सभी योजनाएं निर्धारित मापदंडों के अनुसार समय पर और पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएं। उन्होंने लाभार्थियों तक योजनाओं के वास्तविक लाभ पहुँचाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी महोदय ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग से सम्बंधित पदाधिकारी एवं जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ उपाय संयम और विवेक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई:-विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर केकेएम कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में ह्यभारत में जनसंख्या स्थिरीकरण और आर्थिक विकासह्व विषय पर व्याख्यान हॉल में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में प्रो.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि और जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना। उन्होंने कहा कि संतुलित आर्थिक विकास के लिए जनसंख्या सस्थिरीकरण आवश्यक है. जनसंख्या स्तरीकरण का तात्पर्य है जनसंख्या वृद्धि दर को इस स्तर पर जाना, जहां जन्म दर और मृत्यु दर के बीच संतुलन बना रहे. जनसंख्या स्तरीकरण भारत के सतत विकास, संसाधनों के संरक्षण और सामाजिक स्थिरता के लिए अत्यंत जरूरी है। जनसंख्या विस्फोट के कारण भविष्य में मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति असंभव हो जाएगी। भारत में हर साल एक ऑस्ट्रेलिया जन्म लेता है.अर्थात ऑस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या (2.74 करोड़ ) के बराबर लोग हमारी कुल जनसंख्या में जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत जनसंख्या के दृष्टिकोण से विश्व चैंपियन बन गया है। स्टैटिसटिक्स टाइम की रिपोर्ट के अनुसार 1 जुलाई 2025 तक भारत की क्रूड जनसंख्या 146.4 करोड़ तक पहुंच चुका है, जबकि चीन की कुल जनसंख्या 141 करोड़ ही है। द्रुत गति से बढ़ती जनसंख्या बहुआयामी समस्याओं की जननी है। ये भूखड़ों की जमात पैदा कर रही है। इसने गरीबी, बेरोजगारी और खाद्यान्न संकट को जन्म दी है। प्रो.पासवान ने कहा कि भारत में जनसंख्या वरदान बन सकती है, बशर्तें कि नीतियों का निर्धारण आबादी के अनुरूप हो। जनसंख्या स्थिरीकरण आज सबसे बड़ी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है। हालांकि देश में जन्म दर और मृत्यु दर के बीच संतुलन की स्थिति धीरे-धीरे विकसित हो रही है। जैसे वर्तमान में जन्म दर (क्रूड बर्थ रेट) प्रति वर्ष प्रति 1000 लोगों पर 19 है, जबकि मृत्यु दर (क्रूड डेथ रेट) प्रतिवर्ष प्रति 1000 लोगों पर केवल 7 है। कहते हैं कि ह्ययत्र नारी शिक्षिताः तत्र जनसंख्या नियंत्रिताह्व अर्थात जनसंख्या स्थिरीकरण विकास की रीढ़ और जीवन रेखा है,अनियंत्रित जनसंख्या विनाश की रेखा.जनसंख्या नियंत्रण के सर्वश्रेष्ठ उपाय संयम और विवेक है। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर सह अर्थविद प्रो.सरदार राम ने कहा कि अनियंत्रित जनसंख्या विकास नहीं, विनाश लाती है. जनसंख्या वृद्धि संसाधनों का अपव्यय और अवसरों की हत्या जैसी है। जनसंख्या विस्फोट सामाजिक शांति और न्याय के लिए खतरा बनता जा रहा है। जनसंख्या नियंत्रण केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, पुरुषों की सहभागिता और मानसिकता में परिवर्तन आवश्यक है। जनसंख्या की रफ्तार जब तक खाद्यान्न उत्पादन व जनहितकारी योजनाओं की अपेक्षा तेज रहेगी, तब तक विकास खोखला रहेगा। राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि जनसंख्या विस्फोट सिर्फ स्थानीय नहीं, वैश्विक समस्या है।

# आस्था भक्ति समर्पण एवं संगम का विहंगम दृश्य है कांवरिया पथ

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर) विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दूसरे दिन शनिवार की आधी रात बाद से ही काफी खुशनुमा मौसम के बीच बाबा बैजनाथ के लिए कांवर लेकर जलाभिषेक करने को लेकर पैदल जा रहे कांवरियों के बीच आस्था, भक्ति, समर्पण, एवं संगम, का विहंगम, दृश्य कांवरिया पथ में 24 घंटे देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों की तुलना में इस वर्ष तारापुर के कुशल प्रशासक के साथ-साथ आम जनमानस के बीच बेहद सहज, सरल, माने जाने वाले अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार के प्रयास से एक बेहतर व्यवस्था के बीच रात्रि 2:00 बजे के बाद से ही भोलेनाथ के भजन पर थिरकते कांवरियों से संपूर्ण मार्ग शिवमय हो उठा है । बता दें कि सही मायने में कांवरिया पथ पर समाजवाद, समरसता, संप्रदायिक सौहार्द, का नजारा देखने में बनता है। बता दें कि सावन महीने में शिव भक्त भांति -भांति रंग रूप में बाबाधाम को जाते हैं। जिसमें पहले किस्म के वैसे कांवरिया हैं जो पैदल चलते हैं, और कांवर को अपने कंधे पर से तब तक नहीं उतारते जब तक बाबा धाम नहीं पहुंचते ।ऐसे कांवरिया खड़ा बम कहलाते हैं । दूसरे शिवभक्त वे हैं , जो 24 घंटे के भीतर बाबा बैजनाथ के ऊपर जलाभिषेक करते हैं। जिसे डाक बम कहा जाता है । और तीसरे शिव भक्त वे हैं जो सुल्तानगंज गंगातट से दंड देते 105 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबाधाम लगभग 40 दिनों में पहुंचते हैं, उसे दांडी बम कहा जाता है ।बाबा धाम देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम को लेकर हर रोज अप्रत्याशित भीड़ मनिया एवं कुमरसार सरकारी धर्मशाला पर होती है । यहां शाम ढलते ही स्कूल,हाट मैदान, सहित दुर्गा स्थान का प्रांगण, शिव भक्तों से पट जाते हैं । कांवरिया यहां विशाल बदुआ नदी में बालू पर पलट पलट कर घंटों स्नान कर अपनी थकान को मिटाते हुए अपनी यात्रा यादगार को लेकर घोड़े पर सवार होकर फोटोशूट भी कराते हैं।इधर जहानाबाद के मुकेश कुमार , रीतलाल सिंह सोनी देवी मंजू देवी प्रिया सिंह खुशबू रानी इत्यादि बताते हैं कि वाकई में यात्रा के दौरान यहां मुझे इस नदी में अभी शाम के समय वृंदावन जैसा विहंगम नजारा देखने को मिल रहा है।

# कांवरियों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं रेल प्रशासन सर्तक, तिसरी आंखों से रख रहे निगरानी

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज श्रावणी मेला में जिला प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन के द्वारा तीसरी आंखों से निगरानी रखी जा रही है/आपको बताते चलें कि श्रावणी मेला क्षेत्र में लगभग 100 से भी अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसका मोनिटरिंग रेलवे स्टेशन सुल्तानगंज एवं सुल्तानगंज थाना के द्वारा की जा रही/ श्रावणी मेला क्षेत्र में नौ अस्थाई थाना के साथ-साथ पुलिस बल , महिला पुलिस बल,सैफ के जवानों को लगते हुए अतिरिक्त बल अजगैबीनाथ गंगा घाट, नमामि गंगे घाट, सहित अन्य श्रावणी मेला क्षेत्र एवं कांवरिया पथ में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है/कांवरियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए जिला प्रशासन एवं रेल प्रशासन सर्तक नजर आ रहे हैं/जो आप साफ कैमरे में देख सकते हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था को डीएसपी चन्द्र भूषण कुमार प्रेसवार्ता के दौरान क्या कुछ कहा देखें पुरी रिपोर्ट ।

# अस्थि दिव्यांग बालक बालिकाओं के बीच व्हील चेयर एवं ट्राय साईकिल का किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा अस्थि दिव्यांग बालक बालिकाओं के बीच व्हील चेयर एवं ट्राय साईकिल का वितरण जिला कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में स्थानीय प्राथमिक विद्यालय जेल कॉलनी कहरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापिका उच्च विद्यालय जेल कॉलनी, कहरा एवं प्राथमिक विद्यालय जेल कॉलनी, कहरा द्वारा स्वागत भाषण से किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के सभी 10 प्रखण्डों से कुल 51 अस्थि दिव्यांग बालक-बालिका के बीच व्हील चेयर एवं ट्रायसाईकिल का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में धर्मेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, रमण राठौर, अरविंद सिंह, बुद्धिसागर सिंह, अजय गिरी, मनोज कुमार साह, निशिकांत तिवारी की उल्लेखनीय भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन देते हुये संभाग प्रभारी मनीष मोहन द्वारा बताया गया कि नई शिक्षा नीति के 05 वर्ष पूर्ण के अवसर पर 29 जुलाई से 01 सप्ताह के लिए प्रत्येक प्रखण्डों अथवा अनुमण्डलों में दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें सहाय उपकरण प्रदान करने की कार्रवाई की जायेगी।

सम्पादकीय

## ग्लेशियर पिघलने से ज्वालामुखी विस्फोटों का बढ़ता खतरा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



पिछले कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन ने पूरी दुनिया को अपने भयावह असर से झकझोर कर रख दिया है। सूखा, बाढ़, समुद्र स्तर में वृद्धि, और मौसमी घटनाएं अब असामान्य नहीं रहीं। लेकिन हाल ही में गोल्डश्मिट कॉन्फ्रेंस में पेश एक शोध ने, जलवायु परिवर्तन से जुड़े एक और खतरनाक आयाम की ओर ध्यान आकर्षित किया है पिघलते ग्लेशियरों के कारण ज्वालामुखी विस्फोटों का खतराह्व। यह बात अब सिद्ध हो चुका है कि ग्लेशियरों के पिघलने से सिर्फ समुद्र का स्तर ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि पृथ्वी के भीतर की भूगर्भीय गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं, जिससे ज्वालामुखी अधिक विस्फोटक और बार-बार फटने लगा है।

गोल्डश्मिट कॉन्फ्रेंस, जो पृथ्वी रसायन शास्त्र के क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी है, में वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाला शोध प्रस्तुत किया है। इस शोध में बताया गया है कि दुनिया के 245 सक्रिय ज्वालामुखी ऐसे क्षेत्रों में स्थित है जहाँ ग्लेशियर मौजूद है या पास के 5 किलोमीटर के दायरा में फैला है। विशेष रूप से दक्षिणी चिली के छह ज्वालामुखियों पर अध्ययन किया गया है, जिसमें मोचो-चोशुएंको ज्वालामुखी प्रमुख था। शोधकताओं ने पाया है कि जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघल रहा हैं, वैसे-वैसे इन ज्वालामुखियों की गतिविधि तेज होता जा रहा है और विस्फोटों की तीव्रता में भी इजाफा हो रहा है।ग्लेशियरों का भारी वजन पृथ्वी की सतह और उसके नीचे की मैग्मा परतों पर दबाव बनाए रखता है। यह दबाव ज्वालामुखी के अंदर गैसों और लावा को नियंत्रित करता है, जिससे विस्फोट नहीं होता है या बहुत सीमित होता है। लेकिन जब ग्लेशियर पिघलता है, यह दबाव अचानक कम हो जाता है, जिससे मैग्मा और गैस ऊपर की ओर तेजी से बढ़ता है और विस्फोट हो सकता है। इस प्रक्रिया को वैज्ञानिक डिकंप्रेशन मेल्टिंग कहते हैं, जिसमें दबाव के घटने से मैग्मा ज्यादा तेजी से पिघलने और ऊपर की ओर बढ़ने लगता है।ऐसा नहीं है कि यह केवल सैद्धांतिक अनुमान है। आइसलैंड में 2010 में हुआ एयाफ्जाल्लाजोकुल ज्वालामुखी विस्फोट इसका जीता-जागता उदाहरण है। उस समय भी वैज्ञानिकों ने पाया था कि ग्लेशियरों के पिघलने के बाद दबाव में गिरावट आई है और ज्वालामुखी विस्फोट हुआ है।वैज्ञानिकों ने विशेष रूप से दुनिया के उन क्षेत्रों की पहचान की है जहाँ ग्लेशियर और ज्वालामुखी दोनों मौजूद है। यह क्षेत्र हैं अंटार्कटिका, रूस का कमचटका प्रायद्वीप, न्यूजीलैंड का दक्षिणी द्वीप, उत्तर अमेरिका के रॉकी पर्वत और अलास्का, आइसलैंड और नॉर्वे के ग्लेशियर क्षेत्रों, दक्षिणी चिली और एंडीज पर्वत श्रृंखला। इन क्षेत्रों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने के कारण भूगर्भीय हलचलें बढ़ रही हैं, जिससे वहां बसे समुदायों के लिए खतरा कई गुना बढ़ गया है।दक्षिणी चिली का मोचो-चोशुएंको ज्वालामुखी, जो वर्षों से शांत था, अब फिर से सक्रियता के संकेत दे रहा है। यह ज्वालामुखी एक भारी ग्लेशियर से ढका हुआ है। शोधकताओं ने पाया कि इसके नीचे की मैग्मा चेंबर पर से दबाव कम हो रहा है, जिससे इसमें उबाल सा आ गया है। यदि यह ज्वालामुखी विस्फोट करता है तो इसका प्रभाव सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी होगा, जैसे कि हवाई यातायात में बाधा, वायुमंडलीय प्रदूषण और जलवायु पर प्रभाव।

एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि ज्वालामुखी विस्फोट केवल स्थानीय आपदा नहीं हैं, ये वैश्विक जलवायु को भी प्रभावित कर सकता है। विस्फोटों के दौरान वायुमंडल में भारी मात्रा में सल्फर डाइऑक्साइड, राख और गैस जाता है, जो सूरज की किरणों को रोककर ग्लोबल कूलिंग का कारण बन सकता है। लेकिन जब यह विस्फोट अक्सर और तीव्र होता है, तो वह ओजोन परत को नुकसान, एसिड रेन और फसल उत्पादन में गिरावट, जैसी गंभीर समस्याएं भी ला सकता है। शोधकताओं का मानना है कि मानवजनित ग्रीनहाउस गैस इस पूरे संकट का मूल कारण हैं। कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, और नाइट्रस ऑक्साइड जैसे गैसों के कारण धरती का औसत तापमान बढ़ रहा है। इसका सीधा असर ग्लेशियरों पर हो रहा है, जो पहले स्थिर था, अब वह रिकॉर्ड गति से पिघल रहा है।हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 20 मीटर पीछे हट रहा है। ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका से प्रति वर्ष 500 गीगाटन बर्फ समुद्र में मिल रही है। अलास्का के अधिकांश ग्लेशियर अब तक 90% तक सिकुड़ चुका है। यह सब संकेत है कि यह जिस ओर बढ़ रहा है, वह एक आपदा की ओर है।इसका समाधान है ग्रीनहाउस गैसों में कटौती कोयला, तेल और गैस का उपयोग सीमित करना। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (सौर, पवन, जलविद्युत) को बढ़ावा देना। सैटेलाइट और सेंसर आधारित निगरानी तंत्र विकसित करना। संभावित विस्फोट क्षेत्रों को पहले ही चिन्हित करना। जोखिम वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानांतरित करना। आपातकालीन योजनाएं तैयार करना। संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक जलवायु निकायों को मिलकर कदम उठाने होंगे। अमीर और प्रदूषणकारी देशों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी।

शोधकताओं ने स्पष्ट कहा है कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में और भी तीव्र, अधिक विनाशकारी और बारंबार होने वाले ज्वालामुखी विस्फोटों का सामना करना पड़ेगा। यह सिर्फ प्राकृतिक घटनाएं नहीं रहेगी, बल्कि मानवजनित जलवायु परिवर्तन की कीमत बन जाएंगी।ग्लेशियरों का पिघलना अब केवल समुद्र

## टैरिफ की टकराहट में उलझा भारत-अमेरिकी व्यापार समझौता : क्या बनेगी बात?

केके झा

9 जुलाई 2025 तक जिस भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद थी, वह अब भी अधर में लटका है। यह सिर्फ एक समझौता नहीं, बल्कि दोनों लोकतंत्रों की नीतियों, प्राथमिकताओं और प्रतिबद्धताओं की परीक्षा है। भारत की ओर से सबसे बड़ा अड़ंगा कृषि, विशेषकर डेयरी क्षेत्र है, जिससे 8 करोड़ से अधिक छोटे किसान जुड़े हैं। अमेरिकी डेयरी उत्पादों के लिए बाजार खोलना इनकी आजीविका के लिए संकट पैदा कर सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजार को कृषि उत्पादों, वाहनों और शराब के लिए खोले। भारत का ह्लमेक इन इंडियाह्व अभियान इन मांगों को पूरी तरह स्वीकारने से रोकता है। उद्योग क्षेत्र में स्टील और ऑटो पार्ट्स को लेकर भी विवाद है। व्यापार समझौते में हो रही यह देरी दशार्ती है कि दोनों देश अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।बहुप्रतीक्षित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर 9 जुलाई 2025 तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद थी। लेकिन यह तारीख भी बीत गई, और समझौता अब भी अधर में लटका है। यह देरी दशार्ती है कि दोनों देश अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता सिर्फ आँकड़ों या सामान की अदला-बदली का मामला नहीं है - यह समझदारी, सम्मान और दूरदर्शिता से जुड़े निर्णयों का विषय है।

इस समझौते में सबसे बड़ा रोड़ा बना है कृषि, खासकर भारत का डेयरी क्षेत्र। देश के 8 करोड़ से अधिक छोटे किसान दुग्ध व्यवसाय पर निर्भर हैं। अगर अमेरिका को भारत के डेयरी बाजार में प्रवेश मिल गया, तो यह किसानों की आजीविका के लिए बड़ा संकट बन सकता है। भारत का यह विरोध सिर्फ नीति का मामला नहीं है - यह ग्रामीण भारत की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा सवाल है।


वहीं अमेरिका भारत में अपने डेयरी, मक्का, सोयाबीन और शराब उत्पादों के लिए बाजार चाहता है। लेकिन अमेरिका भारत की कृषि संरचना और उसकी संवेदनशीलता को अक्सर सही तरीके से नहीं समझ पाता। भारत की खेती एक जीविका है, व्यापार नहीं।कृषि के बाद अगला बड़ा मुद्दा है औद्योगिक वस्तुओं का व्यापार - जैसे स्टील और ऑटोमोबाइल पाट्र्स। अमेरिका ने भारतीय स्टील पर ऊंचे टैरिफ (शुल्क) लगा रखे हैं।

# विचार मंथन

## देश के सेना और वैज्ञानिक को सम्मान करना चाहिए

जब मेरा सेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट पर सिलेक्शन हेतु एस एस बी में गया तो इंटरव्यू लेने वाले ने साफ कह दिया था कम्युनिकेशन स्किल बहुत जरुरी है जो मुझमें कमी थी अतः उन्होंने बताया वहाँ इतना सोचने का टाइम नहीं होता है तुरंत ही दुश्मन पर हमला किया जाता है और कुछ भी मिस अंडरस्टैंडिंग हुई तो दुश्मन तुरन्त हमला कर देगा





संजय गोस्वामी


लेखक

आज सब अपना देखते हैं यही खर्ज है आज महंगाई में मिडिल क्लास का जीना हराम हो गया है सैलरी लगता खुब मिलता है लेकिन खर्च भी बढ़ता जा रहा है 100 रुपए का आज क्या वैल्यू है उसपर सब्जी का फल का रेट देखिए अब वो जमाना गया कि कैसे भी एडजस्ट करते थे और पढ़ाई भी सस्ती थी सब्जियाँ फल तो घर में ही उगा लेते थे और काम भी चल जाता था अब बिगबास्केट, जेप्टो, ग्रोफर जैसी तमाम ग्रोसरी से लेकर फल सब्जियाँ देती है घर पर ही जो ताजी नहीं मिलती और बापस करने पर तमाम तरह के फोटो रिटर्न्स नहीं होगा और ठगा ठगा महसूस करता है बिगबास्केट तो बिल्कुल खराब समान दे रहा है कितनी बार फंगस लगा हुआ मिला और बार बार ऐसा होने पर अकाउंट ही लॉक कर दिया दरअसल मैं ऑनलाइन के चक्कर में नहीं रहता हूँ लेकिन ऐ आज फॅमिली की पसंद बन गई है पहले सब्जी खरीदने बाजार निकलते थे उससे कई गुना सस्ता समान आज भी आप सब्जियाँ बाजार से खरीद कर देंखे इससे आपके दो फायदा होगा आपका घूमना भी होगा और वहाँ भी जो अच्छा होगा आप चुन कर लेंगे और इसी बहाने फल भी खरीद लेंगे आप एक बार आजमाने की कोशिश करें हाँ किराना का सामान हो सकता है सस्ता ना मिले लेकिन घुन या फंगस लगा हुआ सामान नहीं मिलेगा क्योंकि वहाँ किराना स्टोर उसे फेंक देती है जबकी बिगबास्केट आदि यही सामान को बिल्कुल एक्सपायरी डेट के करीब का देती है जो एक तरह से रोड पर मारा मारा फिरता है और कई तो उसे एक्सपायरी डेट को ही रीप्रिंट कर देते है पहले सामान दिखा कर उसी के हिसाब से रेट मिलता था और सस्ता था उसे भी बेचना है आप दादर का भाजी मार्केट देखिए वहाँ कुछ समय सुबह तक खुब भाजी मिलता है जिसे जोमाटो और अन्य ऑनलाइन जो खाने का सामान देते है यहाँ तक की होटल भी निकला खुब लेते है सुबह में सुन्दर दीखता है और जैसे ही मुंबई महानगर के लोग सफाई के लिए आते है वो रोड पर मारा मारा फिरता है और कोई उसे भी लें जाता है शायद होटल के लिए अतः खाने पर बाहर का खाना ऑनलाइन खरीदने से बचें और जहाँ तक हो पैसे बचाने की कोशिश करें बहुत दुःख होता है जब अंग्रेजो की लड़ाई सब मिलकर लड़े फिर भी गुलामी सा महसूस क्यों होता है अमेरिका एक बार नहीं सौ बार कहता है कि हम भारत और पाकिस्तान का सीजफायर कराई अमीर लोग अमीर बनते जा रहे हैं और मध्यम वर्ग पीस रहा है कुछ दिन पहले किसी मरीज की हालत खराब थी एम्बुलेंस समय पर नहीं रहा और अपनी गाड़ी थोड़ी सी इधर से उधर हुई और चलाना कट गया और ऐ कोई मामूली रकम नहीं होता है जबकी रोडो का इतना गहरा गढ़ा टुटा फूटा कहीं कहीं लाइट नहीं है इसका कौन जिम्मेदार है एक तरफ चलान काटा गया लेकिन रोड की हालत भी देखिए आम आदमी हर जगह मारा जा रहा है क्या खाएगा क्या कमायेगा महंगाई का मतलब है वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में सामान्य वृद्धि। इसे मुद्रास्फीति भी कहा जाता है। इसका मतलब है कि एक ही राशि में अब कम सामान और सेवाएं खरीदी जा सकती हैं, क्योंकि कीमतें बढ़ गई हैं। ::सरकार द्वारा अधिक पैसा छापना या खर्च करना भी महंगाई का कारण बन सकता है। युद्ध और प्राकृतिक आपदाएं:युद्ध या प्राकृतिक आपदाओं के कारण आपूर्ति बाधित होने से कीमतें बढ़ सकती हैं। महंगाई का प्रभावःखरीद शक्ति में कमीःमहंगाई से लोगों की खरीद शक्ति कम हो जाती है, क्योंकि वे अब एक ही राशि में कम सामान खरीद पाते हैं। बचत पर प्रभावःमहंगाई से बचत का मूल्य कम हो जाता है, क्योंकि मुद्रा का मूल्य गिर जाता है। महंगाई गरीबों पर अधिक प्रभाव डालती है, क्योंकि उनके पास अपनी आय बढ़ाने के सीमित विकल्प होते हैं। :केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को बढ़ाकर और पैसे की आपूर्ति को कम करके महंगाई को नियंत्रित कर सकता है। :सरकार खर्च को कम करके और करों को बढ़ाकर महंगाई को नियंत्रित कर सकती है। :सरकार कुछ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों को नियंत्रित कर सकती है और सब्सिडी प्रदान कर सकती है पेनाल्टी कम करे जो गलती से हुआ हो.उच्च महंगाई आर्थिक विकास को धीमा कर सकती है, क्योंकि यह निवेश और खपत को कम करती है।आर्थिक विकास पर जोड़ देना जरुरी है और हमेशा दूसरे देश की निर्भरता को कम करना छोटे उद्योग को बढ़ावा देना सेना को यदि फ्री हैंड दिया है तो करने दीजिये उसे जो करना है जब मेरा सेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट पर सिलेक्शन हेतु एस एस बी में गया तो इंटरव्यू लेने वाले ने साफ कह दिया था कम्युनिकेशन स्किल बहुत जरुरी है जो मुझमें कमी थी अतः उन्होंने बताया वहाँ इतना सोचने का टाइम नहीं होता है तुरंत ही दुश्मन पर हमला किया जाता है और कुछ भी मिस अंडरस्टैंडिंग हुई तो दुश्मन तुरन्त हमला कर देगा और अब सेना के प्रवक्ता से ही ऐ बात निकल कर आ रही है कि पाकिस्तानी सेना को टारगेट ना करने व आतंकवादी को टारगेट करने पर कुछ राफेल नस्ट हुए जबकी वहाँ की सेना ही आतंकवादी के लिए ही बनी है ।

अतः सेना को कभी इसप्रकार की आदेश देने की जरुरत नहीं है और उनके साथ हमेशा विश्वास करना चाहिए देश सर्वोपरि है उससे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करनी चाहिए चाहे जंग कितनी लम्बी क्यों ना हो :सप्लाई चेन मॅनॅग्मेंट का सही आकलन और तकनिकी पर फोकस करना चाहिए ब्रिक देशों के सम्मेलन में जाने के बाद भी अमेरिका का डॉलर ही चलने वाला है ।

## धोखाधड़ी और घोटाले बने भारत की पहचान?

दुनिया के देशों में भारत की एक नई छवि विकसित हो रही है। भारत को भ्रष्टाचार,घोटाले और धोखाधड़ी के सरताज के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के आर्थिक अपराध अनुसंधान के अधिकारियों ने 49000 करोड रुपए की ठगी का पदार्फाश किया है। निवेशकों को लुभावूनी योजनाओं का झांसा देकर 49000 करोड रुपए की लूट की गई है





सनत जैन

लेखक

2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। तब उनकी छवि एक ऐसे सशक्त नेता के रूप में थी। जिसमें भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं था। सरकारी घोटाले और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए, उन्होंने जो वायदे किए थे। उसके बाद यह माना गया था, उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत में भ्रष्टाचार घोटाला और अपराधों में भारी कमी आएगी। 11 वर्षों से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद पर हैं। इसके बाद भी घोटाले, भ्रष्टाचार और अपराधिक घटनाओं में कमी होने के स्थान पर लगातार वृद्धि हो रही है। दुनिया के देशों में भारत की एक नई छवि विकसित हो रही है। भारत को भ्रष्टाचार,घोटाले और धोखाधड़ी के सरताज के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के आर्थिक अपराध अनुसंधान के अधिकारियों ने 49000 करोड रुपए की ठगी का पदार्फाश किया है। निवेशकों को लुभावूनी योजनाओं का झांसा देकर 49000 करोड रुपए की लूट की गई है। अपराध शाखा ने पर्ल्स एग्रोटेक कॉरपोरेशन लिमिटेड के मलिक गुरनाम सिंह को पंजाब के रोपड़ से गिरफ्तार किया है। यह भारत का सबसे बड़ा ठगी का घोटाला है। इसके पहले सीबीआई ने पोंजी स्कीम मामले में इसे गिरफ्तार किया था। यह जमानत पर चल रहा है। इसके बाद भी इसका ठगी और घोटाले का कारोबार चलता चला आ रहा है। इसी तरह का एक मामला मध्य प्रदेश के इंदौर में उजागर हुआ है। ट्रेडिंग के नाम पर निवेश की गई राशि को डबल करने के नाम पर पांच राज्यों के निवेशकों से ठगी की गई। 2400 करोड़ की ठगी का यह मामला इंदौर में सामने सामने आया है। यह ठगी एफएक्स और यार्कर कैपिटल फर्म के जरिए देश के पांच राज्यों में की गई है। इंदौर एसटीएफ को जांच के दौरान हरियाणा के एक कमरे से कंपनी चला रहे, मालिकों के पास से 300 करोड़ से ज्यादा के संदिग्ध लेनदेन के सबूत प्राप्त हुए हैं। इंदौर एसटीएफ ने 150 करोड रुपए की राशि को फ्रीज किया है। इन कंपनियों के बारे में सूचना केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी को दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने झांगूर बाबा को धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश की पुलिस को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का विदेशी लेनदेन के सबूत मिले है। इस बाबा ने विदेशी धन का उपयोग धर्मांतरण के लिए किया है। इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए ही केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को असीमित अधिकार दिए गए थे। विदेश से जो धन आ रहा था, उसको पकड़ पाने में ईडी असफल साबित हुई। 2015 से 2025 के बीच में सैकड़ों घोटाले सामने आए है। उनके कोई सबूत नहीं थे, सरकारों ने राजनैतिक आरोप मानकर उनकी जांच भी नहीं कराई। जिसके कारण अधिकृत आंकड़े कभी सामने नहीं आए। जिन मामलों में जानकारी निकाल कर सामने आई है। इसमें एबीजी शिपयार्ड घोटाला लगभग 22800 करोड़ का है। 28 बैंकों के साथ धोखाधड़ी की गई है। नीरव मोदी का पंजाब नेशनल बैंक घोटाला लगभग 14000 करोड रुपए का है। इसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों को चूना लगाया और विदेश भाग गया। नीरव मोदी और मेहुल चौकसी आज भी भगडों की सूची में शामिल है। विजय माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस घोटाला 9000 करोड रुपए का है। वह भी भारत छोड़कर विदेश में रह रहे हैं। पिछले 6 साल से उसे भारत लाने की कोशिश भारत सरकार कर रही है। अभी तक उन्हें भारत नहीं लाया जा सका है। 2018 से 2023 के बीच में अल्पसंख्यक पेंशन में 14483 करोड रुपए का घोटाला सामने आया। यह घोटाला 34 राज्यों में 1572 संस्थाओं के माध्यम से किया गया। अभी इसकी सीबीआई जांच ही चल रही है। कुछ खातों को फ्रीज कर दिया गया है, लेकिन मामला अभी भी ढाक के पात है। 2025 में उत्तर प्रदेश का बीमा घोटाला सामने आया है। इसमें बीमार लोगों को निशाना बनाकर बीमा पॉलिसी के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। अरुणाचल में सरकारी धन के गबन का मामला सामने आया है, इसकी जांच चल रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह घोटाला किया गया है। यह भी करोड़ों रुपए का घोटाला है। बैंकिंग घोटाले और धोखाधड़ी की बात करना ही अब व्यर्थ हो गई है। 2015 से लेकर 2021 तक देश में ढाई लाख करोड रुपए की बैंकिंग धोखाधड़ी हुई है। महाराष्ट्र दिल्ली तेलंगाना गुजरात तमिलनाडु राज्यों में 83 फीसदी घोटाले हुए हैं।

बैंकों में साइबर धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ते चले जा रहे हैं। 2015-16 में 67760 करोड रुपए की, 2020-21 में 10699.9 करोड रुपए की धोखाधड़ी दर्ज की गई थी। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

भारत में इलेक्ट्रोल फंड, पीएम केयर फंड, एवं कई दर्जन ऐसे घोटालों के आरोप लगे हैं। जिनकी जांच नहीं हुई है, इन्हें राजनीतिक घोटाले के आरोप मानते हुए उनकी जांच ही नहीं कराई गई है। इसी तरह शेयर बाजार और सेबी के घोटाले समय-समय पर सामने आए हैं। इसकी जांच की जिम्मेदारी सेबी को दी गई थी। अभी तक कहीं से भी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। केंद्र सरकार की योजनाओं और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर रोजाना सैकड़ो करोड रुपए के घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं। उनकी जांच नहीं होने के कारण, यह सारे घोटाले, आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में भारत में हो रहे घोटाले, भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी के मामले दुनिया में पहुंच रहे हैं। जिसके कारण भारत की एक नई छवि वैश्विक स्तर पर बन रही है। भारत को भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और ठगी के रूप में पहचाना जा रहा है। जब भारत स्वतंत्र हुआ था, उस समय भारत की पहचान सांप और सपेरों से होती थी। अब ठगी, धोखाधड़ी और अपराध से दुनिया के देशों में भारत की पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार केन्द्र की सत्ता में है। वह धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और रिश्वत को रोकने के लिए सत्ता में काबिज हुए थे। उनके शासनकाल में यह स्थिति आश्चर्यजनक है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले को किया संबोधित

जितेंद्र कुमार सिन्हा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज का दिन इन युवाओं के लिए भारत सरकार के विभिन्न विभागों में नई ज़िम्मेदारियों की शुरूआत का दिन है। उन्होंने विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं शुरू करने वाले युवाओं को बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि अलग-अलग भूमिकाओं के बावजूद, उनका साझा लक्ष्य ह्लनागरिक प्रथमह्व के सिद्धांत पर आधारित राष्ट्र सेवा है।प्रधानमंत्री ने भारत की जनसांख्यिकीय और लोकतांत्रिक नींव की बेजोड़ ताकत पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ भारत में घरेलू और वैश्विक स्तर पर भविष्य को आकार देने की अद्वितीय क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विशाल युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूंजी है और सरकार इस पूंजी को दीर्घकालिक समृद्धि के उत्प्रेरक में बदलने के अपने प्रयासों में दृढ़ है।

श्री मोदी ने कहा, ह्लअभी दो दिन पहले ही मैं पांच देशों की यात्रा से लौटा हूं। मैंने जिन भी देशों का दौरा किया, उनमें भारत के युवाओं की शक्ति का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस यात्रा के दौरान हुए समझौतों से देश-विदेश में भारतीय युवाओं को लाभ होगा।ह्व उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा के दौरान रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और दुर्लभ मृदा खनिजों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुए विभिन्न समझौतों से दूरगामी लाभ होंगे। श्री मोदी ने आगे कहा, ह्लये पहल न केवल भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगी बल्कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में युवा भारतीयों के लिए सार्थक अवसर भी पैदा करेंगी।

रोजगार के उभरते परिदृश्य पर बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि 21 वीं सदी में रोजगार की प्रकृति तेजी से बदल रही है। नवाचार, स्टार्टअप और अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने भारत में युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए सशक्त बनाने वाले विकासशील व्यवस्था की चर्चा की। उन्होंने नई पीढ़ी पर अपने व्यक्तिगत गर्व और विश्वास को साझा किया और युवाओं को महत्वाकांक्षा, दूरदर्शिता और कुछ नया रचने की प्रबल इच्छा के साथ आगे बढ़ते देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

श्री मोदी ने कहा कि भारत सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में, सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना नामक एक नई योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत, सरकार निजी क्षेत्र में अपनी पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रदान करेगी। ह्यह्लदूसरे शब्दों में, सरकार उनकी पहली नौकरी के पहले वेतन में योगदान देगी। इसके लिए सरकार ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इस योजना से लगभग 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय विकास को गति देने, रोजगार सृजन करने और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की यात्रा को गति देने में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में मेक इन इंडिया पहल को काफी मजबूती मिली है। केवल पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना के माध्यम से देश भर में 11 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। श्री मोदी ने कहा, ह्लआज भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण लगभग 11 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें पिछले 11 वर्षों में पांच गुना से भी अधिक की वृद्धि हुई है। पहले देश में मोबाइल फोन बनाने वाली केवल 2 से 4 इकाइयां ही थी। आज भारत में मोबाइल फोन निर्माण से जुड़ी लगभग 300 इकाइयां हैं जो लाखों युवाओं को रोजगार दे रही हैं।

प्रधानमंत्री ने रक्षा निर्माण के क्षेत्र में भारत के वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरने का भी उल्लेख किया। भारत का रक्षा निर्माण उत्पादन 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने विश्व के सबसे बड़े रेल इंजन निमार्ता के रूप में भारत के उभरने और रेल इंजन, रेल डिब्बों और मेट्रो डिब्बों के निर्यात में देश के मजबूत प्रदर्शन की सराहना की।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, रविवार, 13 जुलाई, 2025



# गंडक नदी में नहाने गए पांच बच्चे तेज धार में बहे तीन को सुरक्षित दो की डूबने से हुई मौत



बगहा। देर से मिले समाचार के अनुसार बगहा में रत्नमाला घाट स्थित गंडक नदी में स्नान कर रहे पांच बच्चे नदी की तेज धार में बह गये। जिसमे स्थानीय लोगों की मदद से तीन सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए जबकि दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृत दोनो बच्चे सहोदर भाई हैं। जिनकी उम्र क्रमशः 13और 12 वर्ष है। परिजनों ने शवों के पोस्टमार्टम से इंकार किया है दरअसल सभी हम उम्र के बच्चे जिनकी उम्र करीब 10 और 12 वर्ष के बीच है, एक साथ दोपहर बाद गंडक नदी मे नहाने गये थे। इसी दौरान सभी एक साथ डूबने लगे। लिहाजा स्थानीय लोगो की मदद से तीन बच्चों को बचाया गया जबकि बाकी दो बच्चे गंडक नदी के गहरे पानी में डूब गए। जिनमें दो की मौत हो गई। बताया जा रहा है की घटना के बाद रत्नमाला में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई, इसी बीच सभी बच्चो को लेकर लोग अनुमंडलीय अस्पताल गये। जहां चिकित्सक डा. एसपी अग्रवाल ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक का इलाज चल रहा है। जिसकी हालत खतरे से बाहर बताइ गई है। मरने वालों में मो. अरसद 12 वर्ष एवं मोहम्मद अफसर 11 वर्ष दोनो मोहम्मद असरफ निवासी रत्नमाला वार्ड 32 के पुत्र बताए गए हैं। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीएच के वरिय चिकित्सा पदाधिकारी डा.एसपी अग्रवाल ने बताया की तीन बच्चो को अस्पताल लाया गया था। उसमे दो की मृत्यु हो चुकी थी। जिन्हे मृत घोषित कर दिया गया है। लेकिन परिजन बगैर पोस्टमार्टम कराये ही बच्चो के शव को साथ लेते गये। जबकि तीसरा बच्चा एहसान अली पिता असगर अली उम्र 8 वर्ष का इलाज चल रहा है।

# मारवाड़ी धर्मशाला में जनसंवाद एवम प्रेस वार्ता कार्यक्रम आयोजित की गई

बगहा। बगहा शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में दोपहर 12 बजे अंकित देव अर्पण द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता का विषय संकल्प विकसित बगहा रखा गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से बगहा को सर्वांगीण रूप से सशक्त करने की बात की गई एवं युवाओं के राजनीति में सक्रिय भूमिका पर चर्चा की गई। इस आयोजन पर बगहा के सुदूर क्षेत्रों से 500 से अधिक की संख्या में लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल शुक्ला ने किया एवं आरम्भ में जिला परिषद सदस्य सोनू यादव, महंत राम, अलाउद्दीन अंसारी, अभिषेक कुशवाहा ने अंकित देव अर्पण हेतु राजनैतिक शुरूआत का प्रस्ताव रखा। जनसभा को संबोधित करते हुए अंकित देव अर्पण ने कहा कि लव कुश के शिक्षा की धरती और वाल्मीकि के तपोभूमि को सदैव दरकिनार किया गया है और आलम यह है कि यहां से छात्र राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान तो प्राप्त करते हैं लेकिन उनकी शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। आज लोग भले यह कह लें कि यहां के छात्र अधिकारी के रूप में चयनित हो रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह बगहा मूल के दिल्ली, पटना, कोटा, बनारस छात्र हैं, जिनका जन्मस्थान तो बगहा है, लेकिन इन्हें अपनी शिक्षा हेतु सुदूर राज्यों में जाना पड़ता है। अंकित देव अर्पण ने कहा कि यहां के छात्र रोजगार हेतु लालायित हैं, परन्तु यहां के मेगा टेक्सटाइल पार्क को भी इनसे दूर कर दिया गया, और किसी प्रकार का औद्योगिकरण यहां नहीं हो रहा है। यहां के रहने वाले किसान पिता 5 रुपए किलो आलू बाजार को बेच रहे हैं और उनके बच्चे 5 रुपए में 10 ग्राम चिप्स खरीद रहे हैं, जबकि इस स्थान पर ऐसे उद्योग लगाए जा सकते हैं,

## संक्षिप्त खबरें

### श्रावणी मेले की विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक पहुंचे वाल्मीकिनगर

बगहा। श्रावणी त्रिवेणी स्नान विधि व्यवस्था को लेकर बगहा एसपी वाल्मीकिनगर पहुंचे एसआई र श कुमार ने बताया कि एसपी सुशान्त सरोज ने वाल्मीकिनगर के सभी घाटों, कालीमंदिर घाट, बेलवा घाट, कौलेश्वर मंदिर त्रिवेणी घाट पहुंचकर जायज लिया व विधि व्यवस्था की जानकारी ली और कई निर्देश भी दिए।बतादें कि सावन के महीने में शिव भक्तों का जत्था वाल्मीकिनगर स्थित त्रिवेणी संगम पर स्नान कर जलबोझी करते है और अपने गंतव्य शिवालयों की ओर प्रस्थान कर जाते है। इस मौके पर वाल्मीकिनगर पुरे सावन माह तक शिव के रंग में सराबोर हो भक्तिमय हो जाता है। कहीं कोई विघ्न उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन को पूरे अलर्ट मोड पर रखा जा रहा है इसके लिए पुलिस अधीक्षक विधि व्यवस्था को चाकचौबंद दुरुस्त रहे खुद मोनेटरिंग कर रहे हैं।

### बगहा पहुंचे बिहार बीजेपी प्रदेश महामंत्री, बीजेपी कार्यालय से किया रथ रवाना

बगहा। बगहा पहुँचे बिहार बीजेपी प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने बीजेपी कार्यालय से रथ को हरी झंडी दिखाकर मोतिहारी के लिए रवाना किया । दरअसल पीएम मोदी के 18 जुलाई को मोतिहारी आगमन पूर्व तैयारियों में जुटे बीजेपी नेता औरकार्यकर्त्ता गाँव और शहर के हर हिस्से से लोगों की ऐतिहासिक भीड़ जुटाने की कोशिश में हैं लिहाजा रथ और बस घुमाकर जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है । दावा किया जा रहा है की बिहार की धरती से पीएम मोदी का विशेष लगाव होने के कारण प्रधानमंत्री का यहाँ लगातार दौरा हो रहा है अब तक 50 बार वें बिहार यात्रा जबकि चम्पारण के मोतिहारी में छठी बार पधार रहें हैं। इस दौरान चम्पारण को कई सरकारी योजनाओं की सौगात मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही है ।इसी कड़ी में बगहा में लोगों से भारी संख्या में मोतिहारी के गाँधी मैदान पहुंचने की अपील करने कार्यक्रम प्रभारी शिवेश राम यहाँ सदर विधायक राम सिंह के नेतृत्व में अलग अलग तैयारीयों को लेकर खुद मॉनिटरिंग कर रहें हैं ताकि बिहार के साथ साथ चम्पारण के विकास को गति प्रदान किया जा सकें ।

### जिला स्कूल कैंपस में होगा छः माह का बेसिक कंप्यूटर शिक्षा

छपरा। जिला कम्प्यूटर केन्द्र सोसाइटी, सारण से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कम्प्यूटर केन्द्र सोसाइटी जिला स्कूल कैम्पस छपरा में छः माह का बेसिक कंप्यूटर शिक्षा एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी कोर्स में नामांकन जारी है। वर्ष 2025 के प्रथम बैच हेतु नामांकन प्रारम्भ होगा है। जिसमें कुल 140 छात्र -छात्राओं का नामांकन पहले आयें पहले पायें के तर्ज पर होना है। इच्छुक छात्र -छात्राएँ 15 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 25 तक कार्यालय अवधि में आकर दाखिला ले सकते हैं। नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं (इंटर) उत्तीर्ण होनी चाहिए। नामांकन के समय अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति, पहचान-पत्र, तीन फोटो पासपोर्ट साईज में लाना अनिवार्य होगा तथा शुल्क के रूप में 1,150/- रुपए देय होगा।

### श्रवण की पहली सोमवारी के जलाभिषेक के लिए डेढ़ सौ की संख्या में पहुंचे थे शिवभक्त

बगहा। श्रवण की पहली सोमवारी के जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का पहला जत्था 100 से 150 की संख्या में वाल्मीकिनगर पहुंचे थे।जिन्होंने त्रिवेणी संगम तट पर स्नान ध्यान कर गंतव्य शिवालयों के लिए जलबोझी किया।बतादें, ये शिव भक्त छोटे-छोटे टुकड़ियों में नारायणी तट के प्रमुख तीन जगह पर रात्रि विश्राम किया। इस दौरान महिलाओं सहित पुरुषों ने शिव भजन गाकर भक्ति भाव में डूबे रहे। भक्तों ने बताया कि कब रात गुजारी हमें पता भी नहीं चला।

# होम्यो लीजेंड ग्लोबल अवार्ड से वियतनाम में सम्मानित होंगे डॉ घनश्याम



बेतिया।आगामी 21 अगस्त को वियतनाम के हनोई शहर में अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस सम्मेलन में नगर के युवा होमियोपैथिक चिकित्सक सह सविता होम्यो क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ घनश्याम भी शामिल होंगे जहां उन्हेंहोम्यो लीजेंड ग्लोबल अवार्ड्स से सम्मानित भी किया जायेगा।बेल्सन होमियोपैथिक द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में नेपाल, उत्तर प्रदेश,बिहार, झारखंड,बंगाल, असम समेत कई राज्यों के चिकित्सक इसमें शामिल होंगे इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश-विदेश के होम्योपैथी चिकित्सकों को एक मंच पर लाया जायेगा इसमें शामिल चिकित्सकों द्वारा होमियोपैथी द्वारा जटिल बीमारियों से ठीक कर चुके केस को साझा किया जायेगा कार्यक्रम में होमियोपैथी के नए अपडेट की भी चर्चा की जाएगी।आपको बता दें कि डॉ घनश्याम नगर के बानूछापर एवं नया बाजार चौक पर क्लिनिक का संचालन करते हैं।

# मोटिवेशनल स्पीच का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। शनिवार को संस्कृति मॉडल स्कूल, गांधी चौक में युवाओं के लिए एक मोटिवेशनल स्पीच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नाजिया अब्बास आबिदी, व्याख्याता, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय और जॉइंट स्टेप फाउंडेशन की संस्थापक थीं। डॉ. नाजिया अब्बास आबिदी ने अपने सत्र में तीन महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेः करियर काउंसलिंग मानसिक स्वास्थ्य के प्रति



जागरूकता बढ़ाना प्रेरणादायक वार्ता और जागरूकता सत्र विद्यालय की निदेशक संदीप आनंद ने इनर व्हील के सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। अध्यक्ष प्रिया ने विद्यालय परिवार और मुख्य वक्ता डॉ. नाजिया अब्बास आबिदी को धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

# सामुदायिक विश्राम शिविर की प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था नहीं होने से शिवभक्तों की कठिनाइयां बढ़ी

बगहा। वाल्मीकिनगर में शिव भक्त कांवरियों का लगातार जलबोझी के लिए आवक शुरू हो गया है। ये शिव भक्त नारायणी नदी के तट सहित सार्वजनिक स्थलों पर रात्रि विश्राम करते हैं। जिनके लिए पियाऊ और सामुदायिक शौचालय की कोई व्यवस्था प्रशासनिक और पंचायत स्तर कर नहीं कि गई है। कुछ ऐसी जगहें हैं जहां पर इन समस्याओं से कांवरियों को रूबरू होना पड़ता है जहां महिला व पुरुष शिवभक्तों को जंगल और झाड़ियों में शौच के लिए जाना पड़ रहा है ।साथ ही इनके रात्रि विश्राम के लिए कहीं भी शिविर की व्यवस्था नहीं कि गई है। हालांकि सामाजिक संगठनों द्वारा इस समस्या को दूर करने के लिए बैठकें की जा रही है। बतादें, मुख्य रूप से बेलवाघाट, कालीघाट,गंडक बराज सहित कई ऐसे जगह हैं,जहां रात्रि विश्राम शिविर और सामुदायिक शौचालय नहीं है ।समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासनिक स्तर के साथ साथ सामाजिक व धार्मिक संगठनों को आगे आना चाहिए और श्रद्धालुओं के लिए रात्रि विश्राम,पेयजल और सामुदायिक चलंत शौचालय की चिन्हित जगहों पर व्यवस्था की जानी चाहिए।

# मांझी में परिवार नियोजन एवम जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मेला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को परिवार नियोजन एवम जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मेला का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने अस्पताल परिसर में लगे स्टॉल का विधिवत फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। इस अवसर पर डॉ कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा इस दौरान प्रखंड के सभी स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवम अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के साथ साथ गाँव और टोले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरूकता के माध्यम से लोगों को यह बताया जा रहा है कि छोटा परिवार





सुखी परिवार की परिकल्पना न केवल आर्थिक और सामाजिक रूप से उपयोगी है,बल्कि माता व शिशु के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। नवदंपतियों को परिवार नियोजन के उपाय सुझाये गए जिससे बच्चों के जन्म में अंतराल रखा जा सके और संतानोत्पत्ति में समयानुसार जरूरी निर्णय लिया जा सके। पखवाड़ा अवधि में सहयोगी संस्थाओं की मदद से ग्राम चौपालों का भी आयोजन किया जाएगा,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी परिवार नियोजन अभियान की पहुंच सुनिश्चित हो सके। मेले में महिला बंध्याकरण,पुरुष नसबंदी, जैसे परिवार नियोजन के अस्थायी एवं स्थायी उपायों पर आधारित विशेष स्टॉल लगाए गए,जहां आमजन को निःशुल्क परामर्श व जानकारियाँ दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद लोगो को निरोध की गोली तथा पैकेट भी वितरित किये गए। वहीं दूसरी तरफ परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी दी गई। पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थी को 03 हजार एवं उत्प्रेरक को 400 रुपये दिए जाने की जानकारी दी गई। गर्भपात के उपरांत महिला बंध्याकरण के लाभार्थी को 02 हजार एवं उत्प्रेरक को 300 रुपये मिलेगा। प्रसव के पश्चात महिला बंध्याकरण के लाभार्थी को 03 हजार एवं उत्प्रेरक को 400 रुपये दिए जाने की जानकारी से अवगत कराया गया। मौके पर स्वास्थ्य मैनेजर राम मूर्ति,विवेक ब्याहुत,लेजुआर पँचायत के मुखिया प्रतिनिधि ध्रुप देव गुप्ता तथा बरेजा के बीडीसी अजय पाण्डेय एवम मांझी सीएचसी के स्वास्थ्यकर्मी आदि मौजूद थे।

# जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मो. लुतफुल्लाह ने मुख्यमंत्री द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए किए गए कार्यों की चर्चा

सहरसा । जनता दल यूनाइटेड सहरसा के जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. मो. लुतफुल्लाह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के अल्पसंख्यक समाज/मुसलमानों के लिए तालिमी मरकज के वेतन को दोगुना किया। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपए की राशि, अल्पसंख्यक युवाओं को रोजगार के लिए दिया। अल्पसंख्यक छात्रावास का मुस्लिम बहुल जिलों में निर्माण। मुस्लिम तलाक सुदा महिला को 25 हजार सहायता राशि देना। लगभग 9 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी। मदरसों को मान्यता और मदरसों का आधुनिकीकरण। मदरसा छात्रों को मैट्रिक और इंटर के समान फौकानिया और मौलवी पास करने पर छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना। मुस्लिम समेत सभी वर्ग की छात्राओं को 10 हजार रुपए की मैट्रिक छात्रवृत्ति। मुस्लिम समेत सभी वर्ग की छात्राओं को 25 हजार रुपए की इंटर छात्रवृति। मुस्लिम समेत सभी वर्ग की छात्राओं को 50 में रुपए की स्नातक छात्रवृत्ति। मुस्लिम समेत, एससी/एसटी/ओबीसी छात्राओं को बीपीएससी प्री पास करने पर 50 हजार रुपए की स्कॉलरशिप। मुस्लिम समेत, एससी/एसटी/ओबीसी, छात्राओं को यूपीएससी प्री पास करने पर एक लाख रुपए का स्कॉलरशिप। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह के समय 51 है रुपए की राशि की सहायता। राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखना। धर्म आधारित राजनीति न कर विकास के नाम पर राजनीति करना। मदरसों को अलग से सिद्धिकरण का राशी देना। हज भवन में मुस्लिम छात्रों के लिए यू पी एस सी और बी पी एस सी का तैयारी करवाना। सभी वर्गों के लोगों के लिए जिनका उम्र 60 साल है उन के लिए वृद्धा पेंशन 4 सौ से बढ़ाकर 11 सौ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सभी क्षेत्रों में चौमुखी विकास हुआ है विकास की लकीर को कोई छोटा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है अल्पसंख्यक समुदाय भी मुख्यमंत्री को आगामी चुनाव में अपना कीमती वोट देकर फिर से मुख्यमंत्री बनाएंगे।

# एसएसपी ने यातायात कार्यालय व थाने का किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने शुक्रवार को यातायात थाना एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष यातायात एवं थाने के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात थाने के अभिलेखों व संचिका का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। वही यातायात कार्यालय एवं थाना के सभी अभिलेखों एवं पंजीयों की जाँच कर अभिलेखों व पंजीयों के संधारण में मिली त्रुटियों को सुधार करने, वाहन चेकिंग अभियान की प्रगति और सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा कर कार्यालय, थाना में साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही यातायात थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, कर्मी को यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने हेतु शहर मे बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाने के लिए नियमित अभियान चलाने, दो पहिया वाहनों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट के उपयोग को लेकर सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया। सारण जिले में एक सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सारण की बेटी अनिशा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिखेरा कत्थक का जादू

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। हरियाणा के ऐलनाबाद में दिव्य युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन में सारण की बेटी कुमारी अनिशा ने अपनी कत्थक नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। उनके भाव, मुद्राएँ, लय और ताल की अनूठी संगति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारतीय शास्त्रीय कला की गरिमा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ जॉर्जिया, लीबिया, साउथ अफ्रीका, नाइजीरिया, बांग्लादेश, नेपाल, अफगानिस्तान सहित दस



देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक मित्रता को बढ़ावा देना था। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेते हुए सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने देश की कला, संस्कृति और परंपराओं को साझा किया, जिससे आपसी समझ और सहयोग की भावना मजबूत हुई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पुलिस ने 32 गिरफ्तारी समेत 59 वारंट व 20 कुर्की का किया निष्पादन

छपरा कार्यालय। सारण वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर सारण जिला पुलिस द्वारा शुक्रवार को जिले के सभी थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसएसपी कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शुक्रवार को सारण जिला क्षेत्र के विभिन्न थाने से 32 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि विभिन्न थानों के कांडों के 32 समेत अन्य मामलों में अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही 59 वारंट व 20 कुर्की का निष्पादन किया गया है। वहीं शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए विभिन्न थानों से 502.80 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया है। मद्य निषेध कांड में 11 लोगों को गिरफ्तारी किया गया। जिसमें शराब सेवन करते हुए 8 और शराब कारोबार करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डॉ आशीष ने बताया कि दो हत्या में संलिप्त, 16 वारंट में, एक आर्म्स एक्स में, एक एस सी एस टी में अन्य मामलों में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है। जबकि यातायात सुरक्षा के दौरान वाहन जांच में 55 वाहनों से 1 लाख 27 हजार 500 रुपए की वसूली की गयी है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विपक्ष को झटका मतदाता पुनरीक्षण जारी रहेगा: राजीव प्रताप

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा : अमनौर :-भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शुक्रवार को दिल्ली से अपने संसदीय क्षेत्र छपरा पहुंचने के बाद अमनौर स्थित अपने आवासीय परिसर में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने उच्चतम न्यायालय के हालिया निर्णय पर बात करते हुए कहा कि बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। उन्होंने इस फैसले को विपक्ष के लिए बड़ा झटका बताया। रूडी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कुछ सुझाव दिए हैं, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ‌विपक्ष को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि वे जिन मुद्दों के साथ चुनाव आयोग में गए थे, उन पर उन्हें सफलता नहीं मिली। सांसद ने जोर दिया कि यह



मतदाताओं को जोड़ने, गलत मतदाताओं को हटाने और राजनीतिक अभियान को आगे बढ़ाने का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय का निर्देश सभी को मानना होगा और पुनरीक्षण का कार्य जारी रहेगा, क्योंकि यह संविधान में दी गई एक बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। इससे पहले, रूडी ने अपने आवासीय परिसर में वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक और भाजपा कार्यकताओं के साथ एक बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद गहनता से चर्चा की है। रूडी ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को अत्यंत पारदर्शी बताया और कहा कि पूरे राज्य में चुनाव आयोग इस कार्य को पहली बार इतनी कुशलता से कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि बीएलओ 1 और बीएलओ 2 के पास आपत्ति दर्ज करने और मतदाताओं को जोड़ने का अधिकार है। रूडी के अनुसार, चुनाव आयोग का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि गलत नाम निश्चित रूप से मतदाता सूची से हटें और सही नाम निश्चित रूप से जुड़ें। उन्होंने सभी कार्यकताओं से इस चुनावी प्रक्रिया को गंभीरता से पूरा करने की अपील की।

# आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) सारण के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी: शेख नौशाद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) सारण के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक सर्किट हाउस छपरा में हुई जिसके अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी कांशीराम सारण के जिलाध्यक्ष शेख नौशाद ने करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में आजाद समाज पार्टी काशीराम सारण के सभी दसों विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी , इसीलिए सभी कार्यकताओं और पदाधिकारी को मजबूती से अपने-अपने क्षेत्र में लग जाना आज से लग जाइए। बिहार के सभी पार्टियों ने दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को ठगने का काम किया है । एनडीए सरकार में सबसे ज्यादा अत्याचार शोषण, दलित पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के ऊपर हो रही है भाजपा दलित पिछड़ों की आरक्षण को खत्म करने के लिए तरह-तरह के साजिश रच रही है। वही महागठबंधन





में दलित पिछड़ों अल्पसंख्यकों को कोई वैल्यू नहीं है। महागठबंधन में दलित पिछड़ों,अल्पसंख्यक नेताओं एवं कार्यकताओं का कोई महत्व नहीं है। बिहार महागठबंधन में केवल लालू प्रसाद यादव जी का ही परिवार और उनके अपने लोग है। लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार दोनों ने मिल कर पैंतीस वर्षो से बिहार पर राज कर रहे है लेकिन दोनों ने मिलकर उद्योग लगाने के बजाय बिहार में अपराध, शराब, भू और बालू दारू माफियाओं का उद्योग लगा दिया आज वही कारण है कि राज्य में लगातार हत्याएं हो रही है,बिहार में व्यवसाई, डॉक्टर, आमलोग सुरक्षित नहीं है । आज देश में दलित ,पिछड़ों शोषितों और अल्पसंख्यकों का एक ही आवाज है भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद रावण,जिन्होंने बहुजनों में क्रांति पैदा कर दी है। इसीलिए आजाद समाज पार्टी ,भीम आर्मी,भाई एडवोकेट चंद्रशेखरआजाद रावण को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकताओं को जोश खरोश के साथ सारण के सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ काम करना होगा और बहुजन लोगों को भाई चंद्रशेखर आजाद रावण, कांशीराम साहब ,बाबा भीमराव अंबेडकर साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना होगा, जब तक समाज जागरूक नहीं होगा बिहार के सभी राजनीतिक पार्टियां बहुजनों को शोषण करती रहेगी। भाजपा राजद के सदस्यता छोड आजाद समाज पार्टी कांशीराम सारण में शामिल शमशेर खान को उपाध्यक्ष, नसीम अहमद, अमरेश आजाद को महासचिव,सोनू कुमार राम को प्रधान महासचिव ,सुरेंद्र कुमार, शमशेर अली , मोङ्ग नूर हसन बाबर अली उर्फ सलमान को सचिव, बनियापुर प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार उर्फ केडी को बनाया गया। बैठक में शामिल आजाद समाज पार्टी काशीराम सारण , इम्तियाज उर्फ गुड्डू खान, कादिर हुसैन ,राजकुमार राम, परमहंस कुमार गोंद, सुंदर कुमार राम, ,दिनेश राम, शेख मुश्ताक,सोनू कुमार राम, फैयाज अंसारी इत्यादि थे,

# वाहन चेकिंग अभियान में लगभग 5 लाख का लगा आर्थिक दंड



छपरा। जिलाधिकारी के आदेश पर जिला भर में संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सारण जिलान्तर्गत जलालपुर, सोन्हो एवं नयागांव के आस -पास के मार्ग में सहायक परिवहन पदाधिका एवं एमभीआई के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध 4 लाख 86 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

# तकनीक से तरक्की की तरफ कार्य कर रही है सरकार: कृष्ण कुमार मंटू

इसुआपुर। बिहार सरकार तकनीक से तरक्की की तरफ कार्य कर रही है। सरकार की इसी ड्रीम प्रोजेक्ट की तर्ज पर काम हो रहा है। उक्त बातें बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने हिंदुस्तान बीज भंडार इसुआपुर के परिसर में आयोजित खरीफ महोत्सव सह किसान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने खेती की नई तकनीक तथा सरकार द्वारा उन्नत खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही कई लाभकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को खेती के लिए प्रति वर्ष तीन कस्तों में 6 हजार रुपए दिए जाने, डीजल सब्सिडी के माध्यम से किसानों को मदद किए जाने की बात कही। वहीं सुखाड़ तथा बाढ़ की स्थिति में किसानों की आर्थिक मदद सरकार द्वारा की जाती है। साथ ही कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कृषि मेला लगाकर अनुदानित दर पर कृषि उपकरण दिए जाने, खाद बीज सब्सिडी देकर किसानों के आर्थिक खोज काम करने की बात कही। मंत्री ने अपने 50 मिनट के संबोधन में लगभग 40 मिनट शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि जब आपके बच्चे शिक्षित होंगे तो कषि, व्यवसाय, नौकरी जैसे हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करेंगे। वहीं शिक्षा से परिवार, समाज व देश का उत्थान होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि आप अपनी पहली प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा पर दें। प्रखंड आत्मा अध्यक्ष विजय राय, कृषक व सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल बाबा ने मंत्री से इसुआपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज खुलवाने की मांग की। जिस पर मंत्री ने साकारात्मक आश्वासन दिया। वहीं मंत्री ने हिंदुस्तान खाद बीज भंडार इसुआपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड के दर्जनों किसानों को सम्मानित भी किया।

# भीषण गर्मी और धूप से आमजनों का हाल बेहाल

पुरैनी (मधेपुरा)। भीषण गर्मी और धूप के कारण प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में शनिवार को बुरी तरह से झुलसा देने वाली गर्म हवा और आसमान से आग जैसे बरसने के हालात ने आमजनों का हाल-बेहाल कर दिया है। आसमान से बरस रही आग और लू के थपेड़ों ने जन जीवन को पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया है। हलांकि मौसम विभाग की मानें तो अभी कुछ दिनों तक गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। जहां शनिवार को पुरैनी का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। तपती धूप से आलम यह है कि सुबह 10 बजते ही तेज धूप और लू से लोगों की हालत खराब हो जाती है जिसके चलते आमजन घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है। भीषण गर्मी ने आमजनों को घरों में कैद रहने को मजबूर किया हुआ है। गर्मी से हालात यह है कि भयंकर तपिश के कारण आमजन खुले आसमान के नीचे आने से बचते दिखाई दे रहे है। भयंकर तपिश के कारण आमजनों को ना तो दिन में कोई चैन मिल पा रहा है ना ही रात में कोई राहत। वहीं स्थानीय व्यवसाययों की माने तो धूप एवं तेज गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहक चाह कर भी हाट-बाजार करने नहीं आ रहे हैं। जिससे खुदरा व्यापार पर काफी असर पड़ रहा है।

## एसी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील पासवान के नव मनोनीत होने पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

गया जी: बिहार के गया जी शहर के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को गया जिला कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील पासवान को नव मनोनीत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान नव मनोनीत गया जिला कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील पासवान को नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया है इसके साथ ही प्रदेश नेतृत्व को भी धन्यवाद दिया गया है। इस मौके पर सम्मान समारोह में उदय मांझी, चन्द्रिका प्रसाद यादव, धर्मेन्द्र कुमार निराला, सुमनत कुमार, डॉ कुमारी गीता पासवान, विद्या शर्मा, युगल किशोर सिंह, रामानुज शर्मा, लाछो देवी, धीरेन्द्र सिंह, प्रदीप शर्मा, अर्जुन गुप्ता, राहुल रंजन, धर्मेंद्र शर्मा, एस.के बबलू, देवेंद्र बबलू, शिवनाथ पासवान, बुधसेवक, साहिल गुप्ता, कमलेश चंद्रवंशी, अशोक प्रसाद भारती सहित कांग्रेसजन शामिल रहे

# सावन को लेकर निगम ने कसी कमर

## महापौर बोलीः मंदिर की पूजन सामग्री को डस्टबिन में ही डालें

- **महापौर इंदु देवी के नेतृत्व में मंदिरो के पास आज चलाया जाएगा विशेष अभियान**

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। सावन के पवित्र माह के पहली सोमवारी को लेकर नगर निगम ने पुरी तैयारी की है। इसके मद्देनजर सावन माह के प्रत्येक रविवार को नगर निगम के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान का नेतृत्व महापौर इंदु देवी खुद करेंगी। वे स्वयं मंदिरों में घूम-घूम कर रविवार को ही स्वयं घूम कर विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण करेंगी, ताकि जब सोमवार को सावन की पहली सोमवारी के समय श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ को परेशानी नही हो। महापौर ने बताया कि प्रत्येक मंदिर परिसर में एक-एक डस्टबिन दिया गया था, लेकिन जहां डस्टबिन डैमेज हो गया है। वहां नया डस्टबिन रखवाया जाएगा, ताकि सोमवार के दिन श्रद्धालु भक्तों द्वारा चढ़ाए जाने वाला बेलपत्र और फूल उसी में एकत्रित किया जा सके। तत्पश्चात डस्टबीन को एक विशेष गाड़ी के साथ पवित्र गांगी नदी के जल में प्रवाह किया जाएगा।महापौर ने मंदिर के पुजारियों एवं कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया कि वे लोग पूजन सामग्री को नए डस्टबिन में ही डाले, ताकि उसे विशेष गाड़ी से गांगी नदी में प्रवाहित किया जा सके। पूजन सामग्री को कूड़े वाले स्थान में नहीं फेंके।

इस दौरान शहर के वार्ड नंबर-5 बिन टोली स्थित सिद्धनाथ मंदिर, वार्ड नंबर-22 महाजन टोली नंबर-1 स्थित पातालेश्वर नाथ मंदिर, महादेवा रोड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, वार्ड नंबर-17 कतीरा मोड़ स्थित सहदेव गिरी, मंदिर वार्ड नंबर-18 पकड़ी चौक स्थित शिव मंदिर, वार्ड नंबर-14 हाउसिंग कॉलोनी शिव मंदिर, वार्ड नंबर-41 मिनिस्ट्रियल क्वार्टर स्थित दानीनाथ मंदिर, वार्ड नंबर-9 टाउन थाना के पीछे शिव मंदिर, वार्ड नंबर-10 टाउन थाना के सामने जोड़ा मंदिर, वार्ड नंबर-23 जेल रोड स्थित जोड़ा मंदिर, वार्ड नंबर-44 गोढना रोड स्थित शिव मंदिर व गौरैया मंदिर, गोढना रोड स्थित प्रताप इंटरनेशनल स्कूल के समीप शिव मंदिर, वार्ड संख्या-21 राम नगीना पांडेय स्कूल के समीप गोपीनाथ मंदिर एवं वार्ड संख्या-34 धनुपरा बाइपास रोड स्थित शिव मंदिर के समीप विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

## बागेश्वरी रेलवे गुमटी पर रेल ओवरब्रिज निर्माण को लेकर 24 घंटे के अंदर टेंडर फाइनल कराने का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के क्रम में गया जिले के विकास के लिए की गई घोषणाओं एवं राज्य सरकार द्वारा उन सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर ससमय उसकी स्वीकृति के उपरांत योजनाओं की कार्य प्रगति के संबंध में शनिवार को जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा वरीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निरीक्षण के क्रम में निर्देश दिया की संबंधित योजनाओं के लिए भूमि अर्जन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित गति से करें, ताकि ससमय योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। गौरतलब हो कि इस वर्ष 13 फरवरी को प्रगति यात्रा क दौरान गया जिले के विकास को लेकर 13 घोषणाएं की गई थी। जिसकी कार्य तेजी से करवाने को कहा है ताकि समय अवधि में कार्य पूर्ण हो सके।

गया रेलवे स्टेशन से रामशिला जाने वाले पथ में बागेश्वरी रेलवे गुमटी पर रेल ओवरब्रिज का निर्माण किया जायेगा, जिसकी लागत राशि 90 करोड़ 16 लाख है। विभाग को भूअर्जन की अधियाचन कागजात जमा करवा दिया गया है। भूमि अधिग्रहण भी किया जाना है। इस कार्य को पूल निर्माण निगम द्वारा करवाया जा रहा है।निरीक्षण में डीएम ने अंचलाधिकारी नगर को नजरी नक्शा की मांग की। साथ ही अगले 24 घंटे में टेंडर फाइनल कराने का निर्देश दिए हैं। अंचलाधिकारी नगर को निर्देश दिए हैं कि इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाब ज्यादा रहता है, अभी से ही वैकल्पिक मार्ग का चयन कर लें, ताकि काम शुरू होते ही ट्रैफिक डाइवर्ट करवाया जा सके। इसके अलावा एक ट्रैफिक प्लान भी तैयार करें। घुगड़ीटाड़ के पास 04 लेन फ्लाईओवर जिसकी लम्बाई 0.810 किलोमीटर है। सीताकुंड पुल के पहले से प्रारंभिक बिंदु है और अंतिम बिंदु महावीर कॉलेज बाईपास के समीप है। साथ ही टू लेन सर्विस रोड भी बनाया जाएगा। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 141.21 करोड़ रुपया है। इस परियोजना से विष्णुपद एरिया, मंगलागौरी एवं बोधगया विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। घुघरी टांड पर 4-लेन फ्लाईओवर (रैंप सहित) का निर्माण होने से विष्णुपद मंदिर को आने जाने में सुलभ हो जायेगा।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि मुख्य सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण एवं दोनों ओर नाला का निर्माण पहले करवाएं ताकि आमजनों को कम से कम परेशानी हो सके। उसके बाद ही फ्लाईओवर का निर्माण कार्य करवाये। डीएम ने निर्देश दिया है कि बड़े भारी वाहनों का परिचालन हेतु वैकल्पिक रास्ता खोजें। साथ ही ट्रैफिक प्लान भी सही से बनाने को कहा है।

मुफस्सिल मोड़ टूलेन फ्लाईओवर

मुफस्सिल मोड़ टू-लेन फ्लाईओवर जिसकी लम्बाई 2.650 किलोमीटर है।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पुलिस अधीक्षक महोदय, भोजपुर की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, भोजपुर( आरा) में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। इस बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मासिक रूप से पुलिस की उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा करना था।

इस दौरान विगत माह में दर्ज किए गए सभी गंभीर और लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति पर गहन चर्चा की गई और इन मामलों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस मासिक अपराध गोष्ठी में भोजपुर जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गयी।

# जिलाधिकारी द्वारा निमार्णाधीन आरा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया ने आरा मेडिकल कॉलेज का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर में चल रहे निमार्णाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण में उन्होंने विशेष रूप से ड्रेनेज सिस्टम, मुख्य द्वार एवं अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रीमती गुंजन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से गंगा जी में जलस्तर बढ़ा हो रहा कटाव

प्रातः किरण संवाददाता



बड़हरा। अचरज राय के टोला पर गंगा जी का थोड़ा सा जलस्तर में वृद्धि क्या हुई, भारी पैमाने पर 15 से 20 फीट कटाव हो गई, यही सिलसिला जारी रहा तो गांव विलीन होने के कगार पर पहुंच जाएगी। बड़हरा के विधायक अचेता अवस्था में हो गए है ,ठीक करने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है ।

राजद प्रदेश महासचिव मनोज सिंह कटाव के जगह पर मुआयना किए और वह के स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि हर परिस्थिति में हम आपके साथ है और उन्होंने कहा ,जनता सब देख रही है गंगा जी के कटाव के नाम पर जो लोग लूटपाट करवा रहे है जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।किसी का गांव के साथ साथ गांव और उनका अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है और कोई लोग अपना पूंजी बनाने में लगे है इसका जवाब जनता आने वाले विधानसभा के चुनावों में देगी। मनोज सिंह जिला पदाधिकारी और प्रधान सचिव जल संसाधन से उनके वाट्सअप पर वहां के परिस्थिति का फोटो भेजकर सूचित करने का काम किए और आग्रह किए कि जल्द से जल्द इसपर काम किया जाए जिससे गांव ओर वहां के स्थानीय लोगों का अपना अस्तित्व बचा रहे ।

# नई लाईटों की खरीददारी हेतु मंत्री से मिलकर मांगा मार्गदर्शन

- **महापौर के प्रतिनिधि प्रेम पंकज उर्फ ललन ने नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार मिश्र से की मुलाकात**
- **कंपनी द्वारा लगाये गये लाईट मरम्मती नहीं होने से चुके खराब**
- **कंपनी के शेष बचे हुए रुपये का भुगतान नहीं करने का किया अनुरोध**

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। नगर निगम में नई लाईटों की खरीददारी हेतु मार्गदर्शन देने के संबंध में महापौर इंदु देवी के प्रतिनिधि प्रेम पंकज उर्फ ललन एवं उनके पुत्र प्रतिक राज ने सूबे के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज ने मंत्री से कहा कि विभाग द्वारा ईईएसएल कंपनी को आरा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी वार्डों में एलईडी लाईट लगाने एवं उसकी मरम्मति करने की जिम्मेवारी दी गई है।

इस कार्य हेतु कंपनी को नगर निगम के स्तर से अब तक उनसे प्राप्त विपत्र के आधार पर भुगतान किया जाता है। एकरारनामा के अनुसार कंपनी द्वारा मरम्मति कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है तथा कार्य संतोषप्रद नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा लगाये गये लाईट मरम्मती नहीं करने के कारण लगभग खराब हो चुके है। इसको लेकर नगर निगम की सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों द्वारा भी आवाज उठाई गई थी।

कंपनी के शेष बचे हुए रुपये का भुगतान नहीं करने का अनुरोध किया गया है। कंपनी के द्वारा समुचित देखभाल नहीं करने के कारण नगर निगम की छवि धुमिल हो रही है। विदित हो कि विभाग द्वारा पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया है कि जब तक ईईएसएल कंपनी के बकाया विपत्र का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक नई लाईट की खरीददारी नहीं की जा सकती है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया है कि अपने स्तर से नई लाईटों की खरीददारी करने हेतु मार्गदर्शन देने की कृपा की करें।

# चिराग को धमकाने वाले जल्द गिरफ्तार हो :राजेश्वर पासवान

प्रातः किरण संवाददाता




विगत दिन असामाजिक तत्व और राजद समर्थित टाइगर मेराज इद्रिशी नामक व्यक्ति ने ट्यूबर पत्रकार दक्षा प्रिया जी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी को जान से मारने की धमकी दिए जाने पर लोजपा रामविलास के नेताओं में आक्रोश है। लोजपा रामविलास भोजपुर आरा जिला अध्यक्ष भी आक्रोश में है।राजेश्वर पासवान ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि मेरे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी को बम से उड़ाने की धमकी जैसे मिली हमारे पार्टी के मुख्य प्रवक्ता श्री राजेश भट्ट ने साइबर थाना पटना को लिखित आवेदन दे कर धमकाने वाले पर करवाई करने की मांग की है। आगे श्री पासवान ने कहा कि पटना साइबर थाना जल्द से जल्द पता लगावे कि वह कौन व्यक्ति है और किसके इशारे पर ऐसी धमकी दिया है। बिहार सहित पूरे देश में मेरे नेता श्री चिराग पासवान जी को चाहने वाले की दिन प्रति दिन संख्या बढ़ती जा रही है,उनकी लोक प्रियता बढ़ती जा रही है जिससे विपक्षी घबड़ाए हुए है और ऐसी धमकियां दे रहे है कि चिराग पासवान डर जाए। चिराग पासवान जी किसी से डरने वाले नहीं है वे सच मुच वे शेर के बेटे है उनके ऊपर न्याय पसंद बिहारियों एवं देश के युवाओं का हाथ और आशीर्वाद है उनका कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।आगे राजेश्वर पासवान ने साइबर थाना पटना से जल्द से जल्द दोषी को गिरफ्तार करने की मांग की है,ऐसा नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## किसान का बेटा दोनों लेफ्टिनेंट ट्रेनिंग करने पहुंचे




आरा। भोजपुर के जुओं के लिए बहुत बड़ा पैगाम है अशोक कुमार सिंह जो गोदना रोड का रहने वाले हैं इनका दो बेटा अतुल कुमार सिंह अंबुज कुमार सिंहसिंह दोनों के दोनों बेटा लेफ्टिनेंट बना है। भोजपुर की मिट्टी काफी ऊजार्वान है एक ही घर में दो-दो रतन बहुत बड़ा उपहार के रूप में अशोक सिंह के सुपुत्र के रूप में यह सौगात प्राप्त हुआ है पूरे भोजपुर खुशी से झूम उठा है आने वाले नई पीढ़ी के लिए यह रोड मॉडल होंगे प्रेरणा स्रोत होंगे मैं इनको हृदय से अभिनंदन बधाई और पूरे भोजपुर शाहाबाद की तरफ से बहुत-बहुत शुभकामना देते हैं कि भारत देश के लिए आन बान और शान बनकर एक नक्षत्र के रूप में यह दोनों बेटा भारत की आर्थिक सामाजिक संस्कृत राजनीतिक सभी क्षेत्रों में इनका बहुत बड़ा रोल होगा मैं इनको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

## टी10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया का किया गया चयन

आरा। टी10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया का बिहार के नए सचिव का चयन किया ।जिसकी जानकारी इंडिया के सेक्रेटरी अभिषेक सिंह ने दी । जुलाई 2025 से बिहार के नए सेक्रेटरी अब भोजपुर जिला के कर्मन टोला के निवासी राहुल सिंह सरकार को नियुक्त किया गया है ।बीते दो वर्षों से राहुल सिंह सरकार बिहार के भोजपुर जिला के सचिव पद पर रहकर कार्य किया है ।उनके काम को देखते हुए ही ३10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी ने फैसला लेते हुए लेटर जारी किया । और बधाई देते हुए बिहार को नई उपलब्धियां तक ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर में परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद।सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के प्रखंड स्तरीय अस्पताल के प्रांगण में परिवार नियोजन से संबंधित पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो आज से लगातार 31 जुलाई तक चलेगी। जिसमें परिवार नियोजन से संबंधित शिविर के निमित नसबंदी का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें 17 महिला एवं एक पुरुष का नसबंदी किया गया। अस्पताल के प्रभारी डॉ श्याम कुमार के नेतृत्व में नसबंदी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम कुमार, जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, डॉ शाहीन अख्तर सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने बताया कि महिला बंध्याकरण को जागरूक करने के लिए जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसमें पुरुष लाभार्थी को 3000 प्रदान किए जाएंगे उत्प्रेरक को 400 रु दिए जाएंगे।जबकि महिला बंध्याकरण के लाभार्थी को 2000 एवं उत्प्रेरक को 300 रु प्रदान किए जाएंगे। वर्तमान परिदृश्य में जम्होर प्रखंड स्तरीय अस्पताल में सारी सुविधा को विशेष तरीके से मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है।

## गया जंक्शन पर लावारिश हालात में रहे विदेशी शराब बरामद, रेल थाना में मामला दर्ज




गया जी ।गया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई करते हुए 38 लीटर अवैध शराब बरामद की है। शराब की कीमत लगभग 9780 रुपये बताई जा रही है। टीम ने शराब को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना गया को सौंप दिया है। आरपीएफ की टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर लावारिस अवस्था में रखे दो थैले और एक बिट्टू बैग से शराब बरामद की है। बरामद शराब में 20 लीटर किंगफिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बीयर और 18 लीटर हेवड्र्स 500 प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बीयर शामिल है। शराब को बिहार में पूर्ण शराबबंदी के मद्देनजर जब्त किया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना गया को सौंप दिया गया है। आरपीएफ की टीम ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## राजगीर निवासी एक यात्री की तबियत बिगड़ने पर आरपीएफ ने पहुंचाई मदद, इलाज के लिए आए थे गया जी

गया जी ।गया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन सेवा के तहत एक बीमार व्यक्ति की मदद की है। व्यक्ति की पहचान अजय सिंह के रूप में हुई है, जो राजगीर के निवासी हैं और अपना इलाज कराने के लिए गया शहर आए थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 के फुटओवर ब्रिज के नीचे लेट गए हैं।आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि आरपीएफ की टीम ने सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू से प्राप्त रेल मदद सूचना के आधार पर व्यक्ति की मदद की है। टीम ने व्यक्ति को व्हीलचेयर पर बैठाकर स्टेशन से बाहर लाया और एंबुलेंस में बैठाकर अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज भेजा है।मेडिकल कॉलेज में व्यक्ति को भर्ती कराया गया और समय पर इलाज मिलने के कारण उनकी तबीयत में सुधार हुआ है।उन्होंने कहा कि आरपीएफ की टीम ने व्यक्ति की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया और उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान की। इस ऑपरेशन के तहत आरपीएफ की टीम ने एक और व्यक्ति की जान बचाई है। हालांकि इसके पहले रेल अनुमंडल अस्पताल से एक महिला चिकित्सक स्टेशन पर पहुंच गई थी। जिन्होंने प्राथमिक उपचार किया गया है।

## बनारस से नाबालिग लड़का-लड़की भागकर पहुंचे गया जंक्शन, आरपीएफ की टीम ने चाइल्ड लाइन के किया हवाले

गया जी ।गया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत दो नाबालिग लड़के व लड़की को रेस्क्यू किया है। दोनों बच्चे वाराणसी उत्तर प्रदेश के रहनेवाले हैं। जो अपने अपने घर से बिना अपने माता-पिता को बताए भाग गए थे। दोनों गया जंक्शन के सकुर्लेटिंग एरिया में बने टेंट में थे। जिस पर आरपीएफ की नजर पड़ी है। दोनों को आरपीएफ पोस्ट में लाया गया है। आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि आरपीएफ की टीम ने स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में गश्त के दौरान दोनों को संदेह के आधार पर रोका। पूछताछ में बताया कि वे वाराणसी से अपने घर से बिना बताए चले आए थे।

## महिला की मौत को लेकर प्राथमिकी दर्ज

दरियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के शामन चक में विगत दिनों महिला का शव घर से बरामद होने के मामले में मृतका के भाई ने थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है ।मृतका रीमा देवी के भाई सोनपुर थाना क्षेत्र के मूरथान गांव के श्रवण कुमार साह ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन की शादी नौ साल पूर्व शामन चक के जीतेश कुमार साह के साथ हुई थी ।शादी के बाद से ही दहेज में कम रुपए मिलने का आरोप लगा ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे ।इस बीच ससुराल वालों को उसने अपनी बाइक भी दे दी ।ताकि उसकी बहन को घर वाले सही से रखें।

# नौ लखा हार के बाद रक्सौल के लिए पेश है 5 करोड़ी पुल, जमाना रखेगा याद!

## दो देशों को जोड़ने वाला सड़क फिल्हाल शहर को ही दो भागों में बांट दिया गया

प्रातः किरण संवाददाता




रक्सौल। वाह रे ! रक्सौल तेरी लीला अपरंपार। अब रक्सौल को खोने का कुछ डर नहीं, क्योंकि अब तक इसने पाया ही क्या? एक सड़क बनी तो सड़क की चौड़ाई घट और नाला सड़क के ऊपर, पानी बरसे तो उल्टे नाला से पानी सड़क पर, फिर नाला में जाने को कौन पूछे। खैर छोड़िए एक गीत को याद कीजिए, मुझे नौ लखा मंगा दे रे ओ सैयां दीवाने, बड़ा मजा आता है, बड़ा अच्छा लगता है सुन कर। अब इसके बाद आया नौ लखा मंदिर, फिर आया नौ लखा घर, आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये क्यों बार-बार नौ लखा क्यों याद दिला रहें तो सुनिए जनाब अब महंगाई बढ़ गया है, तो जाहिर से बात है अब लाखों से करोड़ों में आना होगा, तो जान लीजिए अब रक्सौल के लिए पेश है पांच करोड़ी पुल। इस पुल को तो मानो बड़े ही शिद्दत से बनाया जा रहा है, सुने हैं कि इस पांच करोड़ी पुल को पांच मजदूर बना रहे हैं, मतलब मजदूरों को भी ख्याल रखना होगा कि ये दूसरा लालकिला बन रहा है।

मजे की बात देखिए बारिश के समय इस पुल निर्माण कार्य शुरू हुआ और मजा तो अब आया है, जब दोनों साईड बने डायवर्सन को तोड़ दिया गया और शहर को दो भागों में बांट दिया गया। अब आपको नहर चौक से कोइरिया टोला श्याम इंटरनेशन होटल के पास जाना हो, जो नहर चौक से लगभग 25 मीटर की दूरी होगी, अब वहां जाने के लिए आपको एक लंबी दूरी यानि कि लगभग एक किलोमीटर घूम कर आना होगा और जाम में फंस गए तो मजा दुगुना। कौड़ीहार चौक के पास नहर पर लोहे का एक पुराना पुल अनाथ पड़ा है, अगर थोड़ी से उसकी मरम्मत हो जाए तो कम-से-कम बाईक और ई-रिक्शा तो आसानी से जा सकता है, हां थोड़ा ट्रैफिक पुलिस की जरूरत पड़ सकती है। अब ऐसे में दोनों पार के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

पक्ष के बारे में तो सब कहते हैं, पर विपक्ष कौन सा तीर मार लिए हैं? खैर आने वाले समय में इस पुल का उद्घाटन कहीं विश्व बैंक के सहायता से न किया जाए, आखिर दो देशों को जोड़ने वाला, सड़क जो है।

# लड़की की शादी के उम्र- 21 वर्ष करने पर विचार कर रही सरकार : सतीश स्नेही

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के बैनर तले विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यू एरिया औरंगाबाद में किया गया जिसकी अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने किया और संचालन विधालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन सिंह ने किया, विधिक जागरूकता कार्यक्रम का विषय था गरीबी उन्मूलन हेतु प्रभावी क्रियान्वयन से सम्बंधित विधिक सेवा प्राधिकार नालसा योजना 2015 पर विधिक जागरूकता और बाल विवाह निषेध अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़की के विवाह के उम्र 18 और लड़के का उम्र 21 है, जिसमें संसोधन की तैयारी 2021और 2023 में एक प्रस्ताव में किया गया है जिसमें लड़की के भी शादी के उम्र- 21 करने की प्रस्तावना है जिसका उद्देश्य महिला और पुरुष के एक समान उम्र सुनिश्चित करना है,बाल विवाह एक अपराध है जिसे करने पर दो साल की सजा और एक लाख रुपए जुमार्ना का प्रवधान है बाल विवाह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है , आशा अभियान के तहत बाल विवाह उन्मूलन के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है,बाल विवाह से प्रभावित बच्चों को पुनर्वास की व्यवस्था है आगे बताया कि नालसा गरीबी उन्मूलन और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है,

लाखों लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता पहुंचाई गई ,जेल में बंद हजारों लोगों को वाद निष्पादन और रिहाई के लिए निशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराई गई, गरीबों और वंचितों के न्याय के लड़ाई लड़ने में नालसा ,बालसा मदद करते हैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद में एक रिटेनर पेनल अधिवक्ता कोर्ट अवधि में निशुल्क प्रति कार्य दिवस विधिक सहायता और मार्गदर्शन करते हैं विधिक सहायता और सरकारी सहायता के बारे में बताया जाता है, पूर्व पैनल अधिवक्ता सह जिला विधिज्ञ संघ कार्यसमिति सदस्य चंद्रकांता कुमारी ने दोनों जागरूकता विषय पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि वैदिक काल से बाल विवाह सुरक्षा के मद्देनजर किया जाता था जो उनके शारीरिक अपरिपक्वता के कारण, अशिक्षा के कारण जिंदगी के लिए काफी नुकसानदायक होती थी और बच्चों के विकास प्रभावित होते थे, जिसके कारण बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 बना, प्रधानाचार्य राजीव रंजन सिंह ने कहा कि कम उम्र शादी से शरीर और भविष्य पर काफी दुष्प्रभाव होता है, निर्धनता से निकलने में शिक्षा और स्वयं रोजगार एक अमूल्य ताकत है जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोक अदालत और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का भी गरीबों के लाभ देने में बहुत बड़ा योगदान है ,अंत में उपस्थित छात्राओ को न्यायालय, अधिवक्ता, संविधान, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य,लोक अदालत, पोक्सो एक्ट, और किशोर न्याय बोर्ड के बारे में जानकारी दी गई, धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक रंजीत कुमार सिंह ने किया,इस अवसर पर पारा विधिक स्वयं सेवक दीपमाला कुमारी, अधिवक्ता प्रतिभा कुमारी,शिक्षका कुमारी सुमन,सोमा सिंह,मनीता कुमारी ममता कुमारी, अल्पना कुमारी,संविता कुमारी ,बिरबल कुमार सिंह, सहित अधिकांश संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं

# भिखारी ठाकुर के 54वीं पुण्यतिथि पर आयोजित साहित्यिक संध्या में भारत रत्न देने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार भोजपुरी भाषा के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर जी की 54 वीं पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर आयोजित साहित्यिक संध्या की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया,जबकि संचालन की जिम्मेवारी सुरेश विद्यार्थी ने निभाई।सर्वप्रथम भिखारी ठाकुर जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह एवं रामप्रवेश सिंह,उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ संजीव रंजन एवं मनोज कुमार सिंह,वरीय सदस्य पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह,संजय कुमार सिंह,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,मगध प्रमंडलीय माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह,

शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक,संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी के गरिमामई उपस्थिति में साहित्यिक संध्या की शुरूआत लोक भाषा के प्रसिद्ध गायक शिवनंदन प्रसाद के द्वारा बटोहिया गीत से शुरू की गई। प्रियंका पांडेय ने भिखारी ठाकुर को जन-जन के चर्चित एवं जनमानस से जुड़ा कवि बताया।प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह ने पियवा गईले कलकतवा ए सजनी गीत गुनगुनाया तो प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह द्वारा उनके पूरे जीवन के संघर्ष का बखान किया।शिक्षिका अनुपमा सिंह ने हंसी-हंसी पनवा खिएले बेईमनवा गीत गाई तो दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भाव विह्वल हो गए। प्रोफेसर रामाधार सिंह ने बिहारी ठाकुर को पर्यावरण से जुड़ा हुआ कवि बताया तो प्रोफेसर राजेंद्र सिंह ने सांस्कृतिक संचेतना जगाने वाला कवि की उपमा दी। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने भिखारी ठाकुर को लोक भाषा का श्रेष्ठ कवि बताते हुए उनकी लोक संस्कृति की चर्चा की। लोक संस्कृति की रक्षा में भिखारी ठाकुर का बहुमूल्य योगदान है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि भिखारी ठाकुर के कारण ही भोजपुरी इतनी समृद्ध भाषा बनी जिसकी चर्चा भारत ही नहीं विदेशों में आज हो रही है तो उसके केंद्र में भिखारी ठाकुर के साहित्य का जुड़ाव है। मौके पर सत्यचंडी धाम के राजेंद्र सिंह,दुमुहान धाम के सिंहेश सिंह,समाजसेवी अवधेश सिंह,गजलकार हिमांशु चक्रपाणि,हास्य कविता के सशक्त हस्ताक्षर विनय मामूली बुद्धि,भोला सिंह,अशोक कुमार सिंह,शिक्षक चंद्रकांत ओड़िया सहित अन्य उपस्थित थे। साहित्यिक संध्या में भिखारी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग की गई।धनंजय जयपुरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# बाबा दुग्धेश्वर नाथ कांवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। प्रखंड क्षेत्र के परियारी बाजार शांतिपुरम में बाबा दूधेश्वर नाथ कांवरिया सेवा समिति के द्वारा परियारी बाजार शांतिपूरम के बाजार प्रांगण में निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन किया गया शिविर का उद्घाटन कांवरिया संघ के अध्यक्ष सह समाज सेवी डॉक्टर ज्योति प्रसाद उर्फ शत्रुघ्न पंडित एवं उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष सुमन सिंह सचिव रामाश्रय दास रंजू सिंह सहित संघ के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया इस मौके पर डॉ ज्योति ने बताया कि पटना के गायघाट से गंगाजल लेकर देवकुंड बाबा दूधेश्वर नाथ पर जलाभिषेक करने वाले शिव भक्त कांवरियों के लिए शांतिपुरम में ठहरने का इंतजाम के साथ निःशुल्क भोजन, चाय नाश्ता, गर्म जल, नींबू पानी, फल एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।पिछले कई वर्षों से पटना के गायघाट से बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवर में जल लेकर परसा, पुनपुन, नदौल ,मसौढ़ी, जहानाबाद, झुनाठी, किंजर, शांतिपुरम, इमामगंज, करपी ,शहर तेलपा के रास्ते 115 किलोमीटर की दूरी तय कर औरंगाबाद जिले की देवकुंड पहुंचकर बाबा दूधेश्वर नाथ पर जलाभिषेक करते हैं। मौके पर उपस्थित डॉ जितेंद्र कुमार रामाश्रय प्रसाद सुमन सिंह ओम प्रकाश विश्वकर्मा जितेंद्र जी डेकोरेशन रंजू सिंह रामजीवन विश्वकर्मा उदय प्रसाद रामेश्वर सिंह संजय जी किराना स्टोर राकेश जी पप्पू जी इंडियन जी बखोरा दास राजेश पंडित पृथ्वी यादव राम गोविंद राम अवधेश राम रामगोविंद राम गुड्डूराम मनोज साव किराना दुकान पंकज कुमार डेकोरेशन मुकेश साव कृष्णा चाट भंडार अमित साव लवकुश कुमार गोलू कुमार राकेश राम जय बच्चन कुमार पप्पू दास राम गोविंद राम रामप्रकाश विश्वकर्मा शत्रुघ्न विश्वकर्मा दीनानाथ मिस्त्री आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

## माई बहन योजना के नाम पर जनता को गुमराह करने वाले फर्जीवाड़े के खिलाफ प्रशासन की त्वरित कार्रवाई प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

गया, बिहार।जिलाधिकारी, गया जी को गया जी के जागरूक नागरिकों के द्वारा शिकायत किया गया था जिसमें कहा गया था कि गया विधानसभा क्षेत्र सहित जिलें में एक दल द्वारा चलाई जा रही एक संदिग्ध और भ्रामक योजना झ ह्लमाई बहन योजनाह्व के नाम पर जनता को ठगने और उनके निजी सरकारी दस्तावेज जुटाने की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी दी गई थी। यह कथित योजना आगामी सरकार के नाम पर प्रत्येक महिला को 2500/- देने का झांसा देकर गरीब, अशिक्षित एवं भोले-भाले नागरिकों को भ्रमित कर रही थी। फार्म भरवाने के बहाने उनसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी जैसे संवेदनशील दस्तावेज एकत्र किए जा रहे थे। यह कार्य बिना किसी सरकारी मान्यता या वैधानिक प्रक्रिया के किया जा रहा था, जिससे यह स्पष्ट था कि इसके पीछे फर्जीवाड़ा, जालसाजी और संभावित चुनावी कदाचार की साजिश है।आम जनता की निजता का हनन,संभावित वित्तीय अपराध,चुनावी प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप,और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया था।शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी, गया जी ने अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), गया को तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसके परिणामस्वरूप दिनांक 08 जुलाई 2025 को नगर अंचल, गया के अंचल अधिकारी द्वारा कोतवाली थाना, गया में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी एफ आई आर दर्ज करवाई है। यह प्रशासन की तत्परता और कानून व्यवस्था के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं पंचायत सरकार भवन निरीक्षण किया: डीएम**

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा करपी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी के निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पंचायत सरकार भवन के हो रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड के माली पंचायत अंतर्गत माँगा बिगहा में 520 आसन वाले राजकीय अन्य पिछडा वर्ग कल्याण आवासीय +2 उच्च विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को निदेशित किया गया कि शीघ्र अतिशीघ्र भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर जिला कल्याण पदाधिकारी को हस्तांतरण कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं जिला पदाधिकारी द्वारा माली मगर बिगहा में आहर पईन सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार प्रारम्भ किया गया। इस योजना कार्य के तहत भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि शीघ्र ही सुलिस गेट का प्लास्टर कराकर रंग रोगण का कार्य एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। माली मगर बिगहा में 550 हेक्टर का सिंचाई कार्य बना है, जिससे की दूर-दूर तक किसानों सिंचाई कर लाभांवित किया जा सके। इसी दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई बुथों पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, जिला कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकरी करपी, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव के साथ अन्य पदाधिकरी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एक किर्तिमान स्थापित किया :नगर प्रखंड प्रमुख

**सरकार की दूरदर्शी सोच और कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है: प्रमुख**

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में जनकल्याण की ओर ऐतिहासिक कार्य काम किए हैं।बिहार के यशस्वी एवं संवेदनशील मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है ।यह कहना नगर प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी ने कहा कि अब वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को मिलने वाली मासिक पेंशन की राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपया किया गया है जो राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है। दिनांक 11 जुलाई 2025 को 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभुकों के बैंक खातों में 1227.27 करोड़ की बढ़ी हुई पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित की गई है।

।यह राशि उन बुजुर्गों दिव्यांगजनों एवं विधवा बहनों के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आएगी जिनका जीवन यापन इस पेंशन राशि पर ही आधारित होता है। यह महज एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सरकार की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में ठोस पहल है। त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट करते हैं।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी सासाराम सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा (बिहार) संजय मेहता ने देश के यशस्वी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास 17, अकबर रोड पर उनके 74वां जन्म दिवस के मौके पर फूलों का गुलदस्ता देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए एवं उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना किये। श्री मेहता ने बताया कि भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सरल व सोम्य व्यक्तित्व के धनी देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से निवेदन किया कि आगामी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मगध एवं शाहाबाद से आप अपने व्यक्तित्व के उम्मीदवार को चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए ताकि मगध शाहाबाद के भाजपा द्वारा हारी हुई तमाम सीटें 2025 में जीती जा सके।

श्री मेहता ने 2024 के लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन किया कि पूर्व की परिस्थितियों ना बने अतः आपके व्यक्तित्व का उम्मीदवार होना आवश्यक है। इस मौके पर काराकाट विधानसभा निवासी रंजीत कुमार सिंह,सत्येंद्र सिंह,कमलेश कुशवाहा एवं अन्य सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

## गया जी में डीडीयू मंडल द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 123 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

प्रातः किरण संवाददाता

शनिवार को 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा नवनियुक्त लोगों को संबोधित भी किया गया। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल द्वारा ऑडिटोरियम सह आर्ट गैलरी, आदर्श परीक्षा केंद्र, गया जी में आयोजित स्थानीय रोजगार मेला कार्यक्रम में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (भारत सरकार) जीतन राम मांझी, सहकारिता मंत्री (बिहार सरकार) डॉ. प्रेम कुमार तथा विधायक (वजीरगंज ) वीरेंद्र सिंह द्वारा रेलवे, डाक, जल एवं बैंक आदि केंद्रीय विभागों में कुल 123 युवाओं को उनके नियुक्ति पत्र सौंपे ।

## अष्टभुजी महोत्सव के भव्य आयोजन के निमित्त कला संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवेदन की मांग

औरंगाबाद। प्रखंड मुख्यालय बारुण से 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित शाक्त परंपरा का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं विंध्यवासिनी माता की प्रतिकृति के रूप में प्रसिद्ध अष्टभुजी धाम पिपरा को कला संस्कृति विभाग में कैलेंडर में स्थान दिलाने के निमित्त बिहार सरकार के कला संस्कृति निदेशक रूबी द्वारा जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बारुण से मांग प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। महोत्सव आयोजन की तिथि, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं खर्च की मदवार विवरणी प्रस्तुत करने को निदेशित किया गया है।इस कार्य को गति प्रदान कराने में सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह की सराहनीय भूमिका रही।उनके कारण ही आज अष्टभुजी धाम महोत्सव जिला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल होने की ओर अग्रसर है। अष्टभुजी महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा,संयोजक सुरेश विद्यार्थी,अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,उपाध्यक्ष पूर्व मुखिया अजय कुमार, सचिव राजा दिलीप सिंह, उपसचिव रामेश्वर भगत, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दानिका द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज मनाई जाएगी

औरंगाबाद।जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वाधान में क्लब रोड के समीप दुर्गा मंदिर एवं सांई मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा सप्ताह के निमित्त 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार एवं प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि उक्त तिथि को सुबह सवेरे मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात गुरु वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। कार्यक्रम में सांगीतिक परंपरा के संवाहक साहित्यिक सांस्कृतिक कर्मियों की विशेष सहभागिता होगी। विदित हो कि लगभग तीन दशक से दानिका ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर औरंगाबाद जिले को संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।दानिका के सैकड़ो विद्यार्थी संगीत शिक्षक बनकर विभिन्न विद्यालयों में संगीत की सेवा कर विशिष्ट भूमिका निभा रहे हैं।

## अष्टभुजी धाम पिपरा में मेदांता हॉस्पिटल का निशुल्क जांच शिविर आज सारी तैयारियां पूर्ण

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित अष्टभुजी धाम पिपरा के प्रांगण में महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा 13 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।इस आशय की जानकारी देते हुए अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा ने बताया कि पूर्व के बैठक में निर्णय के आलोक में इस चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जरूरतमंदों को वजन, रक्तचाप,रेंडम ब्लड शुगर एवं चिकित्सकीय सलाह आदि की सुविधा दी जाएगी।दवाइयां भी वितरित की जाएगी। निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक सुरेश विद्यार्थी,अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,उपाध्यक्ष पूर्व मुखिया अजय कुमार, सचिव राजा दिलीप सिंह, उप सचिव सह उप कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत, आलोक कुमार गुप्ता आदि थे।

# संघवाद बनाम व्यक्तिवाद के बीच में लगातार संघर्ष चलता रहा : अनंत धीश अमन

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।भारत के सभी राजनीतिक दलों में संघवाद और व्यक्तिवाद के बीच में लगातार संघर्ष चलता रहा है इस बीच पार्टियों के मूल वैचारिक दृष्टिकोण पर गहरा प्रभाव पडता रहा है। यह बात सिर्फ राजनीतिक दलों में हीं नहीं अपितु सरकार पर भी इसका असर बडा रहा है खासकर प्रत्यक्ष रुप में आपतकाल के समय संविधान के मूल तत्व संघीय व्यवस्था पर हमला किया गया और अप्रत्यक्ष रुप में भी इसका काफी असर रहा है। संघवाद और व्यक्तिवाद दो अलग-अलग विचारधाराएं हैं। संघवाद सरकार का एक रूप है जिसमें शक्ति केंद्र और राज्य सरकारों के बीच विभाजित होती है, जबकि व्यक्तिवाद एक ऐसी विचारधारा है जो व्यक्ति के अधिकारों और स्वतंत्रता पर जोर देती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यक्तिवाद का गहरा प्रभाव पडना लोकतंत्र पर संकट का बादल मंडराना है भारत के ज्यादातर राजनीतिक दलों में व्यक्तिवाद का गहरा असर पड चूका है और यह धीरे-धीरे सरकार पर भी गहरा छाप छोडता जा रहा है। जिसका प्रभाव भारत के सभी राजनीतिक दलों के उद्देश्य पर पड रहा है और राजनीतिक दल किसी व्यक्ति या परिवार और जाती या धर्म तक हीं सिमटती जा रही है इसी कारण से समाज,राज्य और राष्ट्र का मूल तत्व का लोप होता जा रहा है।राष्ट्र की एकता अखंडता संप्रभुता की रक्षा हेतु यह समय है सभी राजनीतिक दलों के लिए वह अपने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारू कर इसे संबलता प्रदान करें न की व्यक्तिवाद और परिवारवाद में पड कर समाज और राष्ट्र के प्रगति का अवरोधक बने।

## महागठबंधन द्वारा मां बहन योजना यह पूरी तरह से एक राजनीतिक षड्यंत्र है: मनीष पकंज मिश्रा

गया जी।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने महागठबंधन के नेताओं द्वारा चलाई जा रही तथाकथित मां-बहन मान योजना के नाम पर फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से एक राजनीतिक षड्यंत्र है, जिसका उद्देश्य सिर्फ जनता को गुमराह करना और भावनात्मक रूप से भटकाना है। डॉ. मिश्रा ने इसे एक कोरा सपना बताया जो सत्ता से कोसों दूर खड़े लोग दिखाने की असफल कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि जब महागठबंधन को यह स्पष्ट है कि आने वाले चुनावों में उनकी कोई राजनीतिक जमीन नहीं बची है, तो इस प्रकार की योजनाओं का प्रचार कर जनता को बहलाने की कोशिश की जा रही है। जिस फॉर्म में कोई वैधानिकता नहीं, कोई बजट प्रावधान नहीं, कोई नीति निर्धारण नहीं, उस पर जनता का हस्ताक्षर करवाना लोकतंत्र और मतदाता के साथ सीधा धोखा है।भाजपा नेता ने आगे कहा किमहागठबंधन के नेता सत्ता का सिर्फ ख्वाब देख रहे हैं, जबकि जमीन पर उनका कोई जनाधार नहीं बचा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सत्ता में आने की कोई संभावना नहीं है, तो फिर ऐसी योजनाएं किस आधार पर घोषित की जा रही हैं? यह महज एक कागजी ड्रामा है।

## जिले के जनप्रतिनिधियों के योजनाओ को क्रियान्वयन के लिये अंचल कार्यालयों द्वारा एनओसी निर्गत की प्रगति की समीक्षा

गया।, जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा आज सभी अंचलाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय संसाद, माननीय विधायक गण, माननीय विधान पार्षद द्वारा ली गयी योजनाओ को क्रियान्वयन के लिये अंचल कार्यालयों द्वारा एनओसी निर्गत की प्रगति की समीक्षा की गई है।

जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि बकेबाजार में 12 योजना, डुमरिया में 24 योजना, इमामगंज में 30 योजना, बोधगया में 14, आमस में 06, डोभी 3, शेरघाटी 1, गुरुआ में 32 योजना, टिकारी 30 योजना, परैया 6, कोच 13, टनकुप्पा 7, आमस 1, फतेहपुर 13, वजीरगंज 63, मानपुर 42 योजना, मोहनपुर 02, नगर गया में 33 योजना एवं बेला में 26 योजना है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि संसाद, विधायक, विधान पार्षद द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना एवं सांसद क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत अनुशंसित योजनाओं के क्रियान्वयन में जमीन संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र अगले 03 दिनों के अंदर निश्चित रूप से जिला योजना पदाधिकारी के पास उपलब्ध करवाने का निर्देश दिये हैं है जिससे जनहित में लिये गए योजनाओ को तेजी से पूर्ण किया जा सके।

# नव संकल्प महासभा की तैयारियों के लिए पार्टी के गया जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।आज दिनांक 11 जुलाई 2025 लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के गया जिला पार्टी प्रधान कार्यालय पुलिस लाईन सिंगरा स्थान गया आगामी 26 जुलाई 2025 दिन शनिवार को पार्टी के द्वारा गया गांधी मैदान में नव संकल्प महासभा की तैयारी हेतु पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई है। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के महिला प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी कुमारी शोभा सिंहा एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह शामिल हुए हैं। इस बैठक में गया जिला के सभी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रदेश जिला से लेकर पंचायत स्तर तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी शामिल हुए सभी पदाधिकारी साथियों को कार्यक्रम सफल करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया है। नव संकल्प महासभा कार्यक्रम जो गया के गांधी मैदान में होना है इसकी तैयारी हेतु आने वाले कुछ ही दिनों में फिर एक महत्वपूर्ण बैठक की जाएगी और इस बैठक में विधानसभा प्रभारी एवं प्रखंड प्रभारी नियुक्त किया जाएगा ताकि कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल हो सके। वही इस बैठक में कुमारी शोभा सिंहा अरविंद कुमार सिंह दिलीप कुमार सिंह संजय रविदास मुकेश यादव सुबोध पासवान ठाकुर सुमन सिंह विजय पासवान डॉ बी एन चौधरी रंजीत कुमार चंद्रवंशी मीना कुमारी रेणुका देवी गौतम प्रकाश ज्ञान नवल सिंह सौरभ कुमार उर्फ गोलू शर्मा शशि रंजन नवनीत कुमार विवेक पासवान सुनील कुमार दांगी कौशल पासवान संजय साव बाबू चंद धर्मेंद्र पासवान राजा पासवान केदार पासवान आदि सैकडो की संख्या में लोग मौजूद रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया

परसा। प्रखंड के चांदपुरा पैक्स में चुनाव को लेकर पहले दिन तीन अध्यक्ष और एक सदस्य पद के लिए नामांकन हुआ। नामांकन प्रक्रिया जारी है।निर्वाचन पदाधिकारी स बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए विरेन्द्र राय,शुशीला देवी तथा विरेन्द्र राय तथा सदस्य पद के लिए मुमताज आलम ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।अगला और अंतिम नामांकन पर्चा दाखिल सोमबार को किया जाएगा।चांदपुरा पैक्स में चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, और वे अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं।

### अज्ञात वाहन ने बिजली के पूर्व में पोल में मारी ठोकर, 8 पोल क्षतिग्रस्त

परसा। परसा -बिशुनपुर मुख्य मार्ग के चेतन परसा व फरकपुर के बीच शुक्रवार की रात्रि में अज्ञात वाहन चालक ने बिजली के पोल मे ठोकर मारकर हुआ फरार. इस घटना में 8 बिजली का पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. और सड़क पर पूरी तरह से बिजली के तारे बिखरा पड़ा हुआ था. जिससे पूरी रात लाइन बाधित रही और लोगों के काफी समस्या उत्पन्न हो गई. इस संबंध में बिजली विभग बताया कि हरिशंकर पासवन ने बताया की शुक्रवार की रात्रि सूचना प्राप्त हुई की अज्ञात वाहन फूल में ठोकर मार 8 फूल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस पर घटनास्थल पहुंचे मामले की जांच की जा रहा है.और फुटेज खांघाला जा रहा है.

### मारपीट मामले में एक व दो वारंटियों सहित तीन आरोपित गिरफ्तार

एकमा। एकमा थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के तरवनिया गांव से मारपीट के मामले में आरोपित परशुराम महतो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार परशुराम महतो पर अपने पड़ोसी से मारपीट करने का आरोप है, जिसके तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस गिरफ्तारी की कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देश पर पीएसआई अमित कुमार द्वारा की गई। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर एक अन्य कार्रवाई में एकमा थाना पुलिस ने छितौनी गांव में छापेमारी कर दो वारंटियों नोखा राय और हरिहरण राय को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सुरेश राम के नेतृत्व में की गई। दोनों आरोपितों पर पूर्व में दर्ज मामलों को लेकर न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर साकारात्मक संदेश गया है और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### बिक्रमगंज पहुंचने पर पद्मश्री भीम सिंह भवेश का स्वागत

आरा/बिक्रमगंज। पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश का शनिवार को बिक्रमगंज में स्वागत किया गया। बताते चलें कि सासाराम के पायलट बाबा आश्रम में आयोजित स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर का उद्घाटन करने बिक्रमगंज के रास्ते जाने के क्रम में उनका स्वागत किया गया। दर्जनों लोग थाना चैक से आगे सासाराम रोड स्थित जेएमडी आईटीआई के समीप उनके सामान में खड़े हुए। सादे समारोह के अंतर्गत संचालक अवधेश कुमार के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों की सेवा हमें अपना कर्तव्य समझना चाहिए। स्वयं के अंदर मानवीय गुणों को जागृत करने एवं सेवा भाव रखने का उन्होंने अपील किय मौके पर मुन्ना सिंह, संजय चैधरी, संजय तिवारी, अंकित महाजन, अभिषेक कुमार एवं अविनाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### तेजस्वी यादव के घोषणा से भयभीत होकर लगातार उनके मांग को मानने पर मजबूर हो रही है वर्तमान की सरकारःभाई दिनेश

बिहार के भावी मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में बिहार का भविष्य उज्ज्वल होगा। वर्तमान सरकार ने उनकी घोषणा के दबाव में आकर 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है, जो अधूरी है। लेकिन जब 2025 में श्री तेजस्वी यादव जी मुख्यमंत्री बनेंगे, तो 200 यूनिट बिजली बिहार वासियों को मुफ्त मिलेगा। भाई दिनेश पूर्व विधायक जगदीशपुर भोजपुर ने कहा कि श्री तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में बिहार का विकास और प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि श्री तेजस्वी यादव जी की माई बहिन मान योजना के तहत प्रति माह प्रत्येक मां बहन को 2500 रुपये मिलेंगे, और हर घर को 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगा, विधवा, दिब्यांग पेंशन 1100 से बढ़ाकर 1500 मिलेगा, उद्योग का जाल बिछेगा, 1200 रुपए का गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा , दिनेश ने कहा कि श्री तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में बिहार का भविष्य उज्ज्वल होगा, और लोगों को उनके अधिकार मिलेंगे।

# सारण जिले में 16 जुलाई से होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का आयोजन सारण जिले में 16, 20, 23, 27, 30 जुलाई एवं 3 अगस्त को निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां प्रत्येक दिन लगभग 13,000 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा समय और प्रवेश व्यवस्था परीक्षा प्रत्येक दिन एक ही पाली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश सुबह 10:30 बजे तक सुनिश्चित कर लेना होगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कदाचारमुक्त एवं हाई-सिक्योरिटी व्यवस्था परीक्षा की पारदर्शिता और कदाचारमुक्त संचालन हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं, सभी परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल जैमर की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे प्रत्येक कक्ष में स्थापित, जिनकी लाइव मॉनिटरिंग नियंत्रण कक्ष से की जाएगी। तथा बॉयोमेट्रिक उपस्थिति की पूरी व्यवस्था रहेगी। जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अमन समीर ने आज सभी केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक कर परीक्षा की संपूर्ण तैयारी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन पूरी स्वच्छता, निष्पक्षता और सुरक्षा के साथ किया जाना चाहिए। केंद्राधीक्षकों को चयन पर्षद के सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अन्य निर्देश और तैयारी सभी केंद्रों को बिजली आपूर्ति हेतु वैकल्पिक जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल-जमाव की आशंका वाले केंद्रों के लिए पूर्व तैयारी और समाधान योजना रखने के निर्देश दिए गए। बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाओं की पहले से जांच करने को कहा गया।

# गुरु पूर्णिमा पर अंतर्ध्वनि पुस्तक का हुआ लोकार्पण, साधकों में उत्साह

● ध्यान, संवाद व आत्मिक यात्रा को समर्पित पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा (सारण)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवर आचार्य श्री सत्येन्द्र जी महाराज द्वारा रचित आध्यात्मिक कृति अंतर्ध्वनि – संवाद से समाधि तक का लोकार्पण समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। यह लोकार्पण निर्वाण संघ के इसुआपुर स्थित ध्यान कक्ष के बाबा लाल दास जी के मठिया के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधकगण शामिल रहे। इस पुस्तक में साधकों द्वारा पूछे गए जिज्ञासात्मक प्रश्नों पर गुरुवर ने विस्तृत चर्चा की है। यह पुस्तक ही ध्यान विधियों, आत्म-अन्वेषण एवं आत्म-जागरण की दिशा में उपयोगी मार्गदर्शन भी इस ग्रंथ का प्रमुख अंग है। अंतर्ध्वनि न केवल एक पुस्तक है, बल्कि यह चेतना की उस पुकार का उत्तर है जो साधक को भीतर की ओर मोड़ती है। कार्यक्रम में निर्वाण संघ के अध्यक्ष राजेश प्रसाद, त्रिभुवन चतुर्वेदी, उद्घोषक सनोज मेहरा, पप्पू कुमार, श्याम जी, उमेश उमंग, सानू जी, रविन्द्र बैठा, विभा कुमारी, जितेंद्र कुमार सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। सभी ने अंतर्ध्वनि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे आत्मिक पथ का प्रकाश स्तंभ बताया। इस अवसर पर गुरुवर श्री सत्येंद्र जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि यह ग्रंथ आत्मा की पुकार है, चेतना की प्रतिध्वनि है। आपने जिस निर्मल भाव से इसे अपनाया है, वही भाव आपको संवाद से समाधि तक की यात्रा में पथप्रदर्शक बनेगा। यही गुरुकृपा है, यही आशीर्वाद है। आत्मदीप बनें, उजास फैलाएं। इस दौरान सनोज मेहरा, योगेंद्र पांडेय, गीतांजलि रथ, कुंज अग्रवाल, लाल बहादुर गिरि, मेहुल सोलंकी, राजेश मित्तल, ज्ञानचंद यादव, डॉ. उमेश उमंग, विभा कुमारी, श्रीभगवान शर्मा, रविश कुमार सानू सहित कुल 40 श्रद्धालु साधकों ने पुस्तक की अपनी-अपनी प्रतियां ससम्मान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से सभी सहयोगियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दबंगो ने सड़क पर बनवाई दुकान मकान और होटल

प्रात : किरण संवाददाता

मकेर / हाइवे पर सफेदपोशो ने बनवाई मकान ,होटल ,दुकान पटना उच्चन्यायालय ने दिया तोड़ने का आदेश ,मची हडकंप । मकेर महाबीर चौक से लेकर कारगिल पेट्रोल पंप तक सैकड़ो लोगो ने हाइवे 102 की जमीन पर अवैध रूप से मकान ,दुकान ,और होटल का निर्माण करा दिया है ।जबकि प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई थी । प्रशासन द्वारा कोई सटीक कदम नही उठाए जाने से आहत होकर समाज सेवी ने पटना उच्चन्यायालय में जनहीत में शिकायत दर्ज कराई थी । जनहित की संज्ञान लेते हुए उक्त भूमि की मापी कराई जिसमे दर्जनों दबंग लोगो ने सड़क की जमीन पर अपनी काम्प्लेक्स ,मकान ,दुकान बनाकर मौज कर रहे थे । नर्सिंग मिश्रा बनाम बिहार सरकार की ६ू ल्लङ्क9471/ 2025 की सुनवाई करते हुए आदेश निर्गत करते हुए प्रशासन से अविलम्ब सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया है । इस संबंध ने सीओ निर्मला कुमारी ने बताई है कि कुल 36 लोगो ने अतिक्रमण किया है जिसे बलपूर्वक हटा दिया जाएगा ,माननीय न्यायालय का आदेश का पालन हर हाल में किया जाएगा । मालूम हो कि कई वर्तमान मुखिया पति है ,तो कई दबंग , व्यव्सायी हैं जिन्होंने निर्माण करते हुए थोड़ा भी ध्यान नहीं रखा जिस कारण हाइवे 102 गांव की सड़क में तब्दील हो गयी हैं । आएदिन संकीर्ण सड़क होने से दुर्घटना होते रहती हैं । बहरहाल प्रशासन मुस्तैदी से इन अवैध निर्माण को यथा शीघ्र मुक्त करेगी । सड़क पर अतिक्रमण करने वालो में ,मुखिया पति संजीत राय ,फुलवरिया मुखिया पति बढ़ाई राय , मैनेजर राय ,दिनेश शर्मा , जलेश्वर साह ,योगेंद्र साह ,विकाश कुमार ,धीरज कुमार सहित 36 लोगो के नाम अंकित है ।

# त्रिवेणी संगम से जलबोझी कर कांवड़ियों का पहला जत्था राममकोला,रामनगर,अरेराज सहित नेपाल के इटहिया के लिए रवाना

● सावन के पहली सोमवारी को करेंगे भगवान शिव का जलाभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। इंडो नेपाल सीमा के वाल्मीकिनगर स्थित नारायणी त्रिवेणी संगम तट पर शुक्रवार की संध्या से ही शिव कांवड़ियों का जत्था त्रिवेणी संगम स्नान कर जल भरने के लिए पहुंचने लगी। नारायणी तट पर कांवड़िए शिव भक्तों ने पूरी रात शिव भजन कर भक्ति भाव मे डूबे रहे। शनिवार सुबह उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, पडरौना,खड्डा सहित गंडक पार के मधुबनी,ठकराहां,रामनगर, भैरोगंज सहित अन्य जगहों के कांवड़ियों ने नारायणी के त्रिवेणी संगम तट पर स्नान कर जल बोझीकर पहली सोमवारी को जलाभिषेक करने के लिए बोल बम की जयकारों के साथ रवाना हो गए। यह शिव भक्त कांवड़िए अपने अपने नजदीकी शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए जल भरा किया है। जत्थे में महिलाओं एवं कन्याओं की भी संख्या देखी गई। कुशीनगर से आए महेश्वर शुक्ला की टीम ने बताया कि पहली सोमवारी को रामकोला में हम लोग भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। पाली सोमवारी के दिन ज्यादा भीड़ नहीं रहेगी। इससे हमें भगवान भोले शंकर को जल चढ़ाने में आसानी होगी। जल भरने के उपरांत कांवड़िए शिव भक्तों की टोली ने संगम तट पर स्थित कालेश्वर मंदिर सहित जटाशंकर भोलेनाथ के दरबार में भी माथा टेक जलाभिषेक किया।

# कुएं में डूबने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत

परसा।थाना क्षेत्र के तीतिरा नरायनपुर गाव में शनिवार के सुबह लगभग 10 बजे कुएं में डूबने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कुएं में अचानक भैंस के बच्चे गिर गया जिसको बचाने के लिए रस्सी के सहारे राजनाथ सिंह कुएं में उतरे लेकिन पानी में डूबने से मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही सीओ अनुज कुमार घटना स्थल पर पहुच घटना से सम्बंधित जनकारी लिया.और ग्रामीणों के घंटे प्रयास के बाद उनका शव कुएं से बाहर निकाला गया. परिजनों ने आनन फानन में परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया. मृतक के वृद्धि व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के तीतिरा नारायणपुर गांव निवासी स्व आदित्य सिंह के 74 वर्षीय पुत्र राजनाथ सिंह बताया जाता है. हालांकि भैंस के बच्चे के भी मौत हो चुकी है क्रेन के माध्यम से मृतक व्यक्ति व भैस के बच्चे को कुएं से बाहर निकाला गया.मौत की खबर मिलते ही पत्नी विवाह देवी पुत्र रंजन सिंह कुणाल सिंह पंकज सिंह का रो-रो कर बुरा हाल था. घटना की सूचना मिलते ही कुंवर सिंह बृजेश सिंह कृष्ण शर्मा चंद्र के तेज सिंह उमेश सिंह सुखदेसर सिंह ने परिजनों और मृतक के परिजनों से मिलकर सन्तवान दिया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अभी तक कोई आवेदन मृतक के परिजनों द्वारा नहीं दिया गया है आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# हॉकी स्टेट जूनियर चैंपियनशिप को लेकर जिला टीम के खिलाड़ी हुए चयनित

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा। हॉकी एसोसियेशन ऑफ बिहार का पहली हॉकी स्टेट जूनियर चैंपियनशिप राजगीर में 13 जुलाई से 17 जुलाई तक बालक एवं बालिका का जूनियर स्टेट चैंपियनशिप राजगीर नालंदा में होने जा रहा है। इस अवसर पर हॉकी एसोसियेशन ऑफ सहरसा 9 जुलाई से 11 जुलाई तक खिलाड़ियो का चयन कर टीम का गठन किया गया। चयनित खिलाड़ी में नीरज कुमार, प्रियांशु राज, मो अशुदुल्ला, स्वरित कुमार, विशाल कुमार, शिवनंदन कुमार, राज कुमार, रोशन कुमार, अनु कुमार, सोनू कुमार, रोशन कुमार, मो हमजा, हिब्जू रहमान, प्रेम कुमार, प्रीतम कुमार, आदित्य कुमार, प्रिंस कुमार, कृष्णा कुमार शामिल है। इस अवसर पर हॉकी एसोसियेशन ऑफ सहरसा के संरक्षक डॉ. श्रीमती रेणु सिंह, सचिव सुनील कुमार झा, एल आई सी. के कुमार साहब, डॉ शशिशेखर सम्राट, डॉ रमण झा, लाजवंती झा, नेहरू युवा केन्द्र से अवकाश प्रताप टी.एन. सिंह, मोहन साह, ब्रजेश कुमार, एम.एल.टी कॉलेज के प्रियरंजन, मनोहर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथलेश कुमार, सर्वेश कुमार, रश्मी उरांव, प्रमोद झा, रोशन सिंह धोनी, अमित ठाकुर, सबो ने हॉकी टीम को बधाई देते हुए अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।वही दूरभाष पर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह सह एम.एल.सी कोशी प्रमंडल सहरसा ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि सहरसा में हॉकी को ग्रामीण स्तर पर ले जाने की जरूरत है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई में 2640 लीटर विदेशी शराब और दो वाहन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

लखीसराय !जिले में अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मेदनीचौकी थाना पुलिस ने 2640 लीटर विदेशी शराब (बियर) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार के नेतृत्व में बीती रात की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मद्य-निषेध इकाई,पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर ठल्-80 पर संदिग्ध चारपहिया वाहन (संख्या-इफ01ऋ्ल7059) को रोका गया। तलाशी लेने पर गाड़ी में भारी मात्रा में विदेशी शराब पाई गई। पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान राजेश कुमार (धनबाद, झारखंड) एवं राहुल कुमार , पटना) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शराब की यह खेप बिहार में खपत के उद्देश्य से लाई जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वाहन से 2640 लीटर विदेशी शराब बियर दो चार पहिया वाहन, तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। छापेमारी दल में पु.अ.नि. दिलीप कुमार, थानाध्यक्ष, मेदनीचौकी थाना पु.अ.नि. रेखा रानी पु.अ.नि. अभिमन्यु कुमार. स.अ.नि. अशोक कुमार मिश्रा जमादार प्रभात सिंह शामिल थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा।वहीं एसपी अजय कुमार ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में भी निरंतर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है !

# करिंगा पंचायत भवन में विधिक जागरुकता शिविर आज

छपरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण, छपरा के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक जागरुकता समिति सारण, छपरा के तत्वाधान में आगामी 13 जुलाई 2025 (रविवार) को 10:00 बजे पूर्वाह्न में मानव तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण की शिकार पीड़ितों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम ( नालसा )का आयोजन रविवार को करिंगा पंचायत भवन में होगा। कार्यक्रम का उद्देश्यः यह जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा वर्ष 2015 में लागू की गई योजना के तहत मानव तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण की शिकार पीड़ितों के अधिकारों, संरक्षण, पुनर्वास एवं कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। मुख्य बिंदु वाणिज्यिक यौन शोषण की शिकार महिलाओं और बच्चों के लिए कानूनी सहायता एवं पीड़ितों को विधिक अधिकार और सहायता प्रदान करना। पुनर्वास, परामर्श और सामाजिक पुनर्स्थापन हेतु सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाएं के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराना, जिसमें विधिक सेवा प्राधिकरण (डलसा) की भूमिका अहम है। मुख्य वक्ताः इस कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य वक्ता होंगे। विधिक विशेषज्ञ अधिवक्ता, महिला कल्याण अधिकारी,समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधि,पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञ तथा मानव तस्करी एवं यौन शोषण की शिकार पीड़ित महिलाएं व बच्चे, समाजसेवी संस्थाएं,छात्र-छात्राएं आम नागरिक से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम में भाग लें और समाज में मानव तस्करी तथा यौन शोषण जैसे गंभीर अपराधों के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाएं। जागरूकता शिविर के सफल आयोजन हेतु पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# पतरघट अंचल के अंचलाधिकारी राकेश कुमार 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को सहरसा जिले के पतरघट अंचल के अंचलाधिकारी राकेश कुमार को निगरानी की टीम ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, यह रिश्वत एक जमीन के मोटेशन मामले में ली जा रही थी। अंचलाधिकारी ने मोटेशन कराने के बदले जमीन मालिक से 1 लाख 50 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद जमीन मालिक ने निगरानी विभाग, पटना में इसकी जानकारी दी। विभाग ने योजना बनाकर जाल बिछाया और अंचलाधिकारी को घूस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। जैसे ही शिकायतकर्ता द्वारा अंचलाधिकारी को पैसे सौंपे गए, निगरानी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उन्हें दबोच लिया। निगरानी टीम ने प्रमाण के तौर पर सीओ के हाथ को पानी में डुबोया, जिसमें रंग परिवर्तन होते ही घूसखोरी की पुष्टि हो गई। इसके बाद अधिकारियों ने अपना परिचय देते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम अंचलाधिकारी राकेश कुमार को मधेपुरा स्थित उनके आवास पर भी लेकर गई, जहां छापेमारी की जा रही है। देर रात तक टीम के सहरसा लौटने की संभावना है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और यह एक बार फिर भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की सक्रियता को दशार्ता है।

# अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री एवं मगध विश्वविद्यालय के संस्थापक सत्येंद्र नारायण सिन्हा की जयंती मनाई गई



गया जी ।अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के बीएड विभाग के सभागार में बिहार के महान विभूति पूर्व मुख्यमंत्री एवं मगध विश्वविद्यालय के संस्थापक सत्येंद्र नारायण सिन्हा की जयंती मनाई गई है ।इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अनंत कुमार सिंहा एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि वे एक युग पुरुष थे ।प्यार से उन्हेंलोग छोटे साहब कहा करते हैं ।वे एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री रहे तथा अन्य पदों पर उन्होंने बिहार का प्रतिनिधित्व किया है। बी एड विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला ने कहा कि यह बिहार ही नहीं बल्कि देश को इस महान विभूति का अनुकरण करना चाहिए ,जिन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना की । उनके त्याग एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता है । इस अवसर पर विभाग के अन्य शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखें ।इस अवसर पर बीएड विभाग के डॉक्टर ब्रजमोहन सिंह, डॉ ईश्वर सिंह, डॉ विजय कुमार पांडे ,डॉक्टर नीरज कुमार ,डॉक्टर दीपक कुमार मिश्रा डॉक्टर सुशील कुमार सिन्हा ,प्रोफेसर महेश लाल हाल, डॉक्टर रितेश कुमार, डॉक्टर मीता रानी, प्रो प्रवीण कुमार, डॉ शंभू कुमार एवं लाइब्रेरीयन राजेश रंजन कुमार सिंह ,मुकेश कुमार तथा अन्य उपस्थित थे ।

# बगहा के समग्र विकास और युवा राजनीतिक भागीदारी पर जनसंवाद

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम और प्रेस वार्ता में अंकित देव अर्पण ने अपने विजन ह्यसंकल्पः विकसित बगहाह्ण को विस्तार से जनता के सामने रखा। 500 से अधिक लोगों की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि बगहा की भूमि सदैव उपेक्षा की शिकार रही है, जबकि यहाँ के छात्र और युवा हर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में सोनू यादव, महंत राम, अलाउद्दीन अंसारी और अभिषेक कुशवाहा ने उनके राजनीतिक प्रवेश का स्वागत किया। संचालन उज्ज्वल शुक्ला ने किया। अंकित देव अर्पण ने युवाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की आवश्यकता जताई और कहा कि ऐसे युवकों को आगे लाना होगा जिनकी पृष्ठभूमि गैर-राजनीतिक रही हो, लेकिन जिनमें नेतृत्व की योग्यता है। उन्होंने कहा कि बगहा के किसान आज भी 5 रुपये किलो आलू बेचते हैं जबकि उनके बच्चे महंगे पैकेटेड चिप्स खरीदते हैं। टेक्सटाइल पार्क को छीन लिया गया, जिससे रोजगार के अवसर छिन गए। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी – ह्ययह शर्मनाक है कि गर्भवती महिलाएं इलाज के अभाव में दम तोड़ रही हैं।ह्ण उन्होंने स्थानीय स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करने की वकालत की। उन्होंने केंद्र सरकार के नए कानूनों और गृह मंत्री की दूरदर्शिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि साइबर फोरेंसिक और तकनीकी विकास को लेकर सदन में गंभीर चर्चा होनी चाहिए। अंत में, उन्होंने बगहा को ठ्रव या फ्म्ब जैसे राष्ट्रीय संस्थान और एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय की आवश्यकता बताई। उन्होंने साफ कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका तय कर चुके हैं और बगहा के विकास को लेकर गंभीर हैं।

# गया जी में टैंकर से पेट्रोल की जगह निकली विदेशी शराब की कई पेटियां, एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



गयाजी। गया जिले में शराब माफियाओं के करतूत के नित्य नए किस्से सामने आ रहे हैं। कभी रेलवे स्टेशन पर तो कभी सड़क मार्ग पर चलने वाले वाहनों से शराब बरामद किए जाते हैं। एक बार तो एसएसपी कार्यालय के समीप ही शराब माफिया चोरी छिपे शराब रख कर इसका अवैध कारोबार करने से गुरेज नहीं किया। अब ताजा मामला सामने आया है कि ज्वलनशील पदार्थ की ढुलाई करने वाले टैंकर में छिपकर शराब की बड़ी खेप लेकर आ गया। माफियाओं के तरीकों से हर विभाग परेशान है लेकिन आसूचना संकलन के माध्यम से ऐसे माफियाओं पर नकेल भी कसने में कोई कसर नहीं बाकी रखा जा रहा है। मद्य निषेध विभाग की एक टीम ने गया जी शहर के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के पथरौरा में एक उजले रंग का महिन्द्रा कम्पनी का टैंकर को जब पकड़ा तो इसमें डीजल या पेट्रोल की जगह शराब की पेटियां निकली। मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त प्रिय रंजन ने बताया कि टैंकर पर रजिस्ट्रेशन नं०- बीआर-09-2307 अंकित मिला लेकिन चेसिस नंबर तथा इंजन नंबर अस्पष्ट था। उन्होंने बताया कि जब ने आसूचना के आधार पर टैंकर के पिछले हिस्से में एक अलग से टिन का चदरा नट से कसा हुआ पाया। माफिया ने इसे अलग रंग से रंग दिया था ताकि शक न हो। उन्होंने बताया कि नट खोल कर देखा गया तो टंकी में ज्वलनशील पदार्थ की जगह विदेशी शराब की पेटियां छिपाई गई थी। जिसे टीम ने जब्त कर लिया। उन्होंने बताया 70 पेटी शराब बरामद किए गए हैं। जिसमें 1680 पीस बोतल थे। इस मामले में अभियुक्त चितरंजन चौधरी( 35) को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पिता का नाम निरगुन चौधरी है। जो स्टील सीटी, थाना-हरला, जिला-बोकारो, झारखण्ड का रहने वाला है। उन्होंने बताया छापामार दल में उमेश चन्द्र राय, निरीक्षक, विजय कुमार, मद्यनिषेध सिपाही, विकाश कुमार, मद्यनिषेध सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान एवं सशस्त्र बल शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई की गई है।

# मशरक थाना में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की हुई सुनवाई

मशरक। शनिवार को मशरक थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित हुआ। जमीनी विवाद को लेकर कुल 38 फरियादियों के समस्याओं को सीओ सुमंत कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष निरज कुमार मिश्र द्वारा सुनवाई किया गया। 41 मामले में से 6मामले को सलटाया गया। जबकि 35मामले जांच में भेजा गया। 7नये मामले भी जनता दरबार में आया। सीओ सुमंत कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष निरज कुमार मिश्र तथा एसआइ लखन कुमार मांझी, अंचल कार्यालय के सीआई अनिल कुमार शर्मा एवं रवि कुमार ने जनता दरबार में फरियादियों का फरियाद गहनता पूर्वक सुना। सीओ सुमंत कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव मुहल्लों में छोटी छोटी जमीनी विवाद को थाना स्तर पर ही जनता दरबार के माध्यम से सुलझा दिया जाए। ताकि जनता को परेशानी नही हो।

# सरकारी योजनाओं में लूट की शिकायत पर एसडीओ ने बीडीओ से जांच रिपोर्ट मांगा

मशरक । बिहार सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं में लूट मची हुई है। इसका आरोप सारण जिला आम आदमी पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रीकांत सिंह ने लगाया है। इसकी जांच बड़ी धीमी गति से चल रहा है। मढ़ौरा अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 1826 में फिर से मशरक प्रखंड विकास पदाधिकारी को मामले की जांच करने का आदेश निर्गत किया गया है। मामला प्रखंड क्षेत्र के सेमरी पंचायत के निकुंभ सेमरी पुल से लेकर फागु राय के घर के सामने तक ईटीकरण एवं मिटटी करण की जांच अभिलंब करने का निर्देश दिया गया है। कार्य में गलत ढंग से पैसे की निकासी वर्तमान मुखिया एवं पीआरएस द्वारा कर लिया गया है। वहीं कुछ माह पहले मढ़ौरा अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्रांक 767 दिनांक 19 मार्च 25 को मशरक अंचल पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया गया था। जिसमें भी अंचल कार्यालय मशरक पत्रांक 722 दिनांक 10 मई 025 को अनुमंडल पदाधिकारी के पास जांच कर जिसमें साफ साफ बताया गया है कि भवदीय के आदेश के आलोक में स्थल जांच की गई जिसमें आवेदक उपस्थित रहे। जांच के क्रम में पंचायत राज सेमरी के वार्ड नंबर 03 कहीं भी नाली , पिन की उगाही की कार्य नहीं होने की पहचान मिल रहा है। आवेदक का दावा सत्य है। वहीं जांच रिपोर्ट मढ़ौरा अनुमंडल पदाधिकारी के पास भेज दिया गया है। वहीं फिर से मढ़ौरा अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्रांक 1826 दिनांक 02 जुलाई,025 को फिर से प्रखंड विकास पदाधिकारी मशरक को जांच कर अग्रेतर कारवाई करवाने का फरमान जारी किया गया है। पंचायत सहित अन्य अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मशरक में 30 पोल का विद्युत तार चोरी, कृषि कार्य बाधित

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। थाना क्षेत्र के गंडामण गांव में कृषि कार्य में लगाए गये एक विद्युत ट्रांसफार्मर, 30- पोल का 3.16 क्वायल केबल 11सौ मीटर तार काट कर अज्ञात चोर ले गए। उक्त ट्रांसफॉर्मर तार से चार किसान को सिचाई हेतु बोरिंग तक बिजली दी गई थी। गुरुवार के रात में 30 पोल का 3.16 का केबल तार काट लिया गया है। जिससे किसानो को सिचाई की सुविधा ठप पर गई है। मशरक थाना क्षेत्र के कर्णकुदरिया गांव के निवासी व विद्युत ठीकेदार शुशील कुमार गौतम ने मशरक थाना में एक लिखित आवेदन पत्र दिया है। आवेदन पत्र में कहा कि उत्कर्ष विजली हाउस जो मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना (एमकेभीएसआइ) के तहत एजेंसी मोन्टी कार्लो कंपनी के द्वारा गांव में कृषि संबंधित द्वारा कार्य किया जा रहा है, पुलिस जांच में जुटी है।

# ‘कल का पता नहीं है, हम किसके लिए कर रहे हैं’

## डिओगो जोटा की मौत ने सिराज को चौंकाया



**लंदन (एजेंसी)।** खेल जगत में उस वक्त सनसन फैल गई जब लिवरपूल से खेलने वाले पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में अचानक मौत हो गई। इस घटना ने प्रशंसकों से लेकर खिलाड़ियों तक को झकझोर कर रख दिया। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भी डिओगो जोटा की मौत ने झकझोर कर रख दिया है। इसका खुलासा उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए वीडियो में किया।

**डिओगो जोटा की मौत ने सिराज को चौंकाया** - बीसीसीआई ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें सिराज को डिओगो जोटा पर बात करते देखा गया। उन्होंने कहा- आखिरी मैच में जब हम लोग आ रहे थे तब पता चला था कि डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत हो गई। मैं पुर्तगाल का प्रशंसक हूं क्योंकि सीआर7 (क्रिस्टियानो रोनाल्डो) भी उसी टीम से खेलते हैं। मैं बहुत भावुक हूं। तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन सिराज ने जोटा को अपना विकेट समर्पित किया था और उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। इसके विषय में उन्होंने कहा- मुझे पिछले मैच में करना था लेकिन नहीं हो सका। जिंदगी अप्रत्याशित है। हम किसके लिए लड़ रहे हैं। हम किसके लिए कर रहे हैं। कल का ही पता नहीं है। जिंदगी का कुछ भरोसा नहीं है। मैं चौंक गया, मुझे समझ नहीं आया ये कैसे हो गया।

**सिराज ने दी डिओगो जोटा को श्रद्धांजलि** - लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन सिराज ने इंग्लैंड को आठवां झटका जेमी स्मिथ के रूप में दिया। उन्होंने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 56 गेंदों में छह चौके की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। सिराज ने अपना यह विकेट कार दुर्घटना में मारे गए फुटबॉलर डिओगो जोटा को समर्पित किया। तेज गेंदबाज ने जोटा की 20 नंबर जर्सी का इशारा किया। इससे पहले रियल मैड्रिड के स्टार फुटबॉलर कायलियन एमबाप्पे ने भी डिओगो जोटा को श्रद्धांजलि दी थी। इसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

**मौत से 10 दिन पहले हुई थी शादी** - मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेन में डिओगो जोटा की कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे के वक्त उनके साथ कार में उनके भाई आंद्रे भी मौजूद थे। आंद्र भी 26 वर्षीय फुटबॉलर हैं। यह दुखद घटना जोटा की शादी के 10 दिन बाद हुई है। उन्होंने 10 दिन पहले लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं रुटे कार्डोसो के साथ पोर्टो में शादी की थी।

# धोनी को देखकर कठिन समय में संयम बनाए रखना सीखती थीं दीप्ति

## बोलीं- उनसे दबाव झेलना सीखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह धोनी के वीडियो देखकर कठिन परिस्थितियों में संयम बनाए रखना सीखती थीं। कैप्टन कूल के नाम से मशहूर धोनी को दबाव संभालने के मामले में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। दीप्ति ने हाल ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट पूरे किए। वह झूलन गोस्वामी (355) के बाद ऐसे करने वाली दूसरी भारतीय गेंदबाज हैं।

दीप्ति ने अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी और निचले क्रम में शानदार बल्लेबाजी से लगातार प्रभावित किया है। दबाव में धैर्य बनाए रखने की क्षमता दीप्ति को अलग स्तर का खिलाड़ी बनाती है। दीप्ति पिछले कुछ वर्षों में टीम की सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। उन्हें अक्सर गेंद से महत्वपूर्ण सफलता दिलाने या बल्ले से टीम को मुश्किल हालात से निकालने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

# इटली ने पहली बार टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालिफाई किया

## नीदरलैंड ने भी अपना स्थान पक्का किया; अगले साल भारत-श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब टीम वर्ल्डकप का हिस्सा होगी। उनके साथ नीदरलैंड ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में टॉप-2 स्थान हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की। पिछले चार टी-20 वर्ल्डकप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली।

**नीदरलैंड ने इटली को 9 विकेट से हराया** - 11 जुलाई 2025 को खेले गए यूरोपियन क्वालिफायर के आखिरी मुकाबले में इटली का सामना नीदरलैंड से हुआ। हालांकि इटली को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे उनके टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने पर कोई असर नहीं पड़ा। मैच में इटली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 16.2 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### जर्सी जीत के बावजूद चूका

आखिरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच पॉइंट्स थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण इटली 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### 5 टीमों की जगह खाली

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और कनाडा पहले ही पहुंच चुके हैं। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा लेंगी, ऐसे में 5 टीमों की जगह खाली है।

# बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

## कपिल देव का तोड़ा रिकॉर्ड, ऐसा कारनामा करने वाले बने पहले इंडियन

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 387 रन बनाए।

**बुमराह ने कपिल देव का तोड़ा रिकॉर्ड** --बुमराह ने इतिहास रचते हुए विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले भारतीय गेंदबाज बनकर कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने इस टेस्ट की पहली पारी में 27 ओवर गेंदबाजी करते हुए 74 रन देकर पांच विकेट लिए। अब बुमराह के नाम विदेशी जमीन पर 13 बार पांच विकेट हॉल का कारनामा दर्ज हो चुका है, जबकि कपिल देव ने यह उपलब्धि 12 बार हासिल की थी।

**बुमराह के 450 विकेट पूरे** - जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हॉल रहा। बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकॉर्ड था।



| प्लेयर | 5-विकेट | मैच | विकेट |
|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 13 | 35 | 168 |
| कपिल देव | 12 | 66 | 215 |
| अनिल कुंबले | 10 | 69 | 269 |
| ईशांत शर्मा | 9 | 63 | 207 |

**रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया** - इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर जो रूट ने शतक लगा दिया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा, इस मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं।

**बुमराह ने रूट को 15वीं बार आउट किया** -जो रूट को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 15वीं बार रूट को पवेलियन भेजा। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है।

**गिल के सीरीज में 600 रन पूरे** - शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

**रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने** - जो रूट ने भारत की बैटिंग के दौरान करुण नायर का स्लिप में कैच पकड़ा। इसी के साथ वे बतौर फील्डर टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन गए। रूट ने भारत के ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 कैच थे। रूट के 211 कैच हो गए।

**जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले विकेटकीपर**- इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए।

# कुंबले ने उठाई क्रिकेट नियमों में बदलाव की मांग

## ● आईसीसी से की इन मुद्दों पर फैसला लेने की सिफारिश



**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने क्रिकेट नियमों में बदलाव की मांग की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने और ड्यूक गेंद की गुणवत्ता बहान करने की सिफारिश की है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज के अभी सिर्फ तीन मुकाबले हुए हैं और ड्यूक बॉल को लेकर विवाद शुरू हो गया है।

**कुछ करना होगा** - ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बात करते हुए कुंबले ने कहा, हां, यह उचित ही है कि गेंद नरम हो रही है या उसे बदलने की ज़रूरत है क्योंकि यह लगातार और बहुत बार अपनी लय खो रही है। कुछ तो जरूर करना होगा। अगर गेंद 10 ओवर तक नहीं टिकती, तो बार-बार गेंद बदलना अच्छी बात नहीं है - न सिर्फ क्रिकेट के लिए, बल्कि गेंद के लिए भी।

**10 ओवर के खेल के बाद गेंद बदलने से भारतीय खिलाड़ी नाराज** - लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन सुबह के सत्र में दो बार गेंद को बदला गया। महज 10 ओवर के खेल के बाद गेंद को दोबारा बदलने को लेकर भारतीय खिलाड़ियों में रोष दिखा था। महान लेग स्पिनर कुंबले ने आगे कहा कि एक संभावित समाधान पिछले वर्षों के विनिर्माण मानकों पर लौटना हो सकता है। उन्होंने ड्यूक्स गेंद के पुराने संस्करण को बहाल करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा, %मुझे लगता है कि यह उचित है कि आप पाँच साल पहले जो उपलब्ध था उसे वापस लाएं।

**कुंबले ने की लार के उपयोग पर प्रतिबंध हटाने की मांग** - इस दौरान कुंबले ने आईसीसी से गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा- इससे निश्चित रूप से मदद मिलेगी। गेंद को बेहतर ढंग से चमकाएं और कम से कम उसे रिवर्स करें। आजकल, ऐसे ज्यादा मौके नहीं आते जहां गेंद


# वह रील, जिसके बाद टेनिस प्लेयर की हत्या हुई!

## ● राधिका ने इसे इंस्टाग्राम पर शेयर किया, पिता से परिचितों ने जताया एतराज

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा के गुरुग्राम में जिस रील के बाद पिता ने जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर बेटी राधिका यादव की हत्या कर दी, वह सामने आ गई है। रील राधिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी, जिसमें वह को-एक्टर इनामुल हक के साथ नजर आ रही थीं। इस वीडियो में राधिका के इनामुल के साथ सीन देखकर लोगों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां करनी शुरू कर दी थीं। यहां तक कि परिचितों ने पिता दीपक यादव के पास एतराज जताने शुरू कर दिए थे। इसके बाद पहले राधिका यादव का इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट हुआ। फिर उसकी हत्या हो गई। रील के विवाद की पुष्टि सेक्टर 57, वजीराबाद स्थित सुशांत लोक, फेज-2 के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन यादव ने भी की। पवन यादव ने कहा- कुछ लोगों ने राधिका की एक रील पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे परिवार में विवाद हुआ और राधिका को सोशल मीडिया अकाउंट हटाना पड़ा।राधिका ने एक्टर इनामुल हक के साथ कारवां सॉन्ग में बतौर लीड एक्ट्रेस काम किया था। यह गाना 2 मिनट 55 सेकेंड का है। इसके प्रचार के लिए 42 सेकेंड की रील बनाई गई थी। जिसकी शुरुआत के 17 सेकेंड में राधिका को-एक्टर इनामुल के कंधे पर सिर रखे हुए दिखाई देती हैं और इनामुल ने उनका हाथ भी पकड़ा हुआ है।

**पिता ने गाना सुना, वीडियो नहीं देखा था** - को-एक्टर इनामुल हक का कहना है कि उसने गाने की वीडियो शूटिंग से पहले गाना राधिका को भेजा था। राधिका ने कहा था कि उसके पिता को गाना पसंद आया। हालांकि यहां गौर करने वाली बात है कि तब पिता दीपक यादव ने गाना सिर्फ सुना था, उसका वीडियो नहीं बना था तो बेटी ने उसमें क्या एक्टिंग की, इसके बारे में उन्हें पता नहीं था।

**पहले राधिका ने इसका प्रचार नहीं किया** - इसके बाद गाने की शूटिंग हुई। गाना 20 जून को रिलीज हो गया, लेकिन राधिका ने उसका प्रचार नहीं किया था। इसकी पुष्टि करते हुए इनामुल ने कहा कि वीडियो रिलीज होने के तुरंत बाद राधिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी लगाई थी, जिसमें उसने



बताया कि उसके दादा का निधन हो गया। इसी वजह से उसने गा ने का प्रचार नहीं किया।

**स्टोरी लगाई तो परिचितों को पता चला, एतराज आने लगे** -इसके बाद राधिका ने कुछ दिन पहले 42 सेकेंड की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड की। रील अपलोड होते ही उसके परिवार के परिचितों ने भी उसे देखा। संभव है कि उनके ग्रुप में भी यह रील शेयर की गई होगी। इसके बाद उसमें राधिका के एक्टर इनामुल के साथ फिल्माए सीन परिचितों को अच्छे नहीं लगे। उसके नीचे आपत्तिजनक कमेंट आने लगे। इससे एतराज पिता तक भी पहुंच गया। सुशांत लोक फेज टू की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि रील को लेकर परिवार में बहस भी हुई थी।

**रील के बाद एकेडमी बंद करने को लेकर 2 थ्योरी** - पुलिस सूत्रों के मुताबिक बेटी के किसी युवक के साथ पहली बार इस तरह के सीन देखकर पिता खुश नहीं थे। संभवत~ उनके बीच इसको लेकर झगड़ा होने लगा। इसी के बीच टेनिस एकेडमी आ गई। इसको लेकर पुलिस 2 थ्योरी मान रही है।

पहली- पिता ने राधिका के आगे एतराज किया कि वह इस तरह के वीडियो में उसका काम करना बर्दाश्त नहीं कर सकते। इससे समाज और परिचितों में बदनामी हो रही है। इसे तुरंत हटाना होगा। उसे ये रील बनाने और एक्टिंग का काम बंद करना होगा।

ऐसा हो सकता है कि इसके बदले में राधिका ने कहा हो कि वह इसे बंद कर रही है। अपना अकाउंट भी डिलीट कर रही है, लेकिन अब वह उनकी खोली एकेडमी भी नहीं चलाएगी। पिता इससे नाराज हो गए, क्योंकि उन्होंने सवा करोड़ रुपए खर्च कर यह एकेडमी खोली थी।

इससे दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। कत्ल वाले दिन पिता को फिर किसी ने एतराज जताया। घर आकर पिता का राधिका से झगड़ा हुआ। जिसके बाद तैश में आकर पिता ने बेटी को गोली मार दी।

दूसरी- पिता ने राधिका को कहा कि वह तुरंत इस रील को डिलीट करे। अपना इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दे। इस तरह की रील और एक्टिंग उनके परिवार की छवि के लिए ठीक नहीं है। वह आगे से ऐसा काम नहीं करेगी।

इसके बावजूद राधिका जिद पर अड़ी रही कि वह एक्टिंग करेगी और इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद नहीं करेगी। इससे पिता नाराज हो गए और उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो फिर सवा करोड़ रुपए लगाकर उन्होंने जो एकेडमी दी है, उसे बंद कर दे।

राधिका ने कहा होगा कि वह एकेडमी भी बंद नहीं करेगी। इससे पिता गुस्से में आ गए और लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी।

# कार्लोस अल्काराज लगातार तीसरे विंबलडन फाइनल में पहुंचे

## सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया, सिनर से होगा खिताबी मुकाबला

**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार तीसरे साल विंबलडन मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हरा दिया। फाइनल में उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने विंबलडन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

**4 सेट में जीते अल्काराज** - मेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 फ्रिट्ज के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता। फ्रिट्ज ने वापसी की और 7-5 से दूसरा सेट जीत लिया। तीसरे सेट में अल्काराज ने कमबैक किया और 6-3 से सेट जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में बराबरी की टक्कर दिखी, लेकिन अल्काराज ने 7-6 (8-6) से आखिरी सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अल्काराज ने 2023 से लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने पिछले दोनों बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ही खिताबी मुकाबला हराकर ट्रॉफी जीती थी। 2024 में मुकाबला 5 सेट तक चला, लेकिन 2023 में अल्काराच ने 3 सेट में ही खिताब जीत लिया। जोकोविच अब दूसरे सेमीफाइनल में सिनर को हराकर फाइनल में पहुंच सकते हैं।





**जोकोविच विंबलडन से बाहर** - जोकोविच को सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने सीधे सेट्स (6-3, 6-3, 6-4) से हराया। मैच के दौरान जोकोविच को पुरानी चोटों व उम्र के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उम्र का असर निश्चित रूप से टीम पर पड़ता रहा।

**विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने सेमीफाइनल जीता** - विमेंस डबल्स में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और रूस की वेरोनिका कुडरमेटोवा की वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डिजायरे क्रजिक और ऑस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी की गैरवरीय जोड़ी को 3-6, 6-0, 6-3 के अंतर से हरा दिया।

## भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा दिन

# राहुल -पंत ने भारत को संभाला, राहुल का शानदार शतक

**लॉर्ड्स (एचजेंसी)।** मुकाबला लॉर्ड्स मैदान पर खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन था और पहले सेशन का खेल जारी था। टीम इंडिया ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 248 रन है। टीम अब भी इंग्लैंड से 171 रन पीछे हैं। ऋषभ पंत और केएल राहुल क्रीज पर हैं। दोनों के बीच शतकीय पार्टनरशिप हो चुकी है। राहुल ने शानदार शतक बनाकर क्रीज पर थे। पंत 74 रन बनाकर रन आउट हो गए। भारत ने सुबह 145/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 387 रन ऑलआउट हुआ। जो रूट ने शतक लगाया। जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लिए।



### राहुल-पंत की बीच हुई शतकीय साझेदारी, पंत 74 रन बनाकर आउट

केएल राहुल और ऋषभ पंत ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी की। बेन स्टोक्स की पहली बॉल वाइड रही। इस एक रन के साथ साझेदारी कर 100वां रन बना। स्टोक्स ने तीसरी बॉल बाउंसर डाली। यह बॉल पंत के ग्लव्स पर लगी। पंत दर्द में नजर आए। उन्हें पहले दिन भी चोट लगी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिसवालों के बच्चों को काटा तो 10 कुत्तों को मार दी गोली, शव को बोरे में भरकर फेंका

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक चौंकाने वाली घटना ने लोगों का ध्यान खींचा है। आरोप है कि कांकेर पुलिस लाइन में एक थाना प्रभारी ने 10 बेजुबान कुत्तों को गोली मार दी। स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर दावा किया जा रहा है कि इन कुत्तों के शवों को बोरे में भरकर नदी किनारे फेंक दिया गया। इस मामले में एसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे एक वीडियो में कथित तौर पर कुत्तों को गोली मारने और उनके शवों को ठिकाने लगाने का दृश्य दिखाया गया है। यह वीडियो कांकेर पुलिस लाइन के अंदर का बताया जा रहा है, जहां एक टीआई पर कुत्तों को निशाना बनाने का आरोप है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्रूरता उस समय हुई जब एक कुत्ते ने कथित तौर पर टीआई के बच्चे को दौड़ाया, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।कांकेर पुलिस ने का इस घटना पर बयान सामने आया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो की सत्यता को भी परखा जा रहा है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अगर ये आरोप सही पाए गए, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। साथ ही, यह भी जांच का विषय है कि क्या पुलिस लाइन जैसे सुरक्षित स्थान पर इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा सकता है।

### बिहार के लोगों को एक और तोहफा! 100 यूनिट फ्री बिजली देने की तैयारी में नीतीश कुमार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार राज्य की जनता के लिए एक पर एक योजना ला रही है। हाल ही में बिहार सरकार ने बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिलने वाली पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी। अब सरकार बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को हर महीने 100 यूनिट बिजली फ्री में देने की योजना बना रही है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने इसको लेकर एक मसौदा तैयार किया है जिसे ऊर्जा विभाग ने मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही इसे कैबिनेट की मंजूरी मिल सकती है। इसके बाद लोगों को इसका लाभ मिलने लगेगा। आपको बता दें कि इस सुविधा का लाभ सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा। कॉमर्शियल ग्राहकों को इस योजना से अलग रखा जाएगा। इसके अलावा बिहार सरकार इसी योजना में कृषि के लिए इस्तेमाल होने वाली बिजली पर कुछ अधिक रियायत दे सकती है। इस मुद्दे पर भी चर्चा अंतिम चरण में है। बिहार में में लगभग 2.08 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें से लगभग 60 लाख लोगों के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुके हैं। इनके लिए पहले से ही बिल में 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट मिल रही है।

### भाखड़ा-नांगल बांध पर सीआईएसएफ तैनाती को लेकर ठनी, पंजाब विधानसभा में विरोध में प्रस्ताव पास

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब विधानसभा ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के भाखड़ा-नांगल बांध प्रोजेक्ट में सीआईएसएफ की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है। इसमें कहा गया कि राज्य पुलिस पिछले 70 वर्षों से इन प्रतिष्ठानों की विधिवत सुरक्षा कर रही है। प्रस्ताव में कहा गया कि अगर बीबीएमबी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ ) के कर्मियों को तैनात करता है तो पंजाब सरकार ऐसी तैनाती के संबंध में कोई भी वित्तीय बोझ वहन नहीं करेगी। सीआईएसएफ की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव शुक्रवार को पंजाब विधानसभा में पेश हुआ। विशेष सत्र के दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल की ओर से इसे लाया गया। प्रस्ताव के अनुसार, पंजाब ने सीआईएसएफ की तैनाती के मुद्दे पर फिर से विचार किया है। 27 मई और 4 जुलाई को बीबीएमबी को सीआईएसएफ की तैनाती के विरुद्ध अपनी कड़ी आपत्तियां जताई थीं। मई में केंद्र सरकार ने पंजाब में नांगल बांध को आतंकवाद-रोधी सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीआईएसएफ के 296 कर्मियों वाली सशस्त्र टुकड़ी की तैनाती की मंजूरी दी थी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है ।

# एकनाथ शिंदे के थप्पड़बाज विधायक के खिलाफ ऐक्शन, मुख्यमंत्री के बयान के बाद गैर संज्ञेय अपराध का केस दर्ज

**मुंबई, एजेंसी।**
दक्षिण मुंबई स्थित विधायक हॉस्टल कैंटीन में एक कर्मचारी से कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ और उनके समर्थक के खिलाफ शुक्रवार को गैर-संज्ञेय धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना के तीन दिन बाद यह कार्रवाई महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के उस बयान के बाद की गई कि पुलिस को जांच शुरू करने के लिए औपचारिक शिकायत का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।



गैर-संज्ञेय मामला छोटे अपराधों में दर्ज किया जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस अदालती वारंट के बिना गिरफ्तारी नहीं कर सकती। गायकवाड़ और उनके एक समर्थक ने मंगलवार रात आकाशवाणी एमएलए हॉस्टल कैंटीन में 'बासी खाना परोसने' के कथित आरोप में एक कर्मचारी के साथ मारपीट की थी। बुलढाणा से दो बार के विधायक गायकवाड़ द्वारा कैंटीन कर्मचारी को घूंसा और थप्पड़ मारने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था, जिसके बाद पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया।

**गायकवाड़ का खेद व्यक्त करने से इनकार:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी से जुड़े गायकवाड़ ने हालांकि खेद व्यक्त करने से इनकार कर दिया और कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह इसी तरह का कदम दोबारा उठाएंगे। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित से पूछा था कि क्या वह विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहता है, लेकिन उसने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो फुटेज की जांच के बाद एक पुलिस अधिकारी ने विधायक और उनके समर्थक के खिलाफ राज्य की ओर से मरीन ड्राइव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।अधिकारी ने बताया कि विधायक और उनके समर्थक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक गैर संज्ञेय मामला दर्ज किया गया है, जिसमें धारा 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 3 (5) (सामान्य इरादा) शामिल हैं। इससे पहले दिन में राज्य का गृह विभाग भी संभाल रहे मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि घटना की जांच शुरू करने के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत का इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है।

**केस दर्ज पर आरोप गैर संज्ञेय:** उन्होंने मॉनसून सत्र के दौरान विधान भवन में संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को मामले की जांच करनी चाहिए और यदि यह संज्ञेय अपराध है तो वे उचित कार्रवाई करेंगे। इससे पहले, गृह राज्य मंत्री एवं शिवसेना विधायक योगेश कदम ने कहा था कि पुलिस गायकवाड़ के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि कोई शिकायत नहीं है। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने प्रकरण सामने आने के बाद बुधवार को खाद्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कैंटीन चलाने वाले कैटरर का लाइसेंस निलंबित कर दिया था।

## पत्नी की सर्जरी के नाम पर ली जमानत, बाहर आते ही सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का आरोपी फरार

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में आरोपी शाहबाज अंसारी फरार हो गया है। पिछले महीने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से उसे अंतरिम जमानत मिली थी। मई 2022 में मूसेवाला की हत्या के लिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को हथियार और गोला-बारूद देने का उस पर आरोप है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी अंसारी को दिसंबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था। 18 जून को वेकेशन जज ने उसकी पत्नी की स्पाइन डिकंप्रेशन सर्जरी के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत दी थी। लेकिन, अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ह्द्ध) का कहना है कि अंसारी का मोबाइल फोन बंद है और उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो रही।

एनआईए ने कोर्ट को बताया कि शाहबाज अंसारी की ओर से दिया गया फोन नंबर असम के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। जमानत के लिए जमानतदार ने कथित तौर पर पैसे लेकर यह काम किया था। इसके अलावा, अंसारी ने जिस गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल का हवाला दिया, वहां ऐसी सर्जरी नहीं होती। इन खुलासों के बाद, एनआईए ने विशेष लोक अभियोजक राहुल त्यागी के जरिए 8 जुलाई को जमानत रद्द करवा दी। हालांकि, अंसारी ने कोर्ट में हाजिर होने के नोटिस की अनदेखी की। उसके वकील अमित श्रीवास्तव ने भी कहा कि उन्हें अपने मुवक्किल के ठिकाने की जानकारी नहीं है।

यह पहली बार नहीं है जब शाहबाज अंसारी ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया हो। फरवरी 2023 में उसे अपनी गर्भवती पत्नी के लिए पांच दिन की अंतरिम जमानत मिली थी, लेकिन उसने एनआईए को अपनी लोकेशन नहीं दी। इसके कारण उसकी 30 दिन की जमानत विस्तार याचिका खारिज कर दी गई थी। इसके बाद, अक्टूबर 2023 और जनवरी 2024 में अंसारी की बहन की शादी के लिए जमानत याचिकाएं भी खारिज हुईं, क्योंकि एनआईए ने बताया कि उसके परिवार में दूसरे पुरुष सदस्य मौजूद हैं। अब, अंसारी के फरार होने से जांच एजेंसी को उनकी आपराधिक नेटवर्क को फिर से सक्रिय करने की आशंका है।

## तमिलनाडु में प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार शुरू, स्टालिन सरकार ने 100 करोड़ का फंड दिया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य के 1000 साल पुराने 63 प्राचीन मंदिरों के पुनरुद्धार का काम शुरू करवा दिया है। सरकार की तरफ से बताया गया कि इस काम के लिए 100 करोड़ की राशि जारी की गई है। यह काम राज्य हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की देख-रेख में किया जाएगा, जो कि मंदिर के ढांचे में बिना किसी बदलाव के इसको संपन्न करेगी। राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने यहां सचिवालय में एक किताब का भी विमोचन किया। इसके साथ ही स्टालन ने स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से 99.35 करोड़ की लागत में बनाई गई स्कूली सुविधाओं का भी उद्घाटन किया। इससे पहले स्टालिन ने बुधवार को राज्य के विपक्षी नेता पलानी स्वामी पर निशाना साधते हुए उन्हें भाजपा की डबिंग आवाज बताया था। आपको बता दें कि तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। स्टालिन सरकार के ऊपर विपक्ष लगातार मंदिरों की संपत्ति को लूटने का आरोप लगाता है। एआईडीएमके नेता पलानीस्वामी ने कुछ समय पहले ही स्टालिन के ऊपर मंदिर का सोना लूटकर कॉलेज स्थापित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया था।



विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे समय में स्टालिन सरकार द्वारा मंदिरों के पुनरुद्धार के द्वारा विपक्ष के इस हमले की धार कम करना हो सकता है। पलानी स्वामी के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भी उन पर जमकर हमला बोला। अपने गृह जिले तिरुवरुर में पलानीस्वामी को घेरते हुए स्टालिन ने कहा कि पलानी स्वामी राज्य बचा ही नहीं सकते, यह वहीं नेता हैं जो अपनी पार्टी तक नहीं बचा पाए। पलानी स्वामी मंदिरों के धन हड़प करने के आरोपों का जवाहब देते हुए स्टालिन ने कहा कि राज्य के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम में छात्रों के लाभ के लि शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा, स्वर्गीय बक्तवत्चलम ने डी सबसे पहले मंदिरों के धन से कॉलेज खोलना शुरू किया था और पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन ने भी पलानी मुरुगन मंदिर के धन से ही एक कॉलेज खोला था।

## जवानों को बड़ी सफलता; 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 37.50 लाख था इनाम



**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन और मुठभेड़ में मारे जाने के डर से 22 और नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले सभी 22 नक्सली अबूझमाड़ इलाके में एक्टिव थे। इनमें 14 पुरुष और 8 महिला नक्सली शामिल हैं। इन नक्सलियों पर 37 लाख रुपये का इनाम था। मॉनसून के दौरान भी फोर्स का ऐक्शन जारी है। फोर्स के साथ मुठभेड़ में मारे जाने के डर से नक्सलियों में भारी दहशत है।

मिली जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी जब अबूझमाड़ के 22 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के सामने हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर कर दिया। इन सभी पर 37 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वालों में कुतुल डीवीसीएम सुखलाल भी शामिल है। सरेंडर के अवसर पर नारायणपुर एसपी रॉबिंसन गुड़िया के साथ सीआरपीएफ के अफसर मौजूद रहे। दो दिन पहले दंतेवाड़ा जिले में एसपी के सामने 9 इनामी सहित 12 नक्सलियों ने सरेंडर किया था, जिसमें एक माओवादी दंपती भी शामिल था। बता दें कि पिछले महीने 22 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर आए थे। उन्होंने कहा कहा था कि नक्सलियों को इस बार बरसात में भी सोने नहीं देंगे। बारिश के दिनों में भी उनके खिलाफ एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी रहेगा। केंद्रीय गृहमंत्री के इस संदेश के बाद छत्तीसगढ़ में पहली बार मॉनसून के दौरान भी एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। बता दें कि, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से मार्च-2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय की है। बस्तर संभाग में सीआरपीएफ, स्पेशल टॉस्क फोर्स, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स, बस्तर फाइटर, कोबरा बटालियन, डीआरजी और पुलिस बल का जॉइंट ऑपरेशन चल रहा है। बस्तर संभाग के जिलों नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और कांकेर में लगातार नक्सल ऑपरेशन चल रहे हैं। बीहड़ जंगलों में फोर्स के कैंप खुलने से माओवादी संगठन बैकफुट पर हैं। हाल की मुठभेडों में केंद्रीय स्तर के कई नक्सली नेता मारे गए हैं। जिन पर करोड़ों रुपये के इनाम थे।

## कतर में अमेरिकी बेस पर गिरी थी ईरान की मिसाइल : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने पहली बार पुष्टि की है कि 22 जून को कतर में मौजूद उसके मिलिट्री एयरबेस पर ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल गिरी थी। पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पर्नेल ने शुक्रवार को कहा कि मिसाइल से बेस पर सामान और ढांचे को हल्का नुकसान हुआ है। लेकिन एयरबेस अभी भी पूरी तरह चालू है और अमेरिका अपने कतरी साझेदारों के साथ मिलकर क्षेत्रीय सुरक्षा मिशन को जारी रखे हुए है। ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस को निशाना बनाया था। उसने कुल 6 मिसाइलें दागी थीं। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने भी हमले की पुष्टि करते हुए बताया था कि उसने कतर में अमेरिका के बेस पर जवाबी मिसाइल हमला किया है। यह बयान एसोसिएटेड प्रेस की तरफ से जारी की गई



सैटेलाइट तस्वीरों के बाद आया। इनमें एयरबेस पर हमले का असर साफ दिखता है। तस्वीरों के मुताबिक, 23 जून की सुबह एयरबेस पर एक जियोडेसिक डोम मौजूद था, जो हमले के बाद पूरी तरह नष्ट हो चुका है। यह डोम एक सैटेलाइट कम्युनिकेशन टर्मिनल को ढंकता था। इस टर्मिनल को 2015 में 15 मिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया गया था। इसके अंदर एक सैटेलाइट डिश लगी हुई थी। जो अमेरिकी वायु सेना की 379वीं वायु अभियान शाखा के लिए कम्युनिकेशन सिस्टम का हिस्सा थी। हमले के बाद की तस्वीरों में दिखा कि यह नहीं है और पास की एक इमारत को भी नुकसान हुआ है। हालांकि, एयरबेस का बाकी हिस्सा काफी हद तक सुरक्षित दिखता है।

अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर 7 बी-2 बॉम्बर से हमला किया था। इनमें फोर्डो, नतांज और इस्फहान शामिल थे। ईरानी परमाणु ठिकानों पर मिसाइल गिराने के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्री और जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसमें जनरल डैन केन ने बताया कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट-हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा जेट शामिल हुए थे। अमेरिकी हमलों के बाद ईरान के परमाणु ठिकानों की सैटेलाइट तस्वीरें भी सामने आईं।

## टेक्सास में बाढ़ पीड़ितों से मिले ट्रंप, बोले- ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी, फेमा पर साधी चुप्पी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को टेक्सास के केरविल शहर का दौरा किया, जहां 4 जुलाई को आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। इस बाढ़ में अब तक कम से कम 120 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 170 से ज्यादा लोग लापता हैं। ट्रंप ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और राहत कार्यों में जुटे स्थानीय अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पहली बार भावुक लहजे में कहा कि उन्होंने ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी।

ट्रंप लंबे समय से फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी (फेमा) को खत्म करने की बात करते रहे हैं। लेकिन टेक्सास में भारी नुकसान देखने के बाद उन्होंने फेमा की भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके बजाय उन्होंने कहा कि हम जो भी कर सकते हैं, टेक्सास के लिए करेंगे। ट्रंप ने 8 और काउंटियों को डिजास्टर जोन घोषित कर, उन्हें फेडरल मदद दिलाने का ऐलान भी किया।ट्रंप ने केरविल में आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया और कहा कि यहां जो लोग खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं, वे अविश्वसनीय हैं। ऐसा काम शायद ही कोई कर पाए। उन्होंने 'कैंप मिस्टिक' का विशेष रूप से जिक्र किया, जहां 27 लड़कियों की मौत हुई। मेलानिया ट्रंप ने भी स्थानीय युवतियों से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें एक खास ब्रेसलेट भेंट किया, जो मृत बालिकाओं की याद में बनाया गया था। पहले के विपरीत इस दौरे में ट्रंप ने राजनीतिक बयानबाजी से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति की बात नहीं करना चाहता। हम यहां पीड़ितों के लिए आए हैं।

## ईरान ने 16 दिन में 5 लाख अफगानियों को निकाला, इजराइल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30,000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है। ईरान इजराइल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। जून में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिन चले सैन्य संघर्ष के बाद यह अभियान और तेज हो गया।

ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपए मांगे। फिर दो दिन डिटेंशन सेंटर में रखा। इस दौरान न खाना दिया गया और न ही पानी। बशीर के मुताबिक अधिकारी उसे गालियां देते थे। एक दूसरे युवक ने बताया कि उसके पिता को जासूसी के आरोप में पकड़कर बेड़ियों में बांधा गया। उन्हें खाना-पानी नहीं दिया गया और बाद में डिटेन करके अफगानिस्तान भेज दिया। द गार्जियन से बात करते हुए एक अफगान महिला ने बताया कि, ईरानी अधिकारी रात में आए। उन्होंने बच्चों के कपड़े तक नहीं लेने दिए। हमें कूड़े की तरह फेंक दिया। रास्ते में बैंक कार्ड से पैसे निकाल लिए। पानी की बोतल के 80 रुपए और सैंडविच के 170 रूपए वसूले।

यूएन के अनुसार, हर हफ्ते सैकड़ों बच्चों को बिना अभिभावकों के सीमा पर पाया जा रहा है। यूएन अधिकारी मिहयोंग पार्क ने सीएनएन से कहा कि यह संख्या चौंकाने वाली है। ईरान के सरकारी चैनल पर एक अफगान नागरिक को इजराइल के लिए



जासूसी कबूल करते दिखाया गया। उसने कहा कि उसे जर्मनी में रहने वाले एक अफगान ने कुछ जगहों की जानकारी देने के लिए कहा और 2 हजार डॉलर दिए। लेकिन उसका नाम, ठोस सबूत और प्रक्रिया कुछ भी नहीं बताया गया।

### शेख हसीना के करीबी अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के एक और नजदीकी पर गाज गिरी है। बांग्लादेश पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) ने बृहस्पतिवार आधी रात को प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अबुल बरकत को गिरफ्तार किया। उन पर एनॉनटेक्स समूह से जुड़े 297 करोड़ टका की हेराफेरी का आरोप है। वह हसीना कार्यकाल में सरकारी स्वामित्व वाले जनता बैंक के अध्यक्ष थे। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त नसीरुल इस्लाम ने बताया, हमने अबुल बरकत को एसीसी (भ्रष्टाचार विरोधी आयोग) मामले में आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया है। हम उन्हें एसीसी को सौंप देंगे। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, अवामी लीग के शासनकाल में अबुल बरकत सहित 30 लोगों के खिलाफ एनोंटेक्स नामक कंपनी द्वारा ऋण धोखाधड़ी के जरिये करोड़ों टका का गबन करने का मामला दर्ज किया गया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129